

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित जन जन की आवाज़



लखनऊ वर्ष : 5 अंक : 177 शनिवार, 8 अगस्त 2026 श्रावण माह, कृष्ण, दशमी, विक्रम संवत 2083 पृष्ठ : 12 मूल्य : 5 रुपया


## जिस दिन अमित शाह सदन में जवाब देंगे, आप सुन नहीं पाएंगे'

### विपक्षी दलों पर भड़क उठे किरेन रिजिजू

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** संसद के मॉनसून सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा दोनों ही सदनों में विपक्ष का हंगामा लगातार जारी है। हंगामे के कारण बार-बार संसद की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ रही है। गतिरोध दूर करने की सरकार की अब तक की हर कोशिश नाकाम रही है। विपक्ष राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मुद्दे पर चर्चा चाहता है। गृह मंत्री से संसद में बयान देने की मांग कर रहा है। वहीं, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने साफ तौर पर कहा है कि सदन में जिस मंत्री का काम होता है, वही जवाब देते हैं। विपक्ष यह तय नहीं करेगा कि कौन सा मंत्री कब आएगा। यह विपक्ष तय नहीं करता है। किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए ये भी कहा है कि जब गृह मंत्री अमित शाह सदन में जवाब देंगे तो विपक्ष उसे सुन नहीं पाएगा।

संसद में हंगामे के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर कड़ा हमला बोला। रिजिजू ने मुश्किलें बढ़ जाएंगी आप उनका जवाब सुन नहीं पाएंगे। सदन में जिस मंत्री का काम होता है, वही जवाब देते हैं। विपक्ष यह तय नहीं करेगा कि कौन सा मंत्री कब बोलने का मौका ही नहीं मिलता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हंगामा करते हैं और नए नेताओं को बोलने का मौका नहीं मिलता है। इसमें किसकी गलती है? परिसीमन और महिला आरक्षण बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। कांग्रेस के लोग इसका विरोध करते हैं। ये तो एक तरह से देश की महिलाओं के साथ धोखा है। हमारे संकल्प के बारे में तो सभी जानते हैं। कांग्रेस को महिला विरोधी होने के अपने इस रुख के कारण झेलना पड़ेगा।"



कहा- "नारेबाजी करना और हंगामा करना विपक्ष की आदत बन गई है। गृह मंत्री अमित शाह का नाम सुनते ही चरमपंथी और आतंकवादी भी कांप उठते हैं। जिस दिन गृह मंत्री सदन में अपना बयान देंगे, उस दिन विपक्ष की आएगा। यह विपक्ष तय नहीं करता है।" किरेन रिजिजू ने कहा, "सरकार के पास कई ऐसे महत्वपूर्ण बिल हैं, जिन्हें हम लेकर आ रहे हैं। मैं फिर से अपील करता हूं। कांग्रेस पार्टी के नए संसद जो चुनकर आए हैं, उन्हें आपको बता दें कि सरकार संसद में जल्द ही परिसीमन बिल को ला सकती है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार के पास इस बिल को लेकर पर्याप्त समर्थन मौजूद है।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, "संसद में चर्चा कम हो रही है। इसका कारण है कि विपक्ष और कांग्रेस पार्टी ने हंगामा करके नारेबाजी की।

## लोकसभा से भी पास हुआ एमएसएमई संशोधन विधेयक

### हंगामे के बीच बिना चर्चा मिली मंजूरी

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच शुक्रवार को "सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026" बिना चर्चा के ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसके साथ ही राज्यसभा से पहले ही पारित इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गई। पीठासीन अधिकारी ने एक बार के स्थगन के बाद दोपहर 12 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की, विपक्षी सदस्य चढ़ावा चोरी तथा छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे।

हंगामे के बीच आवश्यक पत्र सदन के पटल पर रखवाने के बाद उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी से "सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास (संशोधन) विधेयक, 2026" विचार एवं पारित करने के लिए सदन में पेश करवाया। पीठासीन अधिकारी ने विधेयक पर संशोधन देने वाले सदस्यों के नाम भी पुकारे, लेकिन हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने विधेयक को बिना चर्चा के सदन के



समक्ष रखा, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

विधेयक की विशेषता बताते हुए कहा गया है कि इसके पारित होने से एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए संयंत्र एवं मशीनरी या उपकरण में निवेश के साथ कारोबार को भी आधार बनाया जाएगा तथा इसकी सीमा केंद्र सरकार अधिसूचना के माध्यम से तय की जाएगी। सभी एमएसएमई के लिए पंजीकरण स्वैच्छिक होगा तथा केंद्र और राज्य सरकारें इसके लिए डिजिटल मंच अधिसूचित कर सकेंगी।

विधेयक में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए एमएसएमई से वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद के सभी बिलों का भुगतान ट्रेड रिसीवेबल्स डिस्काउंटिंग सिस्टम (टी-रीडीएस) के माध्यम से करना अनिवार्य किया गया है। केंद्र और राज्य सरकारें अन्य सार्वजनिक उपक्रमों, प्राधिकरणों एवं संस्थाओं के लिए भी यह व्यवस्था लागू कर सकेंगी।

## शेख हसीना के मीडिया संबोधन पर एमईए बोला- सरकार का कोई रोल नहीं

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत में हुए एक वर्चुअल मीडिया कार्यक्रम के बाद दोनों देशों के बीच नया राजनयिक विवाद खड़ा हो गया है। भारत आने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से बोलते हुए शेख हसीना ने बांग्लादेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर कई तीखे बयान दिए। इसके बाद ढाका ने भारत के सामने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय (एमईए) ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम से भारत सरकार का कोई लेना-देना नहीं है।

## भाई अबान की मिट्टी में शामिल होने के लिए अली और उमर को मिली पैरोल

एजेंसी न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भाई अबान अहमद की मिट्टी में शामिल होने के लिए जेल में बंद अली अहमद और उमर अहमद को पेरोल पर रिहा करने का आदेश दिया है। शुक्रवार को बुआ परवीन कुरैशी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट और न्यायमूर्ति दिवेश चंद्र समंत ने दिया है। एक घंटे तक दोनों अपने छोटे भाई और परवीन कुरैशी से मिल सकेंगे। प्रशासन व्यवस्था करेगा। इसके बाद दोनों को सुरक्षित जेल पहुंचाएंगे। बता दें कि अली अहमद झांसी और उमर अहमद लखनऊ की जेल में बंद है।

## ई- नीलामी में समय से पहले पोर्टल बंद करना अवैधानिक

एजेंसी न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि ई-नीलामी में तय समय से पहले पोर्टल बंद कर बोलीदाता को शेष अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (ईएमडी) जमा करने से रोकना पूरी तरह मनमाना और अवैध है। इस टिप्पणी संग न्यायमूर्ति महेश चंद्र त्रिपाठी और न्यायमूर्ति कुणाल रवि सिंह की खंडपीठ ने चंद्रा फैब्रिक्स प्रा. लि. की याचिका स्वीकार करते हुए पहले से जमा ईएमडी जब्त करने वाला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) का आदेश रद्द कर दिया।

## ऑटो में बैठे पांच लोग पानी से भरे गड्ढे में डूबे

एजेंसी न्यूज

**आगरा।** आगरा में शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर जलभराव के बीच से गुजर रहा ऑटो गड्ढे में जाकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे ऑटो में बैठे पांच लोग पानी से भरे गड्ढे में गिर गए। मौके पर चीखपुकार मच गई। मौके पर मौजूद लोगों को गड्ढे से बाहर निकाल लिया। एक किशोरी की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना एत्माद्दौला के पीलाखार की पुलिया के पास नगला बिहारी गांव में सड़क पर जलभराव हो रखा था।

## शून्य अंक पाने वाले छात्र की याचिका खारिज

एजेंसी न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बीए एलएलबी नौवें सेमेस्टर के एक छात्र की याचिका खारिज कर दी है। छात्र को बायोडायवर्सिटी प्रोटेक्शन लॉ विषय में शून्य अंक मिले थे। कोर्ट ने इस दौरान देश में कानूनी शिक्षा के स्तर पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से पूछा सवाल

### आप जंतर मंतर को बंद क्यों नहीं कर देते ?



एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार से पूछा कि जंतर मंतर क्षेत्र को प्रदर्शन स्थल के रूप में बंद क्यों नहीं किया जा रहा है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि शहर को अनावश्यक रूप से प्रदर्शनों से बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए। अदालत अखिल भारतीय दलित ईसाई अधिकार संरक्षण समिति की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में दिल्ली पुलिस को जंतर मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति देने का निर्देश मांगा गया था। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने बताया कि अधिकतम 75 लोग प्रदर्शन में शामिल होंगे और पुलिस जुलाई से आवेदन पर कोई फैसला नहीं कर रही है। न्यायमूर्ति महाजन ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा से पूछा, आप इसे बंद क्यों नहीं कर देते? मेरे अनुसार शहर के बीच में इस तरह की गतिविधियां नहीं होनी चाहिए। शहर को अनावश्यक रूप से क्यों बंधक बनाया जाए? उन्होंने कहा कि यह सरकार का फैसला है, लेकिन शहर को इस तरह परेशान नहीं किया जाना चाहिए। एएसजी शर्मा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले में पहले से ही सुनवाई कर रहा है कि जंतर मंतर को प्रदर्शन स्थल घोषित किया जाए या नहीं।

## शादी का झांसा देकर शोषण, सिपाही समेत छह पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

एजेंसी न्यूज

**गोंडा।** यूपी के गोंडा में शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने, कोर्ट मैरिज के बाद दहेज की मांग करने और प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। मामले में करनैलगंज कोतवाली में तैनात सिपाही रवि प्रकाश समेत छह लोगों के खिलाफ महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

सीतापुर जिले की रहने वाली युवती ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। इसमें आरोप लगाया कि लखीमपुर खीरी जिला निवासी रवि प्रकाश 2020 में उसके संपर्क में आया। शादी का भरोसा देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा।

## भाई भतीजवाद को लेकर आपस में भिड़े कॉकरोच

एजेंसी न्यूज

**मुंबई।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की कोर कमेटी को लेकर विवाद सामने आया है। अभिजीत दीपके के घर के बाहर पहुंचे कुछ युवाओं ने पार्टी नेतृत्व पर परिवारवाद और पक्षपात के आरोप लगाए हैं। इसके साथ ही जंतर-मंतर छात्र आंदोलन से जुड़े सभी कोऑर्डिनेटर्स को प्रतिनिधित्व देने की मांग की है।

प्रदर्शन कर रहे युवाओं का दावा है कि वे जंतर मंतर पर हुए छात्र आंदोलन की शुरुआत से ही सक्रिय रहे और आंदोलन में कोऑर्डिनेटर की भूमिका निभाई। आरोप है कि हाल ही में आयोजित कोर कमेटी की बैठक में केवल अभिजीत दीपके के करीबी और पहचान वाले लोगों को बुलाया गया जबकि आंदोलन से जुड़े कई कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर दिया गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह किसी एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे देश के युवाओं का आंदोलन था। उनका दावा है कि जंतर मंतर आंदोलन से करीब 450 लोग कोऑर्डिनेटर के रूप में जुड़े थे लेकिन उन्हें बैठक में शामिल नहीं किया गया। युवाओं ने यह भी आरोप लगाया कि देर रात तक पार्टी प्रवक्ता आशुतोष रांका से बैठक और आंदोलन को लेकर बातचीत होती रही लेकिन उन्होंने इस संबंध में कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि वे अभिजीत दीपके के घर के बाहर अनशन पर बैठेंगे और जब तक आंदोलन से जुड़े सभी युवाओं को उचित प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाता, तब तक उनका धरना और अनशन जारी रहेगा।

> **हम तब तक यहीं बैठे रहेंगे जब तक टीम फैसला नहीं ले लेती कि सभी फैसले लोकतांत्रिक तरीके से लिए जाएंगे। बिना किसी भाई-भतीजावाद या पक्षपात के। हर राज्य के प्रतिनिधियों को कोर कमेटी की बैठक में शामिल किया जाए।**
>
> *मनीष ब्रह्मभट्ट, सीजेपी कार्यकर्ता*



सीजेपी कार्यकर्ता मनीष ब्रह्मभट्ट ने मीडिया से बातचीत में कहा,"एक ग्रुप बनाया गया है और सभी इस बात से सहमत हैं कि अगर चीजें लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ें, तो इससे देश का भला होगा। हमें आपके सामने यह बयान देने की जरूरत नहीं थी, हमें इसका बुरा लग रहा है। लेकिन जब तक हम आवाज नहीं उठाते, हमारी बात सुनी नहीं जाती। हमें यह बात देर रात करीब 1:00 बजे महसूस हुई और तभी हमें यह कदम उठाना पड़ा। आज से हम तब तक अन्न-जल त्याग रहे हैं जब तक कि लोकतांत्रिक तरीके से टीम बनाकर सभी फैसले पारदर्शी रूप से नहीं लिए जाते। तब तक हम इस आंदोलन को देश का सच्चा आंदोलन नहीं कह सकते।

मनीष ब्रह्मभट्ट ने कहा, "मेरा मकसद और यहाँ बैठे 100, 200 या 500 लोगों समेत सभी साथियों का मकसद साफ है।

## सपा पर बरसे योगी: परिवारवाद, दंगे और पेपर लीक को लेकर साधा निशाना

एजेंसी न्यूज

**अंबेडकरनगर।** अंबेडकरनगर के गोविंद साहब में शुक्रवार को आयोजित जनसभा से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी पर परिवारवाद, कानून व्यवस्था, सरकारी भर्तियों और दंगों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में योग्यता के बजाय भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हावी था, जबकि वर्तमान सरकार विकास, रोजगार और सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा पिछड़ों और युवाओं की बात करती है, लेकिन उसके शासनकाल में उनके हितों की अनदेखी हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय सरकारी भर्तियों में पारदर्शिता नहीं थी और प्रश्नपत्र खरीदने, घर ले जाकर परीक्षा लिखने तथा गांव-गांव नौकरी बेचने जैसी शिकायतें सामने आती थीं। उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार अब तक नौ लाख से अधिक युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत सरकारी नौकरी दे चुकी है।

योगी ने कहा कि सपा शासन में बालू, भूमि, वन और पशु माफिया सक्रिय थे। अपराधियों को



राजनीतिक संरक्षण मिलता था। सपा के झंडे के सहारे अवैध वसूली और दबंगई होती थी। इससे व्यापारी भय के माहौल में रहते थे। अब सरकार माफिया और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अलीगढ़, मथुरा, लखनऊ और कानपुर में हुए दंगों का उल्लेख करते हुए उन्होंने सपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि अब प्रदेश की पहचान 'नो कर्फ्यू, नो दंगा' के रूप में बनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) योजना से स्थानीय उत्पादों को नई पहचान मिली है। इससे किसानों, कारीगरों तथा छोटे उद्यमियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने सपा और कांग्रेस पर ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए महाराजा सुहेलदेव, वीरांगना ऊदा देवी, रानी दुर्गावती, अवंतीबाई लोधी, महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास, डॉ. भीमराव आंबेडकर, छत्रपति साहूजी महाराज और ज्योतिबा फुले से जुड़े स्थलों के विकास का उल्लेख किया।

## अस्पताल में भर्ती मिथुन चक्रवर्ती; हुई सर्जरी



**कोलकाता।** दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की हाल ही में मेटल प्लेट हटाने के लिए सर्जरी हुई है। अब उनकी हालत स्थिर है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने आज सुबह अस्पताल में अभिनेता से मुलाकात की। उन्होंने एक्टर के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। सीएम ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें भी साझा की हैं। मिथुन चक्रवर्ती एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। बीते दिन गुरुवार को उनकी सर्जरी हुई, जिसमें उनकी मेटल प्लेट को हटाया गया। ऑपरेशन सफल रहा और अभिनेता की हालत स्थिर है। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ने मिथुन से मुलाकात की तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से साझा की हैं।

## मक्का समझौते पर सऊदी-पाकिस्तान और तुर्किये के हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और अनिश्चितता के बीच एक बहुत बड़ी खबर सामने आई है। सऊदी अरब, पाकिस्तान और तुर्किये ने आपस में एक बड़ा रक्षा समझौता किया है। इसे 'मक्का पैक्ट' का नाम दिया गया है। इस समझौते के तहत तीनों देशों ने एलान किया है कि किसी भी एक देश पर हमला तीनों देशों पर हमला माना जाएगा। इस बड़े सैन्य गठबंधन के बनते ही पूरी दुनिया में हलचल तेज हो गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने भी इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि भारत इस पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है।

यह त्रिपक्षीय रक्षा समझौता मक्का शहर में आयोजित एक साझा रक्षा शिखर सम्मेलन के दौरान हुआ। इस बैठक में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान, तुर्किये के राष्ट्रपति रजब



तैयब एर्दोगन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शामिल हुए। शहबाज शरीफ उमराह करने के बाद इस सम्मेलन में पहुंचे थे। तीनों देशों के जारी संयुक्त बयान में कहा गया है कि यह समझौता उनके पुराने ऐतिहासिक, धार्मिक और रणनीतिक संबंधों पर आधारित है। इसका मुख्य उद्देश्य तीनों देशों की सुरक्षा को मजबूत करना और किसी भी बाहरी हमले को रोकना है।

### इस नए सैन्य गठबंधन की बड़ी बातें

किसी भी एक देश पर हुआ सशस्त्र हमला बाकी दोनों देशों पर हमला माना जाएगा।

तुर्किये के पास नाटो की दूसरी सबसे बड़ी सेना है, सऊदी अरब के पास अकूत पैसा और तेल है, वहीं पाकिस्तान एक परमाणु संपन्न देश है।

पाकिस्तान और तुर्किये उन्नत हथियार और ड्रोन बनाएंगे, जबकि सऊदी अरब इसमें भारी निवेश करेगा।

तुर्किये के अधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह पूरी तरह रक्षात्मक समझौता है और यह किसी देश के खिलाफ नहीं है।

पाकिस्तान ने पहले से ही सऊदी अरब में हजारों सैनिक, लड़ाकू विमान, ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम तैनात कर रखे हैं।

## 'पीडीए का मतलब, पीट देगा अहीर-पीट देगा अल्पसंख्यक', ओपी राजभर का सपा पर तीखा हमला

एजेंसी न्यूज

**अंबेडकरनगर।** यूपी के अंबेडकरनगर में गोविंद साहब में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के पीडीए समीकरण पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सपा के राजनीतिक नारे पर तंज कसते हुए कहा कि पीट देगा अहीर, पीट देगा अल्पसंख्यक। सपा जिस पीडीए की बात कर रही है, उसमें परिवारवाद हावी है।



प्रभारी मंत्री ने सपा नेताओं के पेपर लीक के आरोपों पर भी पलटवार किया। उन्होंने कहा कि आज सपा के नेता दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश तक पेपर लीक की बात कर रहे हैं। जबकि, उनकी सरकार के समय परीक्षाओं में नकल का बोल-बाला था। उस दौर में प्रश्नपत्र खरीदकर खेतों में बैठकर परीक्षा लिखने और पेपर लेकर घर चले जाने तक की बातें सामने आती थीं।

ओमप्रकाश राजभर ने आरोप लगाया कि सपा सरकार के दौरान पार्टी के नेता गांव-गांव घूमकर नौकरियां बेचने का काम करते थे। आज वही लोग भर्ती प्रक्रिया और पेपर लीक को लेकर सवाल उठा रहे हैं। वर्तमान में सरकार की भर्ती प्रक्रिया का जिक्र करते हुए दावा किया कि बिना रिश्वत लिए करीब 09 लाख सरकारी नौकरियां देने का काम किया गया है।

## एक नजर

### मनौना में खराब ट्रक से आधे घंटे जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार

**आंवला।** आंवला-बिसौली मार्ग पर स्थित मनौना गांव में शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे एक ट्रक अचानक खराब हो जाने से सड़क पर करीब आधे घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंवला-बिसौली मार्ग पर वाहनों का आवागमन सामान्य दिनों में भी काफी अधिक रहता है। ट्रक के बीच सड़क पर खराब होने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। जाम में छोटे-बड़े वाहन, बसें और दोपहिया वाहन काफी देर तक फंसे रहे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और खराब ट्रक को सड़क से हटवाने की व्यवस्था कराई। इसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आवागमन पूरी तरह सुचारु हो गया। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

# भमोरा तिराहे पर डिवाइडर से टकराई रोडवेज बस, कई यात्री हुए चोटिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भमोरा/आंवला।** बरेली-बदायूं मार्ग पर भमोरा तिराहे के पास शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे मथुरा डिपो की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। तेज झटके से कई यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जबकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है। प्राथमिक उपचार के बाद अधिकांश यात्री दूसरे वाहनों से अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस जैसे ही भमोरा तिराहे के पास पहुंची, चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और बस सीधे डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि यात्री सीटों से उछल पड़े और बस में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। हादसे में घायल पीलीभीत जिले के माधवपुर निवासी सुभाष सरकार और मुनेंद्र सरकार ने बताया कि वे मथुरा से पीलीभीत जा रहे थे। भमोरा तिराहे के पास अचानक बस डिवाइडर से टकरा गई, जिससे कई यात्रियों को चोटें आईं। हालांकि किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं लगी। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए बरेली-बदायूं मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा। सूचना पर स्थानीय लोगों ने राहत कार्य में सहयोग किया।

> ▸ मथुरा डिपो की बस अनियंत्रित होने से हादसा, बड़ा हादसा टला, कांवड़ियों के गुजरने से पहले हुई दुर्घटना

बाद में क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सावन माह के कारण इस मार्ग से लगातार कांवड़ियों के जत्थे गुजर रहे हैं। हादसे के कुछ ही देर बाद एक बड़ा कांवड़ जत्था भी इसी मार्ग से निकला। लोगों का कहना है कि यदि दुर्घटना के समय कांवड़िए वहां मौजूद होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने रोडवेज बसों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित कराने और तेज गति पर प्रभावी नियंत्रण की मांग की।

## दो करोड़ की ठगी के आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाने की मांग

**बरेली।** करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में पीड़ितों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) से शिकायत कर चार नामजद आरोपियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई और संपत्ति कुर्क करने की मांग की है। पीड़ितों का आरोप है कि आरोपियों ने निवेश के नाम पर करीब दो करोड़ रुपये की ठगी की है।प्रार्थना पत्र के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ थाना बारादरी, सुभाषनगर और प्रदेश के विभिन्न जिलों में पहले से कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके बावजूद आरोपी नई-नई कंपनियां बनाकर संगठित गिरोह के रूप में धोखाधड़ी कर रहे हैं। पीड़ितों ने एसएसपी से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 3(1)/2बी(1) के तहत एफआईआर दर्ज की जाए और उनकी संपत्तियां कुर्क कर पीड़ितों की डूबी रकम वापस दिलाई जाए।

# युवक की मौत की वजह अस्पष्ट, बिसरा सुरक्षित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** भाकियू (टिकैत) तराई क्षेत्र के एक युवा पदाधिकारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी साफ नहीं हो सकी। सही वजह की जानकारी के लिए बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है।


मृतक शोएब।

मालूम हो, भाकियू के तराई क्षेत्र के प्रदेश महासचिव शोएब अपने दो दोस्तों के साथ कहीं गये थे। बताया जाता है कि वापसी के वक्त अचानक तीनों की तबियत बिगड़ने लगी। दोनों दोस्त अपने घरों को चले गए और शोएब अपने घर आ गये। गुरूवार शाम जब शोएब की हालत ज्यादा नाजुक होने लगी तो परिजन उन्हें इलाज वास्ते महानगर के एक निजी अस्पताल ले गये जहाँ इलाज के दौरान ही उनकी सांसें थम गईं। उधर, शोएब के दोनों साथी नदीम खान और नदीम मंसूरी भी बेहोशी की हालत में पहुंचने लगे तो उनके परिवार वाले भी उन्हें लेकर बरेली दौड़े। मामले की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं हो सकी है इसलिए बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। बाकी दोनो दोस्तों की हालत में सुधार बताया जाता है।

# पीलीभीत बाईपास पर बनेगी विश्वस्तरीय टाउनशिप, बीडीए ने 117 हेक्टेयर भूमि खरीदकर किसानों को दिए 560 करोड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** पीलीभीत बाईपास क्षेत्र को आधुनिक और सुनियोजित शहरी विकास का नया केंद्र बनाने की दिशा में बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) ने बड़ी पहल की है। प्राधिकरण यहां विश्वस्तरीय टाउनशिप विकसित करने की महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम कर रहा है। इसके तहत अब तक 258 बैनामों के माध्यम से 117 हेक्टेयर भूमि खरीदकर किसानों को लगभग 560 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।



बीडीए के अनुसार ग्राम कुम्हरा, नवदिया कुर्मियान, अडूपुरा जागीर, आसपुर खूबचंद, वरकापुर, हरहरपुर, कलापुर, अहिलादपुर और मोहरिया में भूमि क्रय की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूरी की जा रही है। किसानों को निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध भुगतान किया जा रहा है, जिससे उनके बीच प्राधिकरण के प्रति विश्वास बढ़ा है। प्रस्तावित टाउनशिप में आधुनिक आवासीय एवं वाणिज्यिक क्षेत्र, चौड़ी सड़कें, पार्क, हरित क्षेत्र, अत्याधुनिक जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था, वर्षा जल निकासी, स्मार्ट स्ट्रीट लाइटिंग, सामुदायिक सुविधाएं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा संस्थानों के लिए स्थान तथा खेल और मनोरंजन क्षेत्र विकसित किए जाएंगे। प्राधिकरण का मानना है कि इस परियोजना से जनपद की बढ़ती आवासीय

> ▸ 258 बैनामों के जरिए भूमि क्रय पूरी, आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी नई आवासीय परियोजना

जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ क्षेत्र में निवेश, व्यापार और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलने के साथ आसपास के क्षेत्रों का आधारभूत विकास भी तेज होगा। बीडीए ने कहा है कि परियोजना को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाएगा, ताकि पीलीभीत बाईपास की यह नई टाउनशिप आधुनिक नगरीय विकास और पर्यावरणीय संतुलन का आदर्श मॉडल बनकर बरेली की नई पहचान स्थापित कर सके।

## 151 शिवभक्त कछला घाट के लिए रवाना

**बिशारतगंज/आंवला।** कस्बे से गुरुवार रात करीब 10 बजे 151 शिवभक्तों का जत्था कछला घाट से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु कछला घाट से गंगाजल लेकर पैदल यात्रा करते हुए सोमवार को गुलड़िया स्थित गौरीशंकर शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। पूर्व अध्यक्ष सूरजपाल मौर्य ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बिशारतगंज कस्बे तथा पड़ोसी गांव जैतपुर शरिफपुर के 151 शिवभक्त कांवड़ यात्रा पर निकले हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं का जत्था जैतपुर शरिफपुर निवासी पप्पू पुजारी के नेतृत्व में कछला घाट के लिए रवाना हुआ है। कस्बे में शिवभक्तों के जत्थे का विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

# यूएसडीटी खरीदने के बहाने साइबर ठगी पीड़ित ने जाल बिछाकर आरोपी को पकड़वाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** क्रिप्टो करेंसी (यूएसडीटी) खरीदने के नाम पर साइबर ठगी का एक अनोखा मामला सामने आया है। व्हाट्सएप कॉल और मैसेज के जरिए ठग ने ट्रस्ट वॉलेट से 498 यूएसडीटी पार कर दिए। ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी को बरेली बुलाया और स्थानीय लोगों की मदद से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि साइबर अपराध में समझौता कानूनी कार्रवाई को समाप्त नहीं करता।

> ▸ ट्रस्ट वॉलेट से 498 यूएसडीटी उड़ाए, क्रिप्टो लौटाने के बाद भी साइबर अपराध में कार्रवाई जारी

बहेड़ी के गांव सिमरा निवासी जीशान हाशमी ने पुलिस को बताया कि 5 अगस्त को एक व्यक्ति ने व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क कर यूएसडीटी खरीदने की बात कही। आरोपी ने एक क्यूआर कोड भेजा और एक यूएसडीटी ट्रांसफर करने को कहा। आरोप है कि क्यूआर कोड स्कैन करते ही उनके ट्रस्ट वॉलेट में मौजूद सभी 498 यूएसडीटी गायब हो गए। ठगी का पता चलने के बाद जीशान ने आरोपी को फोन कर कहा कि उसके पास और भी यूएसडीटी हैं। इस झांसे में आकर आरोपी बारादरी क्षेत्र की सिंधुनगर कॉलोनी से मिलने पहुंच गया। जैसे ही उसने दोबारा ट्रांजेक्शन कराने की कोशिश की, पीड़ित ने स्थानीय लोगों की मदद से उसे पकड़ लिया और डायल-112 पर सूचना देकर पुलिस को बुला लिया। पुलिस आरोपी को इज्जतनगर थाने ले गई, जहां उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार बाद में आरोपी ने कथित तौर पर पीड़ित की क्रिप्टो करेंसी वापस कर दी और दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। इज्जतनगर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि साइबर फ्रॉड जैसे मामलों में आपसी समझौता कानूनी कार्रवाई का आधार नहीं बन सकता। आरोपी को नोटिस तामील करा दिया गया है और मामले में नियमानुसार जांच एवं विधिक कार्रवाई जारी है।

# कटका भरत लिंक रोड बदहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भमोरा/आंवला।** कटका भरत से बल्लिया, नौगवां ठाकुरान, देवचरा समेत करीब एक दर्जन गांवों को जोड़ने वाली मुख्य लिंक रोड बदहाली का शिकार है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए सफर जोखिम भरा हो गया है।



आए दिन बाइक सवार फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि स्कूली बच्चों, किसानों और नौकरीपेशा लोगों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का पता नहीं चल पाता, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना रहता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक संतुलन खोकर गिर चुके हैं। लोगों का कहना है कि खराब सड़क के कारण रोजाना समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से जल्द सड़क का निर्माण कराने और जल निकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि कटका भरत लिंक रोड का सर्वे पूरा हो चुका है। विभागीय औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## दहेज हत्या के वांछित पिता-पुत्र गिरफ्तार

**मीरगंज।** मीरगंज पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में दो महीने से फरार चल रहे दो वांछित आरोपियों को शुक्रवार को नौसना पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी मण्डनपुर निवासी रामेश्वर दयाल और उसके पिता वीरपाल हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।मामला 13 जून 2026 का है, जब मण्डनपुर निवासी हेमवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के पिता वेदप्रकाश (निवासी शाही) ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। शुक्रवार को पुलिस ने फरार पिता-पुत्र को दबोच लिया, हालांकि पूछताछ में उन्होंने घटना से इनकार किया है।

# संत रविदास की 650वीं जयंती पर निकाली कलश यात्रा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आंवला।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में शुक्रवार को आंवला नगर में भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालुओं के साथ कलश पूजन एवं वंदन किया तथा संत गुरु रविदास महाराज के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा

कस्बे के मोहल्ला विलायतगंज के दुर्गा मंदिर से आरम्भ हुई शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होकर गुजरी। स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की।



मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज ने अपने जीवन से प्रेम, समानता, सामाजिक समरसता और मानव सेवा का जो संदेश दिया, वह आज भी पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने जाति-पांति और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त कर मानवता, भाईचारे और समानता का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी समाज को जोड़ने और नई दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि संत रविदास के आदर्श केवल किसी एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए मार्गदर्शक हैं। वर्तमान समय में उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सामाजिक समरसता, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से संत रविदास के विचारों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए

> ▸ 650वीं जयंती वर्ष पर आंवला में निकली भव्य कलश वंदन यात्रा, मंत्री ने श्रद्धालुओं के साथ किया पूजन-अर्चन

कहा कि सभी मिलकर समरस, विकसित और सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प लें। कलश वंदन यात्रा में नगर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, समाज के गणमान्य लोग तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। पूरे मार्ग पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से संत रविदास महाराज का गुणगान किया और जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान रामनिवास मौर्य, अनमोल गुप्ता, प्रभाकर शर्मा, रामदीन सागर, रजत राज प्रेमी, ऊषा सतीजा, सचिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**बोर्ड बैठक** | महंगाई भत्ता 60% स्वीकृत, सड़क, जलापूर्ति, मल्टी-लेवल पार्किंग, स्वच्छता और ODF++ की दिशा में अहम फैसले

# बरेली छावनी बोर्ड की बैठक में विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई प्रस्ताव मंजूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली छावनी बोर्ड की साधारण बैठक गुरुवार को अध्यक्ष ब्रिगेडियर ए.पी.एस. भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. तनु जैन एवं नामित सिविल सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल सहित अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में नागरिक सुविधाओं के विस्तार, बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक शहरी विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में छावनी बोर्ड के कर्मचारियों के लिए 1 जनवरी 2026 से 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता तथा पेंशनरों के लिए 60 प्रतिशत महंगाई राहत स्वीकृत की गई। इसके अलावा लेखा नगर



में इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण, वृंदावन गेस्ट हाउस की मरम्मत, सदर बाजार में पैदल मार्गों के सुधार, प्री-कास्ट ड्रेन कवर स्लैब लगाने, डेकोरेटिव इलेक्ट्रिक पोल स्थापित करने तथा विभिन्न स्थानों पर रोड साइन, जेब्रा क्रॉसिंग और रोड मार्किंग कराने के प्रस्ताव भी पारित किए गए। बोर्ड ने प्रशासनिक कार्यों को तकनीक से जोड़ने के लिए फाइल कॉम्पैक्टर, ऑनलाइन यूपीएस, सीसीटीवी स्टोरेज सिस्टम, नए स्वच्छता वाहन तथा ट्री प्रूनिंग मशीन खरीदने की मंजूरी दी। वहीं, ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड को SCADA आधारित जलापूर्ति प्रणाली के आधुनिकीकरण, मल्टी-लेवल पार्किंग, आर.एन. टैगोर इंटर कॉलेज में नए अकादमिक ब्लॉक और आधुनिक ऑडिटोरियम जैसी परियोजनाओं की डीपीआर और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी का कार्य सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में GeM पोर्टल के माध्यम से आउटसोर्स मानवबल उपलब्ध कराने, पुनर्चक्रण योग्य कचरे की नीलामी, ODF++ प्रमाणन के लिए आवेदन तथा कारगिल चौक के पुनर्विकास के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने को भी मंजूरी दी गई। वहीं मिनी हाई-मास्ट लाइट, गार्डन बेंच, धोपेश्वर नाथ मंदिर तालाब के पुनर्जीवन और बैटरी संचालित मिनी रोड स्वीपर जैसे प्रस्तावों को विस्तृत तकनीकी परीक्षण के बाद अगली बैठक में विचार के लिए स्थगित कर दिया गया। छावनी बोर्ड ने कहा कि इन निर्णयों से नागरिक सुविधाओं का आधुनिकीकरण होगा और छावनी क्षेत्र को स्वच्छ, सुरक्षित, हरित तथा तकनीक-सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड विज्ञापन दर
रूपये - 500/-
साईज 40 SQCM (कलर)
अपने विज्ञापन अब देश भर में पहुंचाएं
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें:
7579849555, 9627739857
9997745413

**एक नजर**

### धान निराई के दौरान सांप ने डसा, मौत

**बरेली।** शीशगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कैमरिया में खेत पर धान की निराई कर रहे एक किसान की सांप के डसने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार ग्राम कैमरिया निवासी पातीराम पुत्र घासीराम (42) गुरुवार को अपने खेत में धान की निराई कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर निकले, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी ने 7 अगस्त को शीशगढ़ थाने में घटना की सूचना देते हुए प्रार्थना पत्र दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

# उर्स के दृष्टिगत डीएम एवं एसएसपी ने दल-बल के साथ किया फ्लैग मार्च

## सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी के दिए निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** जनपद में चल रहे आला हजरत उर्स के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने संयुक्त रूप से पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पैदल गस्त किया और आमजन एवं देश-विदेश से आए जायरीनों को शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया। अधिकारियो द्वारा इस्लामिया ग्राऊंड,दरगाह मार्ग,बिहारीपुर चौकी,इस्लामिया मार्केट, पटेल चौक आदि सभी आस-पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया, इस दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती तथा संवेदनशील क्षेत्रों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर प्रभावी निगरानी बनाए रखने तथा संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। पैदल गस्त के दौरान अधिकारियों ने जायरीनों,स्थानीय नागरिकों एवं दुकानदारों से संवाद स्थापित किया तथा उन्हें सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि उर्स के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा उर्स के दौरान जायरीनों एवं आमजन की सुरक्षा तथा सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा लगातार क्षेत्र में भ्रमण एवं निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में शांति एवं सौहार्द बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसएसपी ने निर्देशित किया कि उर्स के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए तथा कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। पैदल मार्च में एसपी सिटी मानुष पारीख, एसपी ट्रैफिक अकमल खान, एडीएम सिटी अविनाश त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारी एवं पुलिस बल सम्मिलित रहें।

### छज्जे के विवाद में हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बरेली।** मीरगंज थाना पुलिस ने ग्राम जाम में छज्जा निकालने के विवाद में हुई हत्या के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अनोखे (पुत्र कल्याण उर्फ कल्लू, निवासी ग्राम जाम) को चुरई चौराहे से दबोचा।मामला 25 मई 2026 का है, जब पड़ोसी पक्षों में छज्जा निकालने को लेकर खूनी संघर्ष हुआ था। घटना में गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण स्वरूप की उपचार के दौरान मौत हो गई थी, जिसके बाद कुंवरपाल की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाई गई थी। प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि आरोपी घटना के बाद से गिरफ्तारी के डर से छिपा हुआ था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



# नवागत मण्डलायुक्त शंभू कुमार ने संभाला कार्यभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार वर्ष 2010 बैच के वरिष्ठ भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी शंभू कुमार ने विगत दिवस देर रात्रि बरेली मण्डल के नए मंडलायुक्त के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के उपरांत प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इससे पूर्व शंभू कुमार पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात थे। वह शासन स्तर और विभिन्न जनपदों में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। मण्डलायुक्त शंभू कुमार ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और कानून एवं शांति व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

# मंडलायुक्त ने निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण





जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मंडलायुक्त शम्भू कुमार ने शुक्रवार नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अलखनाथ मंदिर में निर्माणाधीन यात्री विश्रामगृह मे कार्य अभी तक चल रहा है, जिस पर कार्यदाई संस्था यू.पी.पी.सी.एल के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि जो भी कार्य निर्माणाधीन है उसे नवंबर तक पूर्ण कर ले तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ ना किया जाए।

उन्होंने पर्यटन अधिकारी को भी निर्देश देते हुए कहा कि जो भी निर्माणाधीन कार्य चल रहे हैं इसका लगातार निरीक्षण करते रहें तथा कार्य योजना भी प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य होते जा रहे हैं उस कार्य परिसर की साफ- सफाई भी शीघ्र कराई जाए तथा मंदिरों के द्वार को ऐसा सजाया जाए जो देखने में आकर्षक लगे तथा मंदिरों में श्रद्धालुओं के रुकने हेतु धर्मशाला का भी निर्माण शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये और कार्य ऐसा करें जो कि लंबे समय तक मजबूती से चले। इसके पश्चात मंडलायुक्त द्वारा मंदिर पर स्थित फोकस वॉल का भी निरीक्षण किया गया जहां पर कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए की फोकस वाल का निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराया जाए। इसके पश्चात मंडलायुक्त द्वारा त्रिवटीनाथ मन्दिर मे जलाभिषेक कर पूजा अर्चना भी की गयी।

### सूदखोरी का विरोधः युवक का अपहरण व मारपीट

**बरेली।** थाना किला क्षेत्र के ब्रजेश चंद्र राना ने सूदखोरी का विरोध करने पर अपहरण और मारपीट का आरोप लगाते हुए एसएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है।

पीड़ित ने बताया कि दो वर्ष पूर्व सुमित सक्सेना से 10% ब्याज पर 15 हजार रुपये लिए थे, जिसे दिसंबर 2025 में चुका दिया था।इसके बावजूद आरोपी दो लाख रुपये की मांग कर रहा था। आरोप है कि 1 अगस्त 2026 को आरोपियों ने तमंचे के बल पर सिटी स्टेशन रोड से ब्रजेश का अपहरण किया और डीडीपुरम के एक रेस्टोरेंट में ले जाकर पीटा। वहां जबरन वीडियो बनाकर 15 अगस्त तक रुपये न देने पर हत्या की धमकी दी।

# साइबर ठगी के शिकार बुजुर्ग को मिली बड़ी राहत, पुलिस ने लौटाए 5.50 लाख रुपये

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में पीड़ित को बड़ी राहत दिलाते हुए 8 लाख रुपये में से 5.50 लाख रुपये उसके खाते में वापस करा दिए हैं। शेष धनराशि की बरामदगी के लिए पुलिस प्रयासरत है। पुलिस के अनुसार, 18 जून 2026 को सिविल लाइंस स्थित एलए अपार्टमेंट निवासी नरेशचंद्र सूद ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर व्हाट्सएप के माध्यम से संपर्क किया। आरोपी ने बैंकिंग सेवा के नाम पर आधार कार्ड, पैन कार्ड, ओटीपी सहित अन्य गोपनीय जानकारी हासिल कर उनके खाते से 8 लाख रुपये निकाल लिए। शिकायत के आधार पर थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक (अपराध) के निर्देश पर साइबर थाना पुलिस ने एमएचए के साइबर पोर्टल, संबंधित बैंकों और अन्य एजेंसियों के सहयोग से मनी ट्रेल का पीछा किया। लगातार प्रयासों के बाद 5.50 लाख रुपये पीड़ित के खाते में रिवर्स करा दिए गए। पुलिस ने बताया कि शेष राशि एटीएम के माध्यम से निकाली गई है, जिसकी बरामदगी के लिए कार्रवाई जारी है। साइबर पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक खाता, ओटीपी, सीवीवी, यूपीआई पिन या अन्य गोपनीय वित्तीय जानकारी साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तुरंत हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

# माय भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक में सघन पंजीकरण अभियान का पोस्टर लॉन्च

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** विकास भवन सभागार में गुरुवार को जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में माय भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ माय भारत सघन पंजीकरण अभियान-2026 के पोस्टर के अनावरण के साथ किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर चर्चा हुई।

माय भारत की उपनिदेशक पुष्पा सिंह ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक युवाओं तक पहुंचाने के लिए जिला सलाहकार समिति में 17 विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को माय भारत पोर्टल से जोड़ने के लिए विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। युवा क्यूआर कोड एवं ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। बैठक में माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, पंचायती राज, चिकित्सा, कौशल विकास, खेल, एनसीसी, युवा मंगल दल, बैंकिंग संस्थानों और अन्य विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए। वहीं पर्यटन, जिला उद्योग केंद्र एवं सूचना विभाग को अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक के अंत में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों को स्वच्छता पखवाड़ा-2026 तथा "नशा मुक्त युवा, विकसित भारत" अभियान की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### ग्रामीणों ने उठाई विकास कार्य शुरू कराने की मांग

**बरेली।** तहसील फरीदपुर की ग्राम पंचायत खनीनवादा (मजरा पढ़ेरा) में लंबे समय से बुनियादी विकास कार्य ठप होने से ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है।जल निकासी की व्यवस्था न होने से घरों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे गंदगी और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। वहीं, जर्जर रास्तों पर बारिश के कारण कीचड़ और जलभराव हो जाता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि गांव में जल्द सड़क-नाली निर्माण और सफाई व्यवस्था शुरू कराई जाए।

# गुरु हर किशन साहिब के प्रकाश पर्व पर सजे दीवान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सिखों के आठवें गुरु श्री गुरु हर किशन साहिब जी के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, गुरु गोविंद सिंह नगर (मॉडल टाउन) में विशेष दीवान सजाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगत ने उपस्थित होकर गुरबाणी कीर्तन का आनंद लिया और गुरु साहिब के बताए सेवा एवं मानवता के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

मुख्य दीवान में फरीदाबाद से पधारे पंथ के प्रसिद्ध कीर्तनी भाई मनकरण सिंह (मान) ने गुरबाणी के मनोहारी कीर्तन प्रस्तुत किए। उन्होंने "नस वंजो किल विखो करता घर आया" सहित अनेक शबदों का गायन कर संगत को भाव-विभोर कर दिया। इससे पूर्व गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मॉडल टाउन के भाई सतवंत सिंह ने भी गुरबाणी कीर्तन कर श्रद्धालुओं को निहाल किया। दोनों गुरुद्वारों में आयोजित कार्यक्रमों के समापन पर गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें सभी धर्मों और समुदायों के लोगों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। वक्ताओं ने गुरु हर किशन साहिब जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका जन्म 7 जुलाई 1656 को कीरतपुर साहिब में हुआ था। वर्ष 1661 में मात्र पाँच वर्ष की आयु में वे गुरु गद्दी पर विराजमान हुए और 'बाल प्रीतम' के नाम से विख्यात हुए। दिल्ली में चेचक महामारी के दौरान उन्होंने बिना किसी भेदभाव के रोगियों की सेवा की और सेवा करते-करते स्वयं भी चेचक से पीड़ित हो गए। 30 मार्च 1664 को मात्र आठ वर्ष की आयु में वे ज्योति ज्योत समा गए। दिल्ली स्थित गुरुद्वारा बंगला साहिब उनकी पावन स्मृतियों का प्रमुख स्थल माना जाता है।

**तिरंगा प्रदर्शनी** हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत 15 अगस्त तक चलेंगी प्रदर्शनी

# रानी अवंतीबाई महिला महाविद्यालय में तिरंगा प्रदर्शनी का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** हर घर तिरंगा अभियान-2026 के अंतर्गत रानी अवंतीबाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय में शुक्रवार को चित्रकला विभाग की ओर से तिरंगा प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी में छात्राओं ने तिरंगे की थीम पर आधारित आकर्षक चित्रों और पोस्टरों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को साकार किया। यह प्रदर्शनी 15 अगस्त तक महाविद्यालय परिसर में आमजन के अवलोकन के लिए संचालित रहेगी।

चित्रकला विभाग की प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनू महाजन ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप अभियान के तहत "सेल्फी विद फ्लैग", देशभक्ति विषयक डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, स्लोगन प्रतियोगिता, 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर विशेष प्रदर्शनी तथा 15 अगस्त को तिरंगा रैली सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्राएं राष्ट्र की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को अपनी कलाकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित करेंगी। सभी कार्यक्रम शासन की निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार के निर्देशन में आयोजित इस अभियान के माध्यम से छात्राओं में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय परिवार ने छात्राओं एवं नागरिकों से हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की।

### स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर गंदगी का ग्रहण

**बरेली।** करोड़ों की स्मार्ट सिटी परियोजना के बीच सुभाषनगर स्थित माल गोदाम रोड पर फैली गंदगी ने नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था की पोल खोल दी है। सड़क किनारे लगे कूड़े के ढेर इस सौंदर्यीकरण पर दाग लगा रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आकर्षक स्ट्रीट लाइटें और आधुनिक टाइल्स तो लगा दी गईं, लेकिन नियमित सफाई न होने से विकास कार्य बेअसर हैं। जमा कूड़े की दुर्गंध से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो गया है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से माल गोदाम रोड पर विशेष सफाई अभियान चलाने और नियमित कूड़ा उठान सुनिश्चित करने की मांग की है।

# प्लास्टिक प्रदूषण रोकने की मांग की

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने बढ़ते प्लास्टिक प्रदूषण और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। संगठन ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक पर सख्त प्रतिबंध लगाने, स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि गांवों और शहरों में पॉलीथिन, प्लास्टिक की बोतलों और अन्य प्लास्टिक कचरे के कारण नालियां जाम हो रही हैं, जलभराव बढ़ रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। संगठन ने प्लास्टिक के निर्माण पर चरणबद्ध रोक लगाने तथा इसके स्थान पर प्राकृतिक रूप से नष्ट होने वाले वैकल्पिक उत्पादों को बढ़ावा देने की मांग की। भाकियू (टिकैत) ने नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित सफाई, नालियों की समय-समय पर सफाई, बेहतर जल निकासी व्यवस्था और स्कूलों व बाजारों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने की भी मांग रखी। साथ ही वृक्षारोपण अभियान की निगरानी, पौधों की सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करने पर जोर दिया। संगठन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सरकार ठोस कदम उठाए, जिससे प्रदूषण पर नियंत्रण हो और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण मिल सके।

जागरण मोर्चा
www.jagranmorcha.com
बदायूं
लखनऊ, शनिवार, 8 अगस्त 2026


## एक नजर

### पीआरवी टीम ने तीर्थयात्री का खोया बैग लौटाया, जताया आभार

**बदायूं।** डायल 112 की त्वरित कार्रवाई से कछला गंगा घाट पर एक तीर्थयात्री का छूटा बैग सकुशल बरामद कर लिया गया। जानकारी के अनुसार जनपद फिरोजाबाद निवासी मानसिंह पुत्र कपिल गंगा जल भरने कछला घाट आए थे। इसी दौरान उनका बैग पेड़ पर ही छूट गया। काफी तलाश के बाद भी बैग न मिलने पर उन्होंने डायल 112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पीआरवी 7845 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घाट परिसर में खोजबीन कर बैग बरामद कर लिया। पुलिस ने बैग सुरक्षित रूप से मानसिंह को सौंप दिया। बैग मिलने पर उन्होंने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। पुलिस की तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है। अधिकारियों ने भी पीआरवी टीम के कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि आमजन की सेवा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# मुख्य बाजार में चोरों का तांडव, तीन दुकानों से जेवर-नकदी सहित 25 लाख की चोरी

## कोतवाली क्षेत्र में बड़ी बज़ार नेहरू चौक पर चोरों ने दिया घटना को अंजाम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शहर के मुख्य बाजार में गुरुवार रात चोरों ने जमकर तांडव मचाते हुए तीन दुकानों को निशाना बनाया और लाखों रुपये की नकदी व सामान चोरी कर फरार हो गए। खास बात यह है कि यह वारदात सदर कोतवाली क्षेत्र के नेहरू चौक स्थित बड़ी बज़ार में हुई। घटना के बाद व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। एसएसपी ने खुलासे को चार पुलिस टीमों का गठन किया है। व्यापारियों को सुरक्षा का आश्वासन दिया है।

जानकारी के अनुसार, मुख्य बाजार स्थित 'प्रभात जनरल मर्चेंट' की दुकान से चोर लगभग 5 लाख रुपये की नकदी सहित करीब 10 लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। वहीं पास ही स्थित 'गांधी ड्रायफ्रूट्स' की दुकान से भी चोरों ने करीब पौने दो लाख रुपये की नकदी और अन्य सामान पार कर दिया। सारः ही प्रमोद जनरल स्टोर से एक लाख की नगदी 8 तोला सोना व 3 लाख का अन्य सामान भी चोरी हो गया। शुक्रवार सुबह जब दुकान मालिक अपनी-अपनी दुकानों पर पहुंचे तो ताले टूटे और सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।


घटना की छानबीन करते इंस्पेक्टर संजय सिंह व मौके पर दुकानदार।

बताया जा रहा है कि चोर छत के रास्ते दुकानों में दाखिल हुए। बाजार की छह दुकानों के दरवाजे काटकर चोरी का प्रयास किया गया, जिनमें से तीन दुकानों में चोर सफल रहे जबकि अन्य दुकानों में वे पूरी तरह कामयाब नहीं हो सके। दुकानों में सीसीटीवी कैमरे न होने के कारण चोरों की पहचान करने में पुलिस को दिक्कत आ सकती है। घटना का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इतनी बड़ी चोरी शहर के सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाके में हुई, वह भी कोतवाली के बेहद करीब। इसके बावजूद पुलिस को भनक तक नहीं लगी। इससे व्यापारियों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि अगर पुलिस की गश्त नियमित और प्रभावी होती तो इतनी बड़ी वारदात को रोका जा सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही सदर कोतवाल संजय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सीओ सिटी राहुल पांडेय ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के इलाकों में जांच शुरू कर दी है और संदिग्धों की तलाश की जा रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की कोशिश भी की जा रही है, ताकि चोरों का सुराग मिल सके। खुलासे को चार टीमों का गठन किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। एसपी सिटी अभिषेक सिंह ने बताया कि तीन दुकानों में चोरी की घटना सामने आई है। इसके खुलासे को चार टीमों को लगाया गया है। जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।


इसी दराज में रखी नकदी ले गए चोर।

## संक्षेप समाचार

### कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट, डीएम-एसएसपी ने रात में किया पूरा रूट चेक


कावड़ सहायता शिविर का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा।

**बदायूं।** कांवड़ यात्रा-2026 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अवनीश राय और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने देर रात बरेली-बदायूँ सीमा से पूरे कांवड़ मार्ग का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कांवड़ सहायता शिविरों का दौरा किया और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं की हकीकत परखी। पेयजल, रोशनी, चिकित्सा सेवाएं और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने संबंधित विभागों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएम और एसएसपी ने साफ कहा कि कांवड़ यात्रा में सुरक्षा और यातायात प्रबंधन सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग समन्वय के साथ काम करें, ताकि शिवभक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यात्रा सुगम तरीके से पूरी हो सके। उन्होंने अधिकारियों को लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए रखने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### आंवला के स्कूल में बच्चों से मारपीट का आरोप, जांच में लीपापोती का आरोप; शिक्षा मंत्री से शिकायत



इसी स्कूल में हुई बच्चों से मारपीट।

**बदायूं।** तहसील आंवला क्षेत्र के मदर प्राइड कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों के साथ मारपीट किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित विपिन गुप्ता ने स्कूल के प्रधानाचार्य पर आरोप लगाते हुए कहा है कि बच्चों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की घटनाएं लगातार हो रही हैं। आरोप है कि जब भी इस मामले में शिकायत की जाती है, तो जांच खंड शिक्षा अधिकारी (रामनगर, आंवला) को सौंपी जाती है, लेकिन हर बार जांच प्रभावित होकर स्कूल के पक्ष में रिपोर्ट लगा दी जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में हुई एक जांच के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने एनपीआरसी के माध्यम से उन्हें बुलाया, लेकिन जब वह कार्यालय पहुंचे तो अधिकारी मौजूद नहीं थे। बाद में आरोप है कि स्कूल प्रबंधन से आर्थिक समझौता कर रिपोर्ट को प्रभावित कर दिया गया। विपिन गुप्ता ने यह भी दावा किया कि स्कूल के प्रधानाचार्य खुलेआम कहते हैं कि वे पैसों के बल पर अधिकारियों को प्रभावित कर लेते हैं और उन्हें किसी कार्रवाई का डर नहीं है। इससे अभिभावकों में रोष व्याप्त है। पीड़ित का कहना है कि प्रदेश सरकार, विशेषकर योगी सरकार, ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की बात करती है, लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की कार्यशैली के कारण कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़ित ने शुक्रवार को शिक्षा मंत्री, लखनऊ को लिखित शिकायत भेजकर स्कूल प्रबंधन और संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी के खिलाफ निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### टोडरपुर प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क टीकाकरण शिविर, बच्चों को लगे आवश्यक टीके


टीकाकरण में शामिल डॉक्टरों की टीम। -जागरण मोर्चा

**आसफपुर।** विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय टोडरपुर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के बच्चों को आयु के अनुसार आवश्यक टीके लगाए गए। एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की टीम ने निर्धारित मानकों के अनुसार बच्चों का सुरक्षित टीकाकरण किया। इस दौरान डीपीटी (DPT) और टिटनेस (TT) सहित जरूरी टीके लगाए गए। टीकाकरण के बाद बच्चों को कुछ समय तक चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया, जहां सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए। प्रधानाध्यापक देवराज यादव ने स्वास्थ्य टीम का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों का स्वास्थ्य भी बेहद जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों से समय-समय पर बच्चों का टीकाकरण कराने की अपील की। शिविर में स्वास्थ्य टीम ने ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव, स्वच्छता और नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूक किया। शिक्षक प्रियांशु गौड़ ने टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समय पर टीके लगने से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। इस मौके पर मुज्जफर अली, डीएलएड प्रशिक्षु अंकिता यादव सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## टूटी पुलिया में फंसा ई-रिक्शा, हादसा टला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिल्सी।** नगर पालिका क्षेत्र में एक क्षतिग्रस्त पुलिया राहगीरों और वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बनी हुई है। शुक्रवार को एक ई-रिक्शा पुलिया के टूटे हिस्से में फंस गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। इससे पहले दो दिन पूर्व एक बाइक सवार भी इसी स्थान पर फंसकर चोटिल हो चुका है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया लंबे समय से टूटी हुई है और जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण यहां आए दिन दुर्घटना का खतरा बना रहता है। लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अभी तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है।

नगर पालिका अध्यक्ष के पति ओमप्रकाश सागर ने बताया कि पुलिया पर लगाने के लिए नया मजबूत स्लैब तैयार कराया गया है। स्लैब को पूरी तरह मजबूत होने में करीब 8 से 10 दिन का समय लगेगा, जिसके बाद उसे स्थापित करा दिया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से तब तक सावधानीपूर्वक आवागमन करने की अपील की है। इधर, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द मरम्मत कार्य पूरा कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि समय रहते पुलिया दुरुस्त नहीं हुई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

**स्थानीय लोगों ने प्रशासन से की जल्द मरम्मत कार्य पूरा कराने की मांग**

## स्वच्छता अभियान के तहत स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम, बच्चों ने ली कचरा प्रबंधन की सीख

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** शासन द्वारा संचालित "ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम अनुपालन एवं जनजागरूकता अभियान" के प्रथम सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर के.के. कॉन्वेंट स्कूल, सैदपुर में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित हुआ, जिसका संचालन आरटीएम सोसायटी फॉर सोशल डेवलपमेंट द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कचरा पृथक्करण की विधि जैसे गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक एवं सैनिटरी अपशिष्ट के वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी दी गई। साथ ही स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय में स्वच्छता विषय पर ड्राइंग प्रतियोगिता एवं क्विज़ का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ज़ोया खान, अलीशा खान, मानवी शंखधार, सेजल, अरवान खान और इंशा रहमानी को पुरस्कृत किया गया।


प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल के छात्र-छात्राएं। -जागरण मोर्चा

इसके अलावा विद्यार्थियों ने स्वच्छता जागरूकता रैली निकालकर नगरवासियों को स्वच्छता अपनाने, कचरे का सही पृथक्करण करने और आसपास के वातावरण को साफ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनवर अली खान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में कैशन अली, कादरी दारुल उलूम वज़ीरगंज के प्रधानाचार्य, फ़ैसल खान, पंकज शर्मा, मेराज अहमद, इशाक हुसैन समेत कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सोसायटी की संस्थापक रिदा खान, मुशीर अली, नगर पालिका सैदपुर के सभासद आज़म हुसैन, निशू खान सहित संस्था के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता और सकारात्मक सोच विकसित करना रहा।

## नशा मुक्त भारत पर पोस्टर प्रतियोगिता छात्राओं ने दिखाया रचनात्मक हुनर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** भारत सरकार के 'नशा मुक्त भारत अभियान' के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में 'नशा मुक्त भारत' विषय पर पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप मदेरणा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता का उद्देश्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जनजागरूकता फैलाना और युवाओं को स्वस्थ एवं नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इसमें बीएससी नर्सिंग व पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने ड्रग्स, तंबाकू, शराब सहित अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, उनकी रोकथाम व पुनर्वास जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर प्रस्तुत किए।


पोस्टर प्रतियोगिता का अवलोकन करते कॉलेज के प्रधानाचार्य व अन्य अधिकारी।

कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य प्रो. डॉ. श्रीनिवासन गांधी ने किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। साथ ही विद्यार्थियों से इस अभियान को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का आह्वान किया।

निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, मौलिकता और वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित प्रस्तुति की सराहना की। तियोगिता में आस्था शर्मा ने प्रथम, अपर्णा दीक्षित ने द्वितीय और माधुरी चौरसिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी प्रतिभागियों और आयोजकों का आभार व्यक्त किया गया।

## स्तनपान सप्ताह पर मेडिकल कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता

**बदायूं।** विश्व स्तनपान सप्ताह 2026 के तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज, बदायूँ के बाल रोग विभाग द्वारा पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रधानाचार्य डॉ. शिव कुमार के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में एमबीबीएस छात्र-छात्राओं व जूनियर रेजिडेंट्स ने उत्साह से भाग लिया। प्रतिभागियों ने पोस्टरों के माध्यम से स्तनपान के महत्व और शिशु स्वास्थ्य में इसकी भूमिका को दर्शाया।

विभागाध्यक्ष डॉ. शिव प्रताप सिंह ने जन्म के पहले घंटे में स्तनपान शुरू करने और छह माह तक केवल माँ का दूध देने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में पोस्टरों का मूल्यांकन किया गया और सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों की सराहना की गई।

## सहसवान में कांग्रेस का संगठन विस्तार, शारिक अली व मोहम्मद रजा को जिम्मेदारी



नियुक्ति पत्र देते कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान में कांग्रेस के 'संविधान बचाओ संवाद' कार्यक्रम में संगठन विस्तार किया गया। जिलाध्यक्ष अजीत यादव की मौजूदगी में शारिक अली को नगर अध्यक्ष और मोहम्मद रजा को दहगवां ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए अजीत यादव ने कहा कि जनता में आक्रोश बढ़ रहा है और बदलाव तय है। इस दौरान कई अन्य पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की गई और दर्जनों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

**बैठक** अधूरी पड़ी परियोजनाओं का कार्य निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण करने पर जोर

## 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की सीडीओ ने की समीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने विकास भवन सभागार में 50 लाख रुपये अथवा उससे अधिक लागत वाली निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति का जायजा लिया। बैठक में विभिन्न निर्माणदायी संस्थाओं एवं संबंधित विभागों द्वारा संचालित परियोजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

सीडीओ ने निर्देश दिए कि जिन भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उन्हें शीघ्र संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जाए, ताकि उनका उपयोग जनहित में प्रारंभ किया जा सके। वहीं, जिन परियोजनाओं का कार्य अधूरा है, उन्हें निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।


विकास भवन सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा करती मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला। -जागरण मोर्चा

उन्होंने कहा कि सभी निर्माणदायी संस्थाएं अपने कार्यों में अपेक्षित सुधार लाएं और नियमित निगरानी के माध्यम से प्रगति सुनिश्चित करें। जिन विभागों की परियोजनाएं तय समय के अनुरूप पूरी नहीं हो रही हैं, उन्हें कार्य में तेजी लाने को कहा गया। साथ ही चेतावनी दी कि अनावश्यक विलंब की स्थिति में संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक के दौरान सीडीओ ने विभिन्न विभागों की कार्ययोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति और शेष कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर आवास एवं विकास परिषद, प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, जल निगम, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## छत पर लटकी मासूमों की जान: सहसवान में ई-रिक्शा पर ओवरलोडिंग, प्रशासन बेखबर

- स्कूल जाने की मजबूरी या खतरे का सफर? ई-रिक्शा की छत पर बैठकर जा रहे बच्चे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सहसवान।** स्कूल की घंटी बजते ही सहसवान की सड़कों पर एक खतरनाक मंजर देखने को मिल रहा है, जहां स्कूली बच्चों की जिंदगी से खुलकर खिलवाड़ किया जा रहा है। क्षेत्र में ई-रिक्शा चालकों द्वारा क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाने के साथ-साथ उन्हें छत पर बैठाकर ले जाया जा रहा है, जिससे हर दिन हादसे का खतरा बना रहता है।

तस्वीरों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ई-रिक्शा में सीटें भरने के बाद भी चालक 10 से 12 बच्चों को जबरन ठूंस देते हैं और कई बच्चों को छत पर बैठाकर तेज रफ्तार में वाहन चलाते हैं। जरा सी लापरवाही या अचानक ब्रेक लगने पर बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन इसके बावजूद इस खतरनाक प्रथा पर कोई रोक नहीं लग पा रही है।


ई-रिक्शा की छत पर बैठाकर ले जाए जा रहे छात्र। -जागरण मोर्चा

एक ओर सरकार 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' जैसे अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर स्कूली छात्र-छात्राएं अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं। अभिभावकों का कहना है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ इस तरह का खिलवाड़ बेहद चिंताजनक है और यह सीधे-सीधे जिम्मेदारों की लापरवाही को दर्शाता है। स्थानीय लोगों का दावा है कि पहले भी ओवरलोडिंग और लापरवाही के कारण कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो स्कूल संचालक कोई सख्ती बरत रहे हैं और न ही प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। आरोप है कि कुछ स्कूल संचालक किराया बचाने के लिए सस्ते ई-रिक्शा चालकों से समझौता कर लेते हैं, जिसके चलते चालक अधिक से अधिक बच्चों को भरकर मुनाफा कमाने की कोशिश करते हैं। वहीं, शिक्षकों पर भी सवाल उठ रहे हैं कि सब कुछ जानते हुए भी वे इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्कूल संचालकों और लापरवाह ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाएगा। फिलहाल सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है या फिर बच्चों की सुरक्षा को लेकर ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## एक नजर

### हर घर तिरंगा अभियान 09 से 17 अगस्त तक, डीएम ने की भागीदारी की अपील

**बदायूं।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में 'हर घर तिरंगा' अभियान 09 से 17 अगस्त तक संचालित किया जाएगा। जिलाधिकारी अवनीश राय ने जनपदवासियों से अपने घरों, शैक्षणिक संस्थानों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज सम्मानपूर्वक फहराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान राष्ट्र के प्रति सम्मान, एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का अवसर है। डीएम ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज का प्रयोग भारतीय ध्वज संहिता के अनुसार ही किया जाना चाहिए। ध्वज आयताकार होगा तथा उसकी लंबाई-चौड़ाई का अनुपात 3 :2 रहेगा। ध्वज में ऊपर केसरिया, बीच में सफेद और नीचे हरा रंग होगा तथा मध्य में 24 तीलियों वाला अशोक चक्र अंकित रहेगा। ध्वज खादी, सूती, पॉलिएस्टर या अन्य स्वीकृत वस्त्रों से बनाया जा सकता है।

# दातागंज से निकलेगा कांवड़ियों का भव्य काफिला, 25 हजार शिवभक्त होंगे शामिल

## एक हजार ट्रैक्टरों व सैकड़ों वाहनों संग कछला पहुंचेंगे भाजपा नेता डॉ. शैलेश श्रद्धालुओं के साथ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सावन माह में शिवभक्ति का उत्साह चरम पर है। इसी क्रम में शनिवार को दातागंज से कछला के लिए एक भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें करीब 25 हजार शिवभक्तों के शामिल होने की तैयारी है। भाजपा नेता डॉ. शैलेश पाठक के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में लगभग एक हजार ट्रैक्टरों और सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का विशाल काफिला शामिल होगा।

आयोजकों के अनुसार कांवड़ यात्रा शनिवार शाम करीब चार बजे डांडी रोड से प्रारंभ होगी। यात्रा शुरू होने से पहले ही बड़ी संख्या में शिवभक्त दातागंज पहुंचेंगे। इसके बाद श्रद्धालु ट्रैक्टरों, बाइक, कार और जीपों के साथ कछला के लिए रवाना होंगे। यात्रा के दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से वातावरण गूंज उठेगा। शिवभक्त डीजे की धार्मिक धुनों पर झूमते हुए कछला पहुंचेंगे और मां गंगा से पवित्र गंगाजल भरेंगे। सावन में गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने की परंपरा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। यात्रा को लेकर दातागंज कस्बे और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी भक्तिमय माहौल बना हुआ है। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर शिवभक्तों के स्वागत की तैयारियां की गई हैं। जगह-जगह स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा और जलपान की व्यवस्था की जाएगी। आयोजन समिति ने कांवड़ यात्रा को सुचारु और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। आयोजकों का कहना है कि यात्रा में दातागंज विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। विशाल काफिले को देखते हुए यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस की भूमिका भी महत्वपूर्ण रहेगी। कछला से गंगाजल भरकर लौटने के बाद 10 अगस्त को सराय स्थित पंचतत्वेश्वर स्वयंभू महादेव मंदिर में सामूहिक जलाभिषेक किया जाएगा। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में पहुंचने की संभावना है। डॉ. शैलेश पाठक के नेतृत्व में आयोजित यह कांवड़ यात्रा क्षेत्र की प्रमुख धार्मिक यात्राओं में शामिल होने जा रही है। शनिवार शाम यात्रा के शुभारंभ के साथ ही पूरा दातागंज शिवमय हो उठेगा।



भाजपा नेता डॉक्टर शैलेश पाठक के नेतृत्व में होगी विशाल कावड़ यात्रा।


कार्यक्रम की तैयारी में जुटे कार्यकर्ता।

## संक्षेप समाचार

### सचिवालय में गंदगी का अंबार, शौचालय बंद होने से ग्रामीण परेशान

**बिल्सी।** विकासखंड अम्बियापुर की ग्राम पंचायत बेहटा गुसाई स्थित सचिवालय में साफ-सफाई की बदहाल स्थिति सामने आई है। यहां लाखों रुपये की लागत से बने शौचालय लंबे समय से बंद पड़े हैं, जिससे सचिवालय आने वाले ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और बुजुर्गों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सचिवालय में रोजाना बैठकों व सरकारी कार्यों के लिए लोगों का आना-जाना रहता है, लेकिन शौचालय बंद होने के कारण उन्हें परेशान होना पड़ता है। वहीं परिसर में फैली गंदगी स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों ने शौचालयों को जल्द चालू कराने और नियमित साफ-सफाई की मांग की है। बीडीओ शैली गोविल ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### स्तनपान सप्ताह पर जिला महिला चिकित्सालय में कार्यशाला

**बदायूं।** विश्व स्तनपान सप्ताह ( 01 से 07 अगस्त ) के तहत जिला महिला चिकित्सालय में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डॉ. शोभा अग्रवाल ने की। कार्यशाला में जन्म के प्रथम घंटे में स्तनपान शुरू कराने और छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने के महत्व पर जोर दिया गया। बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सुकुमार ने कहा कि स्तनपान शिशु के समग्र विकास की आधारशिला है और यह हर नवजात का अधिकार है। इस दौरान स्किन-टू-स्किन कॉन्टैक्ट, अनन्य स्तनपान, पूरक आहार एवं दो वर्ष तक स्तनपान जारी रखने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों को जागरूकता बढ़ाने और सेवाएं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में डीएचईआईओ सुधा देवी, डीएमएचसी जितेन्द्र शर्मा, हॉस्पिटल मैनेजर अरविन्द, अर्बन कोऑर्डिनेटर उमेश राठौर सहित स्टाफ एवं महिलाएं मौजूद रहीं।

### जलनिकासी की समस्या को लेकर कांग्रेस सौंपेगी बीडीओ को ज्ञापन

**बदायूं।** कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गांव कशेर पनौटा में जलनिकासी की गंभीर समस्या को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा आज शनिवार, 8 अगस्त को खंड विकास अधिकारी ( बीडीओ ) वजीरगंज को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन दोपहर 12 बजे खंड विकास कार्यालय, वजीरगंज में दिया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि जलनिकासी की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के सभी साथियों से जनहित के इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रजनी सिंह 'बागी', जिला कांग्रेस कमेटी बदायूं के पूर्व अध्यक्ष ओमकार सिंह और महासचिव मोरपाल प्रजापति सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मौजूद रहने की उम्मीद है।

### दिनदहाड़े छात्रा से छेड़खानी, आरोपी फरार, तीन दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं

**बिसौली।** कोतवाली क्षेत्र में स्कूल जा रही नाबालिग छात्रा के साथ दिनदहाड़े छेड़खानी का मामला सामने आया है। घटना बुधवार सुबह करीब 8 बजे की है, जब कक्षा 11 की छात्रा साइकिल से स्कूल जा रही थी। रास्ते में बाइक सवार युवक ने उसका पीछा कर साइकिल के आगे बाइक लगाकर रोक लिया और छेड़खानी करते हुए जबरन साथ ले जाने का प्रयास किया। खेतों में काम कर रहे लोगों को आता देख आरोपी बाइक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर एंटी रोमियो टीम के साथ पहुंची पुलिस ने छात्रा से जानकारी लेकर बाइक को सीज कर लिया और मुकदमा दर्ज किया। हालांकि घटना के तीन दिन बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, जिससे परिजनों व ग्रामीणों में आक्रोश है। छात्रा की मां ने आरोप लगाया है कि आरोपी पक्ष समझौते का दबाव बना रहा है। कोतवाल कमलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।

# गोवंश का वध कर मांस बेचने वाले छह दोषियों को पांच-पांच साल की सजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** अपर जिला जज व विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कक्ष संख्या तीन की न्यायाधीश नीलांजना ने गोवंशीय पशुओं का वध कर मांस बेचने वाले छह आरोपियों को दोषी करार दिया है। न्यायाधीश ने दोषियों को पांच-पांच साल की कैद की सजा सुनाई। इसके साथ ही सभी पर छह-छह लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए अदा करने का हुक्म दिया। सहायक शासकीय अधिवक्ता प्रदीप भारती के अनुसार वादी मुकदमा उपनिरीक्षक रविंद्र नाथ सिंह द्वारा थाना उसैहत पर 13 जून 2023 को तहरीर दी गई, जिसमें बताया, चालक के साथ गस्त व पैंडिंग विवेचना और आरोपियों की तलाश करके लौट रहे थे। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि उसहैत के माजिद नगला गांव में रोड़ से करीब 200 मीटर दक्षिण दिशा में स्थिति खेत आसिफ का है। जिसमें यूकेलिप्टिस के घने पेड़ खड़े हैं। उन्हीं पेड़ों की आड़ में आसिफ पुत्र वकीलउद्दीन निवासी वार्ड नंबर नौ उसहैत अपने अन्य साथी निहालुद्दीन, शाहर्ख, अरशद, चनऊ, शमशुद्दीन के साथ मिलकर प्रतिबंधित गोवंशीय पशुओं का वध करके उनके मांस को आबादी के लोगों को वहीं से बेच रहे हैं। इस सूचना पर वह पुलिस बल के साथ पहुंचे। यहां पर प्रतिबंधित पशु के वध के बाद उसके मांस को बेचते हुये उपरोक्त लोगों को पकड़ा। मौके से गोवंशीय मांस एवं गाय का कटा हुआ सिर, कुल्हाड़ी, गंडासा, छुरी, लकड़ी का गट्टा भी बरामद किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेजा।

# खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में वितरित किए परिचय पत्र, एलबीडी लैब का किया निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय


परिचय पत्र वितरण करते हुए अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** विकास क्षेत्र कादरचौक के खंड शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार ने गुरुवार को कम्पोजिट विद्यालय असरासी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं को परिचय पत्र वितरित किए और विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विद्यालय का सकारात्मक और अनुशासित वातावरण विद्यार्थियों के शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने छात्रों की नियमित उपस्थिति की सराहना करते हुए शिक्षकों को इसी तरह बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय की एलबीडी लैब का निरीक्षण किया। लैब में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए क्राफ्ट एवं आर्ट कार्यों को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की और बच्चों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. जुगल किशोर ने बताया कि पिछले सत्र की तुलना में इस सत्र में विद्यालय में नामांकन में लगातार वृद्धि हुई है। वर्तमान में 116 नए नामांकन के साथ विद्यालय में कुल 332 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अभिभावक अपने बच्चों के प्रवेश के लिए इस विद्यालय को प्राथमिकता दे रहे हैं।

ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश कुमार यादव ने विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि विद्यालय की पीटी टीम कई वर्षों से जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है, जिससे विद्यालय की विशेष पहचान बनी हुई है। उन्होंने विद्यालय के शांत, स्वच्छ और आकर्षक वातावरण की भी सराहना की। इस अवसर पर कामेंद्र यादव, के.पी. सिंह, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक मुकेश कुमार, अशोक कुमार, सुमन, अवनीश सक्सेना, कविता रानी, वसुंधरा देवी, रूबी शर्मा, तराना शुजात, सरिता, मीरा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# युवक की मौत हैंगिंग से होने की पुष्टि पुलिस मामले की जांच में जुटी

जागरण मोर्चा कार्यालय


नन्हे के परिजन। -जागरण मोर्चा

**बदायूं।** बिसौली कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव जंगल में बिजली के पोल पर लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी युवक की मौत हैंगिंग से होने का खुलासा हुआ है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के गांव रानेट गोविंदपुर निवासी नन्हे (40) पुत्र पान सिंह ने बृहस्पतिवार को पारिवारिक कलह के चलते गांव के बाहर जंगल में जाकर बिजली के पोल पर लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर बाद जब ग्रामीणों ने नन्हें का शव फंदे पर लटका देखा तो परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन शव देखते ही बिलख पड़े। परिजनों ने बताया कि युवक शराब पीने का आदी था। इसी बात पर परिवार में कलह होती रहती थी।

घटना वाले दिन भी उसका पत्नी से विवाद हुआ। इसके बाद वह घर से बिना बताए चला गया और आत्महत्या कर ली। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उधर, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की मौत से हैंगिंग से होने की पुष्टि हुई है।

## युवक पर हमला, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में एक्सपायर चिप्स के अवैध कारोबार की सूचना देना एक युवक को भारी पड़ गया। जानकारी के अनुसार, पड़ोसी गांव दबतोरा निवासी राकेश मौर्य को लक्ष्मीपुर में एक्सपायर चिप्स के धंधे की जानकारी मिली, जिसे उसने पुलिस को देने के साथ ही अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर भी साझा कर दिया। सूचना के बाद संबंधित कारोबारियों ने रातोंरात गोदाम से एक्सपायर माल हटा लिया। इसके बाद रंजिश मानते हुए लक्ष्मीपुर निवासी पप्पू हुसैन और शान मोहम्मद ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर राकेश मौर्य को खेत पर घेर लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। हमले में राकेश के सिर और कान में गंभीर चोटें आईं। घायल की तहरीर पर कोतवाली बिसौली पुलिस ने नामजद आरोपियों समेत चार लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# पीडीए जन संवाद में गूंजा 'संविधान बचाओ' का संदेश, सपा नेताओं ने किया जनता को जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय



पीडीए के कार्यक्रम में मौजूद सपा के कार्यकर्ता व नेता। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** विधानसभा क्षेत्र के गांव खेड़ा दास में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जन संवाद एवं जन पंचायत के तहत 'संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सियाराम सागर ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ सपा नेता एवं पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार सतीश प्रेमी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि सतीश प्रेमी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान की रक्षा की सबसे बड़ी जिम्मेदारी अम्बेडकर अनुयाइयों की है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और वंचित वर्गों की आवाज बनकर संघर्ष करती रही है। उन्होंने पीडीए की अवधारणा को समाज के हर वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने का सशक्त माध्यम बताया।

उन्होंने कहा कि संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों की रक्षा के लिए जन-जन को जागरूक करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। समाजवादी पार्टी पीडीए को संगठित कर सत्ता में आकर रोजगार, शिक्षा और आरक्षण जैसे मुद्दों पर काम करेगी।

विशिष्ट अतिथि सपा नेता काजी शाहनवाज खान ने कहा कि संविधान की रक्षा पीडीए की एकजुटता से ही संभव है, जिससे दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के हित सुरक्षित रहेंगे।

कार्यक्रम के अंत में सतीश प्रेमी ने उपस्थित लोगों को संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने की शपथ दिलाई। साथ ही आगामी चुनाव में नफरत और धार्मिक उन्माद के सहारे सत्ता में बैठी प्रदेश सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प भी दिलाया गया। इस दौरान छविराम अम्बेडकर, विकास यादव, रविंद्र कुमार, गौरव अम्बेडकर, कपिलदेव, यशवीर, विक्रम सागर, विमल सागर, सुखवीर सागर, सचिन जाटव, राजकुमार जाटव, इंद्रजीत सागर, गंगा सिंह जाटव, पाले अली, अकरम खान, रोहित जाटव, कुलदीप, राधेश्याम सागर, राज बाबू जाटव, मनी सागर, संजू सागर, अमन जाटव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**हादसा** — गांव मुखिया नगला में शुक्रवार को दोपहर के समय हुई घटना

# पाखड़ की भारी डाल गिरने से स्कूल में हादसा, छात्रा सहित दो शिक्षिकाएं घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय


घायल सविता। -जागरण मोर्चा


पाखड़ की टूटी डाल।

**बिसौली।** तहसील बिसौली क्षेत्र के विकासखंड आसफपुर की ग्राम पंचायत मुसियानगला स्थित संविलयन विद्यालय में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया। विद्यालय परिसर में खड़े पुराने पाकड़ के पेड़ की भारी डाल अचानक गिरने से इंचार्ज प्रधानाध्यापिका, एक शिक्षामित्र और कक्षा 6 की छात्रा दबकर घायल हो गईं। ग्रामीणों और स्टाफ की तत्परता से तीनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और उपचार के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया।

घटना शुक्रवार दोपहर करीब 11 बजे की है। उस समय मौसम खराब होने के कारण कक्षाएं कमरों के अंदर संचालित हो रही थीं। इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मीना देवी और शिक्षामित्र विनीता शर्मा रसोईघर में मिड-डे मील की गुणवत्ता देखने गई थीं। उसी दौरान कक्षा 6 की छात्रा सविता (पुत्री किशनवीर) शिक्षामित्र से एक सवाल पूछने वहां पहुंच गई। तभी विद्यालय परिसर में खड़े पुराने पाकड़ के पेड़ की एक भारी डाल अचानक भरभराकर गिर पड़ी, जिसकी चपेट में आकर तीनों दब गईं।

डाल गिरने की तेज आवाज और चीख-पुकार सुनकर विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े। शिक्षकों और ग्रामीणों ने मिलकर तत्परता दिखाते हुए तीनों को बाहर निकाला, जिससे उनकी जान बच सकी। घायल छात्रा की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे तुरंत सरकारी अस्पताल बिसौली ले गए। वहीं, शिक्षिका मीना देवी और विनीता शर्मा भी ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचीं और उपचार कराया।

घटना की सूचना मिलते ही खंड शिक्षा अधिकारी आसफपुर राजेंद्र प्रसाद मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण कर पूरी जानकारी ली और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी। गनीमत रही कि उस समय कक्षाएं खुले में संचालित नहीं हो रही थीं, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। ग्राम प्रधान मनोरमा शर्मा, प्रधान पति धर्मेंद्र शर्मा, शिक्षिका नेहा सिंह, शिक्षामित्र रश्मि, अनुचर अनिल कुमार, रसोईया पुष्पा, गुड्डो, मंजू समेत दर्जनों ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को समय रहते बाहर निकाल लिया गया।

> खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मुसियानगला संविलयन विद्यालय में पाकड़ की डाल गिरने से इंचार्ज प्रधानाध्यापिका समेत तीन लोग घायल हुए हैं। ग्रामीणों की मदद से तीनों को सुरक्षित निकालकर इलाज कराया गया है। कक्षा 6 की छात्रा को अधिक चोट आई है, उसे हर संभव मदद दिलाई जाएगी। घटना की जांच कर रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

# बिसौली में अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, हाईवे कराया गया खाली

जागरण मोर्चा कार्यालय


अतिक्रमण को हटवाते तहसील प्रशासन के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

**बिसौली।** नगर में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को बुलडोजर कार्रवाई की। एम-एफ मार्ग पर लंबे समय से बने अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिए चलाए गए इस अभियान से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रशासन की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य नगर को जाम की समस्या से निजात दिलाना बताया गया।

तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में नगर पालिका कर्मियों एवं कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाया। कोतवाल कमलेश मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस बल की मौजूदगी में सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया। जैसे ही बुलडोजर मौके पर पहुंचा, अतिक्रमण करने वालों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोगों ने खुद ही अपना सामान हटाना शुरू कर दिया।

नगर पालिका कर्मियों ने सड़कों पर रखे सामान को जब्त कर लिया। अभियान के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो सके। प्रशासन की इस सख्ती से अतिक्रमणकारियों में खौफ का माहौल देखा गया। तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार ने स्पष्ट चेतावनी दी कि हाईवे या सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने अभी भी अतिक्रमण नहीं हटाया है, वे स्वयं हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस दौरान नायब तहसीलदार मो. हारिस खान, नगर पालिका लिपिक राजीव कुमार, जितेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कोसी नदी के निकट घूम रहा युवक पुलिस की गोली लगने से मुठभेड़ में घायल

## स्वार थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस कर रही जांच

जागरण मोर्चा कार्यालय



घायल आरोपी को ले जाती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** निराश्रित घूमने वाले गोवंशीय पशु की कोसी नदी के जंगल में हत्या करने के उद्देश्य से घूमते हुए एक आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस को उसके पास से तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल गोकशी करने के उपकरण बरामद हुए।पुलिस ने उसको अस्पताल में भर्ती कराया है।

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार रात को पुलिस को चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रुस्तम नगर कोसी नदी के बंदे के पास एक व्यक्ति निराश्रित घूमने वाले पशुओं को लेकर जंगल चले जाता है। मौका पाकर अपने साथियों को बुलाकर कहीं भी उनका वध करके उनका मांस बेच देता है आज भी इसी फिराक में कोसी नदी के जंगल में घूम रहा है। सूचना पर थाना स्वार पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी द्वारा स्वयं को पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी । थाना स्वार पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही में फायरिंग कर दी। जिसमें तौफीक पुत्र शफीक बांये पैर में गोली लगने से घायल हो गया। थाना स्वार पुलिस द्वारा घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। उसके कब्जे से 315 बोर,एक खोखा कारतूस,दो जिंदा कारतूस मोटरसाइकिल के अलावा गोकशी करने के उपकरण बरामद हुए। पूछताछ पर आरोपी ने पुलिस को बताया कि थाना स्वार ग्राम मुकरमपुर स्थित खेत पर निराश्रित गौवंशीय पशु का वध करने की घटना का भी इकबाल किया है । प्रभारी निरीक्षक स्वार अनुपम शर्मा ने बताया कि बचे हुए आरोपियों को तलाश किया जा रहा है। तीन से लगातार पुलिस मुठभेड़ करके आरोपियों को पकड़ रही है।

# आईजीआरएस रैंकिंग में उत्कृष्ट कार्य पर महिला कांस्टेबल सम्मानित




भोट थाने में महिला कांस्टेबल उर्मिता सिंह को सम्मानित करते थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**भोट।** थाना भोट में तैनात महिला कांस्टेबल उर्मिता सिंह को आईजीआरएस में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उनके विशेष योगदान से जुलाई माह की आईजीआरएस रैंकिंग में थाना भोट ने उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर शुक्रवार को थाना कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में महिला कांस्टेबल उर्मिता सिंह को उनके सराहनीय कार्य एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके कार्य की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी लगन और निष्ठा के साथ कार्य करने की अपेक्षा जताई गई।अधिकारियों ने उर्मिता सिंह के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा कहा कि उनकी कार्यशैली अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

## संक्षेप समाचार

### चकरपुर भूड़ में मुर्गे का मीट बेचने के आरोप में एक धरा, शांति भंग में चालान

**शाहबाद।** सावन माह में कोतवाली क्षेत्र के चकरपुर भूड़ गांव में मुर्गे का मीट बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के चकरपुर भूड़ निवासी भूरा को शाहबाद पुलिस ने गांव में मुर्गे का मीट बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर शांति भंग में उसका चालान करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया। कोतवाल रणवीर सिंह ने बताया कि पवित्र सावन माह के मद्देनजर क्षेत्र में मीट की बिक्री पर पूरी तरह रोक है, जो भी ऐसे करता पाया जाता है तो कड़ी कार्रवाई होगी।

### शाहबाद में घर में घुसकर चोरी करने का आरोप

**शाहाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा गांव के एक परिवार ने बीती रात अज्ञात चोरों के द्वारा घर में घुसकर चोरी करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि चोर चांदी के आभूषण और करीब तीन हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गए। रमपुरा गांव निवासी मोहम्मद हसन बीती रात परिवार के साथ घर के आंगन में सो रहे थे। आधी रात को चोरों द्वारा घर के अंदर चोरी करने का आरोप है।

### विशेष अभियान के तहत दो बाल श्रमिकों का रेस्क्यू

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर बाल श्रम उन्मूलन, मानव तस्करी की रोकथाम एवं बाल संरक्षण को लेकर विशेष संयुक्त अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनपद में गुरुवार को जिला चाइल्ड हेल्पलाइन, एएचटीयू एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, श्रम विभाग एवं बाल कल्याण समिति के संयुक्त टीम द्वारा थाना सिविल लाइन क्षेत्र में आरा मशीनों, लकड़ी के कारखानों, होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान संयुक्त टीम ने प्रतिष्ठान संचालकों एवं आमजन को मानव तस्करी, अनैतिक देह व्यापार, बाल विवाह तथा महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया। साथ ही बाल श्रम निषेध कानूनों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जांच के दौरान थाना सिविल लाइन क्षेत्र से दो बच्चों को बाल श्रम से मुक्त (रेस्क्यू) कराते हुए उन्हें आवश्यक संरक्षण प्रदान किया गया तथा नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की गई।संयुक्त टीम ने होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट, कारखानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों के संचालकों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी बालक या बालिका से श्रम कराना कानूनन दंडनीय अपराध है। यदि किसी प्रतिष्ठान पर बाल श्रम कराया जाता पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अभियान में थाना प्रभारी एएचटीयू संजीव कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी देवेन्द्र सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी निजामुद्दीन, विशाल कुमार तथा संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### गरीब, किसान, महिला, युवाओं के उत्थान में जुटी है मोदी योगी सरकार: आकाश

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने किसान, गरीब, महिलाओं व युवाओं के उत्थान में जुटी है। गरीबों के आवासों से लेकर उनके इलाज तक की पूरी जिम्मेदारी सरकार ने ले ली है। सिर्फ यही नहीं युवाओं के रोजगार की दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। शुक्रवार को ग्राम दनियापुर में नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण मंडल के दनियापुर शक्तिकेंद्र की बैठक हुई। बैठक में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई। इस अवसर पर विधायक ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि सरकार गरीब, किसान, महिला, युवा और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। इन योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पात्र लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी पात्र व्यक्ति को किसी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है तो वह इसकी जानकारी जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समयबद्ध तरीके से समस्या का समाधान कराया जा सके।

# कोचिंग से लौट रही छात्रा से छेड़छाड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** कोचिंग से पढ़ाई कर घर लौट रही एक छात्रा के साथ बाइक सवार युवक द्वारा कथित छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। छात्रा के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता पक्ष ने आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना शुक्रवार दोपहर बाद की बताई जा रही है। मसवासी क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा नगर स्थित कोचिंग सेंटर से पढ़ाई कर घर लौट रही थी। आरोप है कि संपर्क मार्ग पर पीछे से बाइक से आए एक युवक ने उसे सीता रामपुर तक छोड़ने की बात कहकर बाइक पर बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद युवक ने उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गन्ने के खेत में जा गिरी।आरोप है कि इसके बाद युवक छात्रा को गन्ने के खेत की ओर खींच ले गया और उसके साथ अभद्रता करने लगा।छात्रा के विरोध और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने छात्रा को सुरक्षित बाहर निकाला और आरोपी युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।घटना दो समुदायों से जुड़ी होने के कारण कुछ समय के लिए क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को संभाल लिया। पीड़िता पक्ष की ओर से आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दे दी गई है। पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर स्वार कोतवाली ले गई।समाचार लिखे जाने तक इस मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने की प्रक्रिया चल रही थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षकों के हितों के लिए सदन से सड़क तक निरंतर संघर्ष जारी रहेगा : डा. हरी सिंह ढिल्लो

जागरण मोर्चा कार्यालय




बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** बरेली–मुरादाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से शिक्षक विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी डा. हरी सिंह ढिल्लो ने आज जनपद रामपुर के मिलक क्षेत्र स्थित विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर शिक्षकों, शिक्षिकाओं एवं विद्यालय परिवार के सदस्यों से आत्मीय संवाद किया तथा आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव में समर्थन एवं मत की अपील की।

इस दौरान डा. ढिल्लो ने शिक्षकों एवं विद्यालयों के हित में उनके द्वारा विधान परिषद में उठाए गए विभिन्न मुद्दों एवं मांगों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि उनके प्रयासों तथा सदन में लगातार उठाई गई आवाज के परिणामस्वरूप प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों एवं विद्यालयों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों को निःशुल्क कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना शिक्षकों के हित में एक महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक निर्णय है। इसके लिए उन्होंने सभी शिक्षक साथियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि शिक्षकों के सम्मान, अधिकार एवं सुविधाओं के लिए उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।डा. हरी सिंह ढिल्लो ने कहा कि पिछले शिक्षक एमएलसी चुनाव में उन्होंने शिक्षकों के सामने "न खाऊंगा, न खाने दूंगा" का संकल्प रखा था और आज भी वह अपने इस संकल्प पर पूरी तरह कायम हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के विश्वास एवं सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ कार्य किया जाएगा।विद्यालय भ्रमण के दौरान शिक्षकों एवं विद्यालय परिवारों ने आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव में डा. हरी सिंह ढिल्लो को अपना स्नेह, विश्वास एवं भरपूर समर्थन देने का आश्वासन दिया। डा. ढिल्लो ने सभी गुरुजनों एवं विद्यालय परिवारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों का यह स्नेह और विश्वास उन्हें और अधिक मजबूती से उनके हितों के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।इस अवसर पर पूर्व जिला सहकारी बैंक चेयरमैन देवकरण गंगवार, प्रबंधक आशीष गंगवार, प्रबंधक ओमप्रकाश गंगवार, प्रबंधक रामपाल गंगवार, प्रबंधक प्रेम शंकर गंगवार , प्रबंधक राकेश कुमार, प्रबंधक निर्भय चौधरी, प्रबंधक सरदार देवेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश शर्मा एवं रविन्द्र बांगा सहित अन्य गणमान्य लोग एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।डा. हरी सिंह ढिल्लो ने मिलक क्षेत्र के रजा इंटर कॉलेज चमरौआ, महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज, श्यामा देवी इंटर कॉलेज, विवेकानंद इंटर कॉलेज, सरदार पटेल इंटर कॉलेज हरसूनगला, गुरू नानक पब्लिक स्कूल, गुरू नानक एकेडमी, एस.आर.एम. इंटर कॉलेज तथा प्रकाश इंटर कॉलेज मिलक सहित विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर शिक्षकों से संवाद किया।

# शाहबाद में सांप के डसने से ग्रामीण की जान गई, झाड़ फूंक के चक्कर में लगे रहे परिजन

जागरण मोर्चा कार्यालय



फाइल फोटो मृतक राजेश।

**शाहबाद।** कोतवाली क्षेत्र के रवानी पट्टी उदा गांव निवासी राजेश उर्फ राजू (46) पुत्र ननुकी की सांप के डसने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। राजेश को सांप के डसने के बाद घंटों तक परिजन झाड़ फूंक के चक्कर में लगे रहे और बाद में जब सीएचसी लेकर पहुंचे तो वहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया।

राजू पिछले कई सालों से सांप पकड़ने का काम करता था। वह शुक्रवार सुबह सांप को पकड़कर अपने घर लेकर आया था। टोकरी में बंद करने के दौरान सांप ने राजेश को डस लिया, जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजनों ने अस्पताल ले जाने के बजाय सुबह से ही उसे झाड़-फूंक के चक्कर में उलझाए रखा, जिससे उसकी हालत ओर बिगड़ती रही, जब झाड़ फूंक से कोई सुधार नहीं हुआ तो परिजन अनन फानन में राजेश को सीएचसी शाहबाद लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया।

मृतक के परिवार में उनकी पत्नी और पांच बच्चे ,चार बेटियां और एक बेटा हैं। जिनमें से तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। इस अचानक हुई दुर्घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अंधविश्वास में नहीं पड़ते तो बच सकती थी राजेश की जान

**शाहबाद।** सांप के डसने से मरे राजेश के परिजन अगर अंधविश्वास के फैर में न पड़कर तुरंत किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाते तो शायद राजेश की जान बच जाती। लेकिन उसके परिजन घंटों तक झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े रहे और राजेश की हालत बिगड़ती गई। थक हारकर जब परिजन उसको शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने राजेश को मृत घोषित कर दिया।

# मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग योजना से बदली शाहबाद के अनुज की किस्मत

## 1.40 लाख के ऋण से शुरू किया मधुमक्खी पालन, 8 लोगों को दे रहे रोजगार, अक्टूबर से फरवरी के सीजन में प्रति बॉक्स 8-10 किलो शहद उत्पादन

जागरण मोर्चा कार्यालय



मधु मक्खी पालन के बारें जानकारी देते अनुज। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** प्रदेश सरकार की 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' ग्रामीण अंचल के युवाओं के जीवन में समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया सवेरा ला रही है। जिले की शाहबाद तहसील अंतर्गत आनवरिया गांव निवासी 32 वर्षीय हाईस्कूल पास अनुज सिंह ने इस योजना के माध्यम से अपनी किस्मत की नई इबारत लिखी है। पूर्व में पारंपरिक खेती-बाड़ी से सालाना महज 60,000 रुपये तक की सीमित उपज हासिल करने वाले अनुज ने 1.40 लाख रुपये का सरकारी ऋण लेकर मधुमक्खी पालन का व्यवसाय शुरू किया। आज वे 65 बॉक्स के माध्यम से न केवल सालाना 70 से 80 हज़ार रुपये की शुद्ध बचत अर्जित कर रहे हैं, बल्कि गांव व आसपास के 7 से 8 युवाओं को 6,000 से 10,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन पर प्रत्यक्ष रोजगार भी दे रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से प्रेरित होकर क्षेत्र के 52 से 53 किसान व युवा मीठी क्रांति से जुड़ चुके हैं। अनुज सिंह की सफलता की नींव उनके गांव के ही एक पूर्ववर्ती मधुमक्खी पालक से मिली प्रेरणा से पड़ी। गांव के साथी से योजना और व्यवसाय की बारीकियां समझने के बाद उन्होंने खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के माध्यम से 'मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना' में आवेदन किया। हालांकि आवेदन प्रक्रिया के दौरान जमीन के अभिलेख (कागज) जमा कराने की शर्त पर पिताजी ने कुछ संकोच व्यक्त करते हुए मना किया था, लेकिन अनुज ने पूर्ण आत्मविश्वास के साथ स्वयं बैंक किश्तें चुकाने की जिम्मेदारी उठाई। महज एक से सवा महीने की अल्पावधि में उनका 1.40 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया, जिससे उनके सपनों को पंख मिले।एपिस मेलिफेरा प्रजाति से शुरुआत, 550 रुपये के बॉक्स व 352 रुपये के छत्ते से बुना ढांचा ऋण राशि प्राप्त होते ही अनुज ने व्यावसायिक स्तर पर मधुमक्खी पालन का ढांचा तैयार किया। उन्होंने भारत में सबसे अधिक पाली जाने वाली उन्नत प्रजाति 'एपिस मेलिफेरा' का चयन किया। शुरुआती लागत में उन्होंने 500 से 550 रुपये प्रति बॉक्स की दर से खाली लकड़ी के बॉक्स, 352 रुपये प्रति छत्ते की दर से मधुमक्खी छत्ते और 80 से 90 रुपये प्रति स्टैंड की दर से लोहे के स्टैंड खरीदे।

### 4 महीने का मुख्य सीजन, अक्टूबर से फरवरी के बीच प्रति बॉक्स 8 से 10 किलो शहद निष्कर्षण

मधुमक्खी पालन के उत्पादन चक्र की जानकारी देते हुए अनुज बताते हैं कि शहद का मुख्य सीजन अक्टूबर से फरवरी तक कुल 4 महीने चलता है। इस अनुकूल मौसम में प्राकृतिक फूलों से परागण कर मधुमक्खियां प्रचुर मात्रा में शहद तैयार करती हैं। सही मौसम और बेहतर फ्लावरिंग मिलने पर प्रति बॉक्स 8 से 10 किलोग्राम तक गुणवत्तापूर्ण शुद्ध शहद प्राप्त होता है। वर्तमान में उनके पास 65 बॉक्स कार्यरत हैं, जिनसे सीजन के दौरान क्विंटल के हिसाब से शहद का उत्पादन होता है।शहद की गुणवत्ता और मक्खियों के स्वास्थ्य के लिए माइग्रेशन (स्थान परिवर्तन) बेहद महत्वपूर्ण प्रक्रिया है।

**प्रोत्साहन** | रोजगार क्षमता बढ़ाने, वीमेन इंट्रप्रेनर सेल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी महिला टीम

# महिलाओं में उद्यमिता विकसित करने आगे आएगी आईआईए महिला उद्यमी सेल : गार्गी सरदाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



गार्गी सरदाना।



गुंजन सक्सेना।



बबिता रस्तोगी।



अंकिता सिंघल।



रूपम गुप्ता।



प्रज्ञा जैन।



मिनी अग्रवाल।



श्वेता अग्रवाल।

**रामपुर।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के महिलाओं को सभी क्षेत्रों मे प्रोत्साहन के आवाहन पर आई आई ए के निर्देश पर जिले में वूमेन इंट्रप्रेनेर सेल का गठन हो गया है। आईआईए चैप्टर के चेयरमैन श्रीष गुप्ता ने आशा व्यक्त की है कि में महिलाओं में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने में, स्टार्टअप देने, वित्तपोषण उपलब्ध कराने में,रोजगार क्षमता बढ़ाने, वीमेन इंट्रप्रेनेर सेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

सेल महिलाओं के लिए उद्यम कार्यशालाएं आयोजित करेगी,महिलाओं को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं को दी जा रही योजनाओं, नवाचार, सब्सिडी, स्किल एन्हांसमेंट, ऋण, निर्यात के अबसर आदि के बारे में जागरूक करेगी, प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराकर उनकी सहायता करेगी । इसके अलावा अन्य समाज सेवा के कार्य में अग्रणी संस्था का रोल निभाएगी। सेल की चेयरपर्सन गार्गी सरदाना ने आई आई ए चेयरमैन श्रीश गुप्ता की संस्तुति पर बबिता रस्तोगी को सचिव एवं सी ए अंकिता सिंघल को फाइनेंस कंट्रोलर नियुक्त किया है।

एडवाइजरी बोर्ड में गुंजन सक्सेना, रानी गुप्ता, वर्तिका जिंदल, प्रीति कपूर, मधु नंदा, पूनम जॉली, ऋचा अग्रवाल, रेनू वार्ष्णेय एवम ममता गुप्ता को नियुक्त किया है। नवघोषित टीम में रूपम गुप्ता, प्रज्ञा जैन, मिनी अग्रवाल को वाईस चेयरमैन, श्वेता अग्रवाल को जॉइंट सेक्रेटरी एवं शिखा गुप्ता, नमिता गुप्ता, निशा अग्रवाल रश्मि रस्तोगी को इवेंटवर्कशॉप कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। आईआईएडब्ल्यूइसी शीघ्र ही एक मीटिंग कर आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करेगी।

# शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

## मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं शिक्षक

जागरण मोर्चा कार्यालय



बीएसए से वार्तालाप करते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित प्रशासनिक एवं सेवा संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संघ ने कहा कि लंबे समय से लंबित समस्याओं के कारण शिक्षक मानसिक एवं आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं, जिससे शैक्षिक कार्य भी प्रभावित हो रहा है।

ज्ञापन में संघ ने प्रमुख रूप से मांग की कि यू-डायस प्लस पोर्टल पर 100 से अधिक शिक्षकों की प्रोफाइल में दर्ज गलत विद्यालयों को तत्काल संशोधित कराया जाए, क्योंकि इससे ऑनलाइन सेवाओं एवं विभागीय कार्यों में लगातार कठिनाइयां आ रही हैं।संघ ने चयन वेतनमान के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, इंचार्ज शिक्षकों को प्रधानाध्यापक के समान वेतन का लाभ दिए जाने तथा समायोजन सूची में जूनियर हाईस्कूल के सहायक अध्यापकों के विषय वर्ग से संबंधित त्रुटियों को तत्काल ठीक कराने की भी मांग उठाई।

ज्ञापन में यह भी कहा गया कि जिन शिक्षकों के अवकाश खाते में सीएल उपलब्ध होने के बावजूद वेतन से कटौती की जा रही है, उनकी अनावश्यक कटौती बंद कर काटी गई धनराशि वापस की जाए। इसके साथ ही नई शिक्षा नीति के अनुरूप विद्यालयों का संचालन प्रतिदिन पांच घंटे किए जाने, शनिवार को हाफ डे घोषित करने तथा शिक्षकों की सुरक्षा के दृष्टिगत सावन माह में प्रत्येक सोमवार को विद्यालयों की छुट्टी की मांग की।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने सभी लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल, जिला मंत्री आनन्द प्रकाश गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश विश्वकर्मा, सलोनी लोचन, शीतल सिंह, रविन्द्र कौर, राजेन्द्र सिंह, ज़रीफ अहमद, अरविन्द कुमार, ख्याति वर्मा, मेजर सिंह यादव, रामकिशोर, मनीषा सक्सेना आदि उपस्थित रहें।





## एक नजर

### प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने लिखे सुंदर स्लोगन

**चंदौसी।** राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता पखबाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें सभी स्वयंसेवकों के बीच स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्वयंसेवकों द्वारा एक कदम स्वच्छता की ओर, स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत, स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी हटाओ- देश को चमकाओ, स्वच्छता अपनाओ- बीमारी मिटाओ, हम सबका यही सपना-स्वच्छ भारत हो अपना, स्वच्छता से नाता जोड़ो- गंदगी को पीछे छोड़ो आदि स्लोगन लिखे। विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपाल सिंह शास्त्री जी ने स्वयंसेवकों द्वारा लिखे गए स्लोगन की सराहना करते हुए इसे और अधिक कलात्मक ढंग से प्रस्तुत करने संबंधी टिप्स दिए। इस प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में रासेयो इकाई प्रभारी शरद शर्मा के साथ आचार्य विकास शर्मा का भी सहयोग रहा।

# युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान

## महाविद्यालय में कैंसर मुक्त भारत विषय पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** एनकेबीएमजी कॉलेज में फर्स्ट एड कमेटी व नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम समिति के संयुक्त तत्वावधान में कैंसर मुक्त भारत विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि नगर के कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित बंसल द्वारा पॉवर प्वाइंट प्रेज़ेन्टेशन के माध्यम से कैंसर के विभिन्न प्रकार, कारणों, उपचार के विषय में बताया। उन्होंने उपस्थित शिक्षिकाओं व छात्राओं को कैंसर से बचाव के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि मद्यपान, धूम्रपान, तम्बाकू का सेवन,पौष्टिक आहार न लेना, अधिक समय तक में धूप में काम करना, मोटापा आदि अनेक कारण कैंसर के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं। महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण करवाना चाहिए, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम आदि को दिनचर्या में शामिल करने कैंसर जैसी बीमारी से बचाव हो सकता है। डॉ. बंसल ने छात्राओं से कैंसर के प्रति जागरूकता से संबंधित अनेक प्रश्न किये छात्राओं ने सक्रियता से व्याख्यान में रुचि दिखायी। डॉ. मोहित बंसल ने नशे और स्वास्थ्य के बीच संबंध में बताया कि तंबाकू एवं अन्य हानिकारक पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को कैंसर सहित विभिन्न गंभीर रोगों के जोखिमों के प्रति सचेत किया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नशे की शुरुआत अक्सर छोटी आदतों से होती है, लेकिन समय के साथ यह व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए गंभीर समस्या बन सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने परिवार, मित्रों और समाज में भी नशा मुक्ति के संदेश का प्रसार करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को अपने स्वास्थ्य, शिक्षा, खेलकूद एवं रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आशीर्वाद हेल्थ केयर सेंटर से अमित यादव व खुशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रीता, डॉ. भावना, अंजुली अग्रवाल, डॉ. नीता गुप्ता, डॉ. इमराना व जेआरएफ छात्रा सुरभि पाराशर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रीता ने किया। महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।



चंदौसी के एनकेबीएमजी पीजी कॉलेज मे जागरूकता कार्यक्रम में बोलते डॉ. मोहित बंसल। -जागरण मोर्चा



रुपयों का गबन करने वाले सहायक पोस्ट मास्टर का खुलासा करते एसपी।

# पोस्ट मास्टर ने 2260000 रुपए किए गबन, केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जनपद सम्भल के विभिन्न डाकघर में तैनात रहे सहायक पोस्ट मास्टर द्वारा खाताधारको के रूपयों गबन कर लिया गयाकर लिया गया आरोपी को बहजोई पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। कोतवाली चंदौसी के मोहल्ला सेमर टोला निवासी दीपक कुमार पुत्र करन सिंह डाकघर में सहायक पोस्ट मास्टर के पद पर तैनात था उसने जनपद के विभिन्न डाकघर में कार्य किया था बहजोई स्थित डाकघर में तैनाती के दौरान सहायक पोस्ट मास्टर ने खाताधारकों के खातो से कुल 2260000 रुपये निकाल कर गबन कर लिया गया तथा खाता धारको को गलत खाता संख्या की पास बुक उपलब्ध कराई गयी थी। इसके विरोध खाता धारकों को द्वारा बहजोई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई पुलिस ने आरोपी को बहजोई से सम्भल जाने वाले रास्ते पर चितौरा रोड से गिरफ्तार कर लिया आरोपी के विरुद्ध भेजी थाने में 6 खाता धारकों द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

# हत्या के 3 दोषियों को आजीवन कारावास

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना संभल में वर्ष 2021 में तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या व हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। न्यायालय ने तीनों आरोपियों को दूसरी सिद्ध कर गुरुवार को फैसला सुरक्षित रख लिया है। न्यायालय ने शुक्रवार को तीनों आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाएगी और अर्थ दंड से दंडित किया है।



मुकदमा वादी व मृतक के भाई अकील अहमद पुत्र सईद अहमद के अनुसार उसका भाई रिहान एक होटल पर रोटी बनाने का काम करता था। 30 जुलाई 2021 को संभल के ही सलीम, सलमान, जावेद होटल पर पहुंचे और रोटी बनाने का आर्डर दिया। तीनों रेहान से रोटी जल्दी बनाने को कहने लगे। रेहान ने रोटी बनने में कुछ समय लगने की बात कही तो तीनों उसे पर हमलावर हो गए और चाकू मार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद ले जाते समय रेहान ने रास्ते में दम तोड़ दिया। रिहान के भाई अकील ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार कर लिया। जब कि सलमान फरार बना हुआ था। जिसे पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक अगस्त को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान सलमान ने पुलिस पार्टी पर फायर कर हमला भी किया था। मुकदमे की सुनवाई जिला न्यायालय स्थित अपर एवं सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत में हो रही थी। जबकि पीड़ित पक्ष की ओर से एडीजीसी हरिओम प्रताप सैनी और हरीश सैनी पैरवी कर रहे थे। गुरुवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने तीनों आरोपियों को हत्या व हत्या के प्रयास का दोषी मानते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय शुक्रवार को तीनों के लिए आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाएगी। साथ ही सलमान को एक लाख 70 हजार जबकि सलीम व जावेद को एक लाख 65 हजार रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया है।



चंदौसी के स्कूल मे छात्र को टीकाकरण करती एएनएम। -जागरण मोर्चा

# विद्यालय में हुआ टीकाकरण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** नगर क्षेत्र के ग्राम पथरा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा एक, चार एवं पांच के विद्यार्थियों को टिटनेस से बचाव के लिए टीके लगाए गए।टीकाकरण एएनएम किरण द्वारा किया गया, जबकि आशा कार्यकर्ता रेखा और गिरीश ने अभियान में सहयोग किया। इस दौरान बच्चों को आवश्यक दवाओं का भी वितरण किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने टीकाकरण कराने वाले सभी विद्यार्थियों का नाम एवं आवश्यक विवरण अभिलेखों में दर्ज कराया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक महानंदन गौतम सहित समस्त स्टाफ ने अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया।

# जहरीले पदार्थ के सेवन से महिला की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के कस्बा नरौली में महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मायके पक्ष की ओर से तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी।



चंदौसी में महिला की मौत के बाद परिजनों से जानकारी करती पुलिस।

कस्बा नरौली की मोहल्ला बंजारी कुआं निवासी महिला रुखसाना 50 वर्ष पत्नी अबरार परिवार के साथ रहती है। महिला का पति दिल्ली में कार्य करता है। गुरुवार की रात अबरार घर आया था, रोजाना की तरह महिला ने शुक्रवार की सुबह भोजन पकाया और परिजनों को खिलाया। दोपहर 1:30 बजे महिला ने जहरीले पदार्थ का

▶ पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

सेवन कर लिया। जब महिला की हालत बिगड़ी तो परिजन उसे चंदौसी स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां महिला ने उपचार के दौरान शाम 4:30 बजे दम तोड़ दिया। महिला की सास हुसनवा ने बताया कि परिवार में किसी भी तरह का कोई विवाद नहीं हुआ था। मगर बहू ने जहरीले पदार्थ का सेवन क्यों किया इसकी जानकारी नहीं हुई। घटना की सूचना मिलने पर थाना व नरौली चौकी पुलिस अस्पताल पहुंच गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है, उधर महिला के मायके वालों की ओर से तहरीर आने की तैयारी चल रही थी।

# कारागार में आरोपी को दाखिल न करने पर आपस में भिड़े दो सिपाही

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** जिला न्यायालय स्थित कारागार में मोबाइल चोरी के आरोपी को दाखिल न करने पर दो सिपाही आपस में भिड़ गए मारपीट में एक सिपाही की वर्दी फट गई। मौके पर पहुंच सीओ संभल ने जानकारी की है।

शुक्रवार को जीआरपी के दो सिपाही मोबाइल चोरी के आरोपी को जिला न्यायालय लेकर पहुंचे न्यायालय की पेशी में देरी होने पर दोनों सिपाही आरोपी को कारागार में दाखिल करने पहुंचे जहां कराकर पर तैनात सिपाही ने आरोपी को कारागार में दाखिल करने से इनकार कर दिया इसी बात को लेकर जीआरपी सिपाही बा कारागार पटना सिपाही में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई जिसमें कारागार पर तैनात सिपाही की वर्दी फट गई। घटना की जानकारी होने पर सीओ संभल ने मौके पर जाकर जानकारी ली। बताया जाता है कि बताया गया कि कारागार पर तैनात सिपाही ने आरोपी के पैर में चोट होने पर उसे दाखिल करने से इनकार किया था घटना की सूचना पर जीआरपी पुलिस पहुंच गई सिपाहियों में मारपीट होने पर कारागार के पास भीड़ एकत्रित हो गई घटना की जांच चल रही है।



चंदौसी जिला न्यायालय स्थित कारागार के बाहर खड़ी पुलिस। -जागरण मोर्चा

# भगवान की कृपा ही वास्तविक सफलता का मुख्य आधार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** गीता सत्संग भवन में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है कथाव्यास प्रशान्त कुमार मिश्र ने समुद्र मंथन, वामन चरित्र, गंगा अवतरण, श्रीराम चरित्र कथा का रसपान कराया।

कथाव्यास ने कहा कि भगवान अपने भक्त की निष्कपट भक्ति के वश में रहते हैं। उन्होंने बताया कि गजेन्द्र ने जब पूर्ण समर्पण और आर्तभाव से भगवान का स्मरण किया, तब भगवान ने तत्काल प्रकट होकर उसका उद्धार किया। इससे सिद्ध होता है कि भगवान के लिए बाह्य सामर्थ्य नहीं, बल्कि निष्काम भक्ति ही सर्वाधिक प्रिय है। समुद्र मंथन प्रसंग में उन्होंने भगवान के मोहिनी अवतार का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान के चरणकमलों का आश्रय लेने वाले देवता अमृत के अधिकारी बने, जबकि भगवान का विरोध करने वाले असुर अथक परिश्रम करने के बाद भी अमृत से वंचित रह गए। इससे स्पष्ट होता है कि भगवान की कृपा ही वास्तविक सफलता का आधार है। वामन चरित्र का वर्णन करते हुए कथाव्यास जी ने कहा कि जब भगवान अपने भक्त पर प्रसन्न होते हैं तो वह स्वयं को भी भक्त के लिए समर्पित कर देते हैं। भक्तराज बलि ने अडिग श्रद्धा के साथ अपना सर्वस्व भगवान को अर्पित कर दिया, तब भगवान ने स्वयं उसके द्वारपाल बनकर भक्तवत्सलता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य यजमान दिवाकर पाठक, यथार्थ कृष्ण पाठक, अनुपम शर्मा, मनोज कुमार, सत्यवीर सिंह, सुधांशु उपाध्याय, हर्ष शर्मा, रविंद्र शर्मा, नेत्रपाल सिंह, देवकी नन्दन, यतीश शर्मा, माधव मिश्र आदि मौजूद रहे।

# पालिकाध्यक्ष ने परखा नाला निर्माण कार्य

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** नगर पालिका परिषद की ओर से गणेश मंदिर के पास नाला निर्माण कराया जा रहा है ताकि गणेश मेले के दौरान श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े पालिका अध्यक्ष ने मौके पर पहुंच निर्माण कार्य का जायजा लिया।

शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष लता वैष्णव गणेश मंदिर के समीप पहुंची और नाला निर्माण का जायजा लिया निर्माण कार्य के दौरान जेसीबी से पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई इसके बाद सीख रही नई पेयजल पाइपलाइन डलवाई गई। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि पाइपलाइन एवं



चंदौसी मे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण करती पालिकाध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

▶ कार्य में शिथिलता न बरतने के दिए निर्देश

निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए, जनहित को दृष्टिगत रखते हुए कार्यस्थल पर प्रगति कार्य सूचना बोर्ड लगाया जाए, मेला गणेश चौथ एवं आम जनमानस, राहगीरों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे, इस मौके पर जलकल लिपिक अर्पित श्रीवास्तव, कृष्णमोहन, मुकुल शर्मा, पंकज चौधरी आदि स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

नशामुक्ति | एसएम कॉलेज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

# नशा मुक्त भारत विषय पर संपन्न हुई स्लोगन प्रतियोगिता

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के ओर से नशा मुक्त भारत विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना था।

नशा मुक्त भारत स्लोगन प्रतियोगिता का प्रारंभ करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दानवीर सिंह यादव ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और समाज पर अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालता है। डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा ने युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। स्लोगन प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रभावशाली एवं प्रेरणादायक स्लोगनों के माध्यम से नशा छोड़ने, स्वस्थ जीवन अपनाने तथा समाज में जनजागरूकता फैलाने का संदेश दिया। विद्यार्थियों के स्लोगनों में सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय चेतना की स्पष्ट झलक दिखाई दी। प्रतियोगिता में संभव गुप्ता, रमन शर्मा, नंदिनी, ज्योति, दिव्यांशु, दीपक, मोहित, मुकुल आदि ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल ने स्लोगनों का मूल्यांकन उनकी मौलिकता, भाषा, संदेश एवं प्रस्तुति के आधार पर मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने नशामुक्त भारत के निर्माण हेतु स्वयं नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों, निर्णायकों एवं सहयोगी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम हैं। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुई तथा नशा मुक्त भारत, स्वस्थ भारत के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।




चंदौसी के एसएम कॉलेज मे स्लोगन प्रतियोगिता के दौरान जागरुक करते स्वयंसेवक।

# चंदौसी को प्लास्टिक मुक्त बनाने का किया आह्वान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** नगर पालिका परिषद एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वावधान में बीएमजी इंटर कॉलेज में छात्राओं के क्षमता संवर्धन को स्वच्छता की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्वच्छता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक उन्मूलन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर व्यवहार परिवर्तन के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम में पालिका की सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह एवं आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह द्वारा छात्राओं को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026, 4 बिन्स डस्टबिन कलर कोडिंग एवं कचरे के सही पृथक्करण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि घर एवं विद्यालय से निकलने वाले कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग रखना स्वच्छता की पहली सीढ़ी है। गीला कचरा, सूखा कचरा, स्वास्थ्यकर कचरा एवं घरेलू हानिकारक कचरे को निर्धारित डस्टबिन में डालने तथा कचरे को इधर-उधर न फेंककर पालिका द्वारा अधिकृत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन में ही देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्लास्टिक के दुष्प्रभाव एवं प्लास्टिक उन्मूलन पर विशेष रूप से चर्चा की गई। छात्राओं से सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी बनाकर कपड़े एवं जूट के थैलों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया गया। साथ ही होम कंपोस्टिंग, पर्यावरण संरक्षण, भूजल संरक्षण को प्रेरित किया गया। छात्राओं को स्वच्छ सारथी क्लब के माध्यम से स्वच्छता दूत की भूमिका निभाने तथा अपने परिवार, विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से स्वच्छता अभियान को जन-आंदोलन का रूप दिया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने प्लास्टिक मुक्त, स्वच्छ एवं हरित चंदौसीके निर्माण में सक्रिय सहभागिता करने तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा सागर, शिक्षिकाएं वीना देवी, करिश्मा अग्रवाल सहित अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। नगर पालिका की ओर से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक प्रियंका सिंह, आईटीसी मिशन सुनहरा कल से अर्बन कोऑर्डिनेटर करन सिंह, डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्शन प्रभारी रवि कुमार, सुपरवाइजर कपिल, सोनू, रिजवान, सोनू अनजान सहित सफाई मित्र उपस्थित रहे।



छात्राओं को स्वच्छता की जानकारी देती सफाई एवं खाद्य निरीक्षक।

## गीता सार



युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी नियतमानसः।
शांतिं निर्वाणपरमां मत्संस्थामधिगच्छति ॥

**भावार्थ :** इस प्रकार निरंतर शरीर द्वारा अभ्यास करके, मन को परमात्मा स्वरूप में स्थिर करके, परम-शांति को प्राप्त हुआ योग में स्थित मनुष्य ही सभी सांसारिक बंधन से मुक्त होकर मेरे परम-धाम को प्राप्त कर पाता है।

# बांग्लादेश में आफत

तख्तापलट के बाद से बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना निर्वासित जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने एक अरसे बाद अपने देशवासियों को भर्राए गले से संबोधित करते हुए बांग्लादेश वापसी की बात बताई। इसके बाद से पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की कुर्सी डोलने लगी है। इन सबके बीच अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे बांग्लादेश की दुर्दशा की बात सामने आई है। बांग्लादेश में गैस संकट अब सीएनजी फिलिंग स्टेशनों के लिए गंभीर आर्थिक संकट का रूप लेता जा रहा है। गैस आपूर्ति में लगातार कमी आने से अधिकांश स्टेशनों पर बिक्री आधे से कम रह गई है, जिसके कारण ऑपरेटर्स को भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा है। कई स्टेशन मालिक कर्मचारियों के वेतन, भत्ते, बिजली-पानी के बिल, किराए और अन्य परिचालन खर्च अपनी जेब से वहन करने को मजबूर हैं। गैस की कम आपूर्ति का सीधा असर स्टेशन कर्मचारियों पर पड़ रहा है। कामकाज लगभग ठप होने से बड़ी संख्या में कर्मचारियों की नौकरियां खतरे में आ गईं हैं। कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से सीएनजी फिलिंग स्टेशन विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं लेकिन मौजूदा गैस संकट ने हालात और बदतर बना दिए हैं। उनका आरोप है कि सरकार की ओर से अब तक इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। कर्मचारियों के अनुसार सरकार द्वारा तय 18% लाभांश में से लगभग 14% बिजली बिलों पर खर्च हो जाता है। ऐसे में केवल 4% राशि ही कर्मचारियों के वेतन और अन्य परिचालन खर्चों के लिए बचती है। गैस की बिक्री घटने के कारण अब यह सीमित आय भी प्रभावित हो गई है। कर्मचारियों का वेतन और स्टेशन का पूरा खर्च गैस बिक्री से होने वाली आय पर निर्भर करता है। लेकिन कम गैस दबाव के कारण बिक्री नहीं हो रही है और कर्मचारियों को बिना काम के वेतन देना पड़ रहा है। यदि यह संकट लंबे समय तक जारी रहा तो कर्मचारियों की छंटनी के अलावा कोई विकल्प नहीं बचेगा। यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो कर्मचारियों की छंटनी अपरिहार्य हो जाएगी। बांग्लादेश में मौजूदा गैस संकट की शुरुआत 21 जुलाई को कॉक्स बाजार स्थित फ्लोटिंग स्टोरेज एंड रीगैसिफिकेशन यूनिट (एफएसआरयू) में आग लगने के बाद हुई। इस हादसे में यूनिट के दो बॉयलरों में से एक क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे उसका संचालन बंद करना पड़ा। अमेरिकी कंपनी एक्सेलेरेट एनर्जी द्वारा संचालित यह फ्लोटिंग एलएनजी टर्मिनल आंशिक रूप से दोबारा चालू हुआ है और सीमित मात्रा में एलएनजी की आपूर्ति राष्ट्रीय गैस ग्रिड में शुरू की गई है। हालांकि, 20 अगस्त तक नए एलएनजी कार्गो उपलब्ध नहीं होने के कारण निर्बाध गैस आपूर्ति सुनिश्चित करना अभी भी चुनौती बना हुआ है। आग लगने से पहले देश में प्रतिदिन लगभग 2.65 अरब घन फुट गैस की आपूर्ति होती थी, जिसमें 1.1 अरब घन फुट से अधिक एलएनजी से प्राप्त होती थी।



### 2030 में हम 6जी बरत रहे होंगे

# हमारे इस दावे में कितना दम?



संजय श्रीवास्तव

वैश्विक दूरसंचार की दुनिया में 5जी नेटवर्क के व्यापक विस्तार के बीच अगली पीढ़ी यानी 6जी की वैश्विक होड़ तेजी से आकार ले रही है। हम इस मामले में दुनिया का अव्वल देश बनने के लिए तेज तैयारी कर रहे हैं ताकि 2030 देश भी 6जी का इस्तेमाल करे। आखिर इस तकनीक से क्या बदलने वाला है?

सरकार का दावा है कि 2030 तक देश 6जी का इस्तेमाल कर रहा होगा। यही नहीं इस तकनीक के क्षेत्र में उसकी तेज तैयारी उसे वैश्विक नेतृत्व दिलाएगी। इस संदर्भ में 'भारत 6जी अलायंस' के गठन और 2030 तक इसके विकास व क्रियान्वयन से संबंधित जो महत्वाकांक्षी स्पेक्ट्रम रोडमैप जारी किया है, वह वाकई उत्साहवर्धक और स्वागत योग्य है। उसकी यह पहल दिखाती है कि अब हम तकनीक का महज उपभोग करने वाले नहीं बल्कि वैश्विक मानकों और पेटेंट को आकार देने वाले एक वैश्विक अगुआ देश के तौर उभरना चाहते हैं। भले ही चीन ने प्रयोगात्मक 6जी उपग्रह कक्षा में स्थापित कर लिए, लेकिन दुनिया का कोई देश अभी व्यावसायिक स्तर पर 6जी सेवा शुरू नहीं कर सका है। अमेरिका, चीन, दक्षिण कोरिया, जापान, यूरोपीय संघ और ब्रिटेन जैसे देश 6जी के शोध, पेटेंट और मानक तय करने की दौड़ में हैं। सिंगापुर, वियतनाम, स्वीडेन, फिनलैंड जैसे तमाम छोटे, बड़े अल्प विकसित, विकसित तथा विकासशील देशों में भी 6जी को लेकर कवायद जारी है। अधिकांश देशों में यह प्रक्रिया अभी अनुसंधान, परीक्षण और मानक निर्धारण के चरण में हैं। यह कहना कि 2030 तक अनेक देशों में 6जी आम उपभोक्ता तक पहुंच जाएगा, अनुमान भर है ऐसे में भारत की सबसे आगे निकलने की चाहत स्वाभाविक है क्योंकि वर्तमान भारत के पास इसकी इच्छाशक्ति ही नहीं क्षमता और कुशलता भी है। हालांकि हमारी तरह जापान और दक्षिण कोरिया ने भी 2030 तक व्यावसायिक सेवाओं का लक्ष्य रखा है, अमेरिका ने भी। मगर 'भारत 6जी विजन' का मूल उद्देश्य और रणनीति दूसरों से किंचित अलग है। वह तैयार तकनीक खरीद कर पिछली पीढ़ियों की तरह तकनीकी आयातक बनने की बजाए पेटेंट, चिप डिजाइन, रेडियो उपकरण, सॉफ्टवेयर, साइबर सुरक्षा तथा एआई आधारित नेटवर्क समाधान विकसित करने में लगा है ताकि वैश्विक मूल्य श्रृंखला का महत्वपूर्ण भाग बन सके। 2030 तक इस क्षेत्र में हमारे वैश्विक नेतृत्व का दावा थोड़ा कठिनाई भरा पर संभावित है।




मान लिया कि चार साल में 6जी देश में इस्तेमाल के लिए उपलब्ध हो जाएगा फिर भी कुछ असहज प्रश्न उठते हैं। देश की बड़ी आबादी आज भी 4जी का उपयोग कर रही है। अधिकांश क्षेत्रों में वास्तविक 5जी अनुभव सीमित है, तब 6जी की चर्चा क्या समय से पहले नहीं है? इसके आने से ऐसी कौन सी क्रांति आ जाएगी जो 4जी के बाद 5जी के आने से रह गई। सच यह है कि अभी 5जी भी हम पूरी तरह लागू नहीं कर सके हैं, 4जी की रफ्तार कुछ देशों के 3जी से भी बहुत धीमी है, 5जी नेटवर्क की डाउनलोड स्पीड भले ही आदर्श परिस्थितियों में बेहतर दिखे, लेकिन नेटवर्क की निरंतरता तथा लेटेंसी और वास्तविक इनडोर कवरेज में यह कई विकसित देशों के मुकाबले मीलों पीछे है। विकसित देशों में 5जी का इस्तेमाल केवल स्मार्टफोन पर वीडियो चलाने के लिए नहीं बल्कि इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, रोबोटिक सर्जरी और स्मार्ट सिटीज के रियल-टाइम डेटा मैनेजमेंट के लिए हो रहा है, जबकि यहां नेटवर्क की निरंतरता संदिग्ध होने से ऐसे प्रयोग आशंकाग्रस्त रहते हैं। ऐसे में 5जी की रफ्तार, नेटवर्क निरंतरता सुनिश्चित करने की बजाए 6जी की ओर जाने की ललक क्यों? क्या 6जी से सामान्य इंटरनेट उपभोक्ता जो इसका इस्तेमाल बहुधा ओटीटी प्लेटफार्म, मनोरंजन, सोशल मीडिया, समाचार, संदेशों का आदान प्रदान अथवा ऐसे ही साधारण कामों के लिए करता है उसको कोई खास लाभ होगा? कहीं यह केवल एक रणनीतिक भू-राजनीतिक होड़ तो नहीं? 6जी, आमजन को 4जी या 5जी के मुकाबले सस्ती पड़ेगी अथवा महंगी? इस पर किसी खास प्रोवाइडर का एकाधिकार तो नहीं हो जाएगा और क्या इसके कुछ नुकसान भी हैं? इस तकनीकी छलांग की आशावादिता के बीच इन साधारण सवालों का यथार्थवादी विश्लेषण आवश्यक है। दूरसंचार में नई पीढ़ी को विकसित होने में तकरीबन दशक लग जाता है इसलिए 6जी पर तैयारी अभी तेज करना जरूरी है ताकि 2030 में जब पूरी दुनिया 6जी पर शिफ्ट हो रही हो भारत फिर से विदेशी कंपनियों के उपकरणों, पेटेंटों और बौद्धिक संपदा पर निर्भर न रहे, जैसा कि 2जी, 3जी और 4जी के दौर में हुआ था। भविष्य का स्मार्ट उद्योग, स्वचालित वाहन, दूरस्थ शल्य चिकित्सा, डिजिटल ट्विन, रोबोटिक्स तथा रक्षा प्रणालियां इसी पर आधारित होंगी इसलिए भी हमें 6जी की तैयारी आज ही करनी होगी। जहां तक सामान्य उपभोक्ता का प्रश्न है, 6जी उसके दैनिक जीवन में कोई क्रांतिकारी बदलाव नहीं लाएगी क्योंकि यदि उसे 5जी पूरे रफ्तार से मिले तो वह भी उसके सभी कार्यों के लिए पर्याप्त से बहुत ज्यादा है। यह स्मार्टफोन में इंटरनेट की स्पीड बढ़ाने की तकनीक नहीं है बल्कि मशीन-टू-मशीन और एआई-टू-एआई संचार की तकनीक है। दरअसल 6जी का सबसे बड़ा ग्राहक आम नागरिक नहीं बल्कि उद्योग, अस्पताल, परिवहन, रक्षा, स्मार्ट शहर और स्वचालित उत्पादन प्रणाली होंगे। एक मिलीसेकंड से भी कम विलंबता, टेराबिट प्रति सेकंड तक की संभावित गति और एआई आधारित नेटवर्क प्रबंधन जैसे गुण औद्योगिक उपयोगों के लिए अधिक महत्वपूर्ण हैं। 6जी की असली क्षमता औद्योगिक और राष्ट्रीय अवसंरचना में दिखेगी। कोई शक नहीं कि 6जी के शुरुआती चरण में इसके डिवाइसेस यानी हैंडसेट और राउटर के साथ साथ सेवाएं भी बेहद महंगी होंगी।

इमेज

## श्रीरामचरितमानस



जलु पय सरिस बिकाइ देखहु प्रीति कि रीति भलि।
बिलग होइ रसु जाइ कपट खटाई परत पुनि॥57 ख॥

**भावार्थ :** प्रीति की सुंदर रीति देखिए कि जल भी (दूध के साथ मिलकर) दूध के समान भाव बिकता है, परंतु फिर कपट रूपी खटाई पड़ते ही पानी अलग हो जाता है (दूध फट जाता है) और स्वाद (प्रेम) जाता रहता है॥

### मानसिक स्वास्थ्य

# महिलाओं के लिए चुप्पी तोड़ने का समय

डॉ. माजिद अलीम

इसमें कोई दो राय नहीं है कि मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में आज पहले की तुलना में कहीं अधिक जागरुकता है। लेकिन अफसोस की बात यह है कि आज भी महिलाएं खुद पहल करके अपने मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा नहीं करतीं, जिस कारण वो आज पुरुषों के मुकाबले कहीं अधिक मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित हैं। तनाव, अवसाद, चिंता, अकेलापन और भावनात्मक थकान यह अकसर हंसती मुस्कुराती दिखने वाली महिलाओं की मुस्कान के पीछे छिपी पीड़ा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का भी मानना है कि जो महिलाएं सबका ध्यान रखती हैं, उन्हें अपना भी ध्यान रखने के लिए आगे बढ़कर पहल करनी होगी और मानसिक स्वास्थ्य को अच्छे जीवन का महत्वपूर्ण आधार बनाना होगा। क्योंकि मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही अपने परिवार, समाज और कार्यस्थल में बेहतर योगदान दे सकता है। इसलिए मानसिक स्वास्थ्य को कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए बल्कि समग्र स्वास्थ्य का अभिन्न हिस्सा मानना चाहिए।

आधुनिक जीवन ने महिलाओं के लिए अवसर तो बढ़ाए हैं, लेकिन जिम्मेदारियां भी कई गुना ज्यादा बढ़ा दी हैं। नौकरी, परिवार, बच्चों की देखभाल, बुजुर्गों की जिम्मेदारी, सामाजिक अपेक्षाएं और डिजिटल दुनिया का लगातार बढ़ता दबाव। इस सबके बीच महिलाएं आज तरह-तरह के मानसिक तनावों और दबावों से गुजरती हैं। कामकाजी महिलाओं के सामने घर और कार्यालय दोनो जगह पर बेहतर परफोर्मेंस करने का दबाव रहता है। साथ ही गृहिणियों के श्रम को वह सम्मान नहीं मिलता, वास्तव में वह जिसकी हकदार हैं। यही स्थिति धीरे-धीरे उनके मानसिक थकान, तनाव और आत्मविश्वास में कमी का कारण बन जाती है। महिलाओं के जीवन में किसी एक उम्र की चुनौतियां नहीं हैं बल्कि हर उम्र की अपनी तरह की चुनौतियां हैं। किशोरावस्था में पढ़ाई और कॅरियर की चिंता, युवावस्था में नौकरी और विवाह का दबाव, विवाह के बाद मातृत्व के दौरान शारीरिक और भावनात्मक परिवर्तनों का दबाव और मध्य आयु में हार्मोनल बदलाव। महिलाओं के जीवन का हर चरण नई मानसिक चुनौतियों को लेकर आता है। इसके अलावा अकेलापन, घरेलू हिंसा, आर्थिक असुरक्षा, रिश्तों में तनाव, सामाजिक तुलना तथा सोशल मीडिया का प्रभाव भी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। इसलिए प्रत्येक आयुवर्ग की महिलाओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता और संवाद आवश्यक है। दरअसल, हर मानसिक समस्या अवसाद या डिप्रेशन नहीं होती।

### तिथि विशेष

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

भारत की पहचान केवल उसकी विविध संस्कृति, भाषाओं और परंपराओं से ही नहीं, बल्कि सदियों पुरानी कला और शिल्प परंपराओं से भी होती है। इन्हीं में हथकरघा उद्योग का विशेष स्थान है। देश के बुनकर अपनी मेहनत, हुनर और रचनात्मकता से कपड़े पर भारतीय संस्कृति की अनूठी छाप छोड़ते हैं। हथकरघा क्षेत्र के इसी महत्व और बुनकरों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर वर्ष 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस का उद्देश्य देश की हथकरघा विरासत के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बुनकरों और कारीगरों को सम्मान देना तथा हथकरघा उत्पादों को बढ़ावा देना है। 7 अगस्त का दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्ष 1905 में इसी दिन स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी। स्वदेशी आंदोलन ने भारतीयों को विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और देश में निर्मित वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित किया था। इसी ऐतिहासिक भावना को ध्यान में रखते हुए 7 अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के रूप में चुना गया। भारत के अलग-अलग राज्यों में हथकरघा बुनाई की अपनी विशिष्ट पहचान है। बनारसी साड़ी, कांजीवरम, चंदेरी, महेश्वरी, पैठणी, असम की मूगा सिल्क और ओडिशा की इकत जैसी वस्त्र परंपराएं देश की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती हैं। इन वस्त्रों में स्थानीय कला, परंपरा और पीढ़ियों से चले आ रहे बुनकरों के कौशल का समावेश होता है। हथकरघा क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार के लिए भी महत्वपूर्ण है। बड़ी संख्या में बुनकर और कारीगर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़े हुए हैं। महिलाओं की भागीदारी भी इस क्षेत्र में उल्लेखनीय है। हथकरघा को बढ़ावा मिलने से स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और पारंपरिक कला को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में मदद मिलती है।



### खेल-खिलाड़ी : मुक्केबाजी

# बड़ी ताकत बनकर उभर रहा भारत

सारिम अन्ना

रिंग में अब भारत सिर्फ मुक्के नहीं बरसाता बल्कि दुनिया को अपनी मजबूत ताकत का भी एहसास कराता है। हाल में राष्ट्रकुल खेल (ग्लासगो-2026) में भारतीय मुक्केबाजों ने जिस तरह का शानदार प्रदर्शन किया है, उससे इस बात पर पक्की मुहर लग गई है। यह अकारण नहीं है कि ग्लासगो में संपन्न 23वें राष्ट्रकुल खेलों में भारत ने 14 मुक्केबाजों का दल भेजा था, जिसमें से 10 मुक्केबाज पदक लेकर लौटे हैं और इन पदकों में से 7 स्वर्ण पदक हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत मुक्केबाजी में अब कितनी दमदार उपस्थिति दर्ज करा रहा है। जिस खेल में कभी हमारी उम्मीदें कुछ चुनिंदा खिलाड़ियों तक ही सीमित हुआ करती थीं, आज उसी खेल में हर भार वर्ग में भारतीय खिलाड़ी न सिर्फ पदक जीतने की क्षमता रखते हैं बल्कि आम तौरपर सोने के तमगे पर ही हाथ साफ करते हैं।

इसलिए माना जा रहा है कि ग्लासगो में भारतीय मुक्केबाजों की सफलता केवल पदकों तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारतीय खेलों की बदलती तस्वीर का ट्रेलर है। भारतीय मुक्केबाजी की इस यात्रा को समझने के लिए हमें लगभग दो दशक पीछे जाना होगा, जब वर्ष 2008 में विजेंद्र सिंह ने ओलंपिक कांस्य पदक जीतकर देश के युवाओं में मुक्केबाजी के प्रति नई दिलचस्पी पैदा कर दी थी। उससे पहले महिला मुक्केबाजी में मैरी कॉम लगातार विश्व चैंपियन बनकर भारत का नाम रोशन कर चुकी थीं। इन दोनो खिलाड़ियों ने नए खिलाड़ियों में यह विश्वास जगाया कि भारतीय मुक्केबाज इस क्षेत्र में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकते हैं। इसी के बाद लवलीना बोरगोहेन, निखत जरीन, अमित पंघाल, शिव थापा, साक्षी चौधरी, निशांत देव और नई पीढ़ी के कई मुक्केबाजों ने इस विरासत को बखूबी आगे बढ़ाया।

हाल में संपन्न ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय मुक्केबाजों ने जिस आत्मविश्वास के साथ रिंग में कदम रखा, वो उनकी मानसिक मजबूती का प्रमाण था। पहले भारतीय खिलाड़ी अकसर बड़े मुकाबलों में दबाव में आ जाते थे। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। आज भारतीय मुक्केबाज शुरुआत से ही मुकाबले को अपने नियंत्रण में करने की कोशिश करते हैं। उनका फुट वर्क तेज है, पंच सटीक हैं और डिफेंस पहले की तुलना में कहीं अधिक मजबूत दिखायी देता है। यही कारण है कि अब विदेशी खिलाड़ी भी भारतीय मुक्केबाजों को हल्के में लेने की भूल नहीं करते। भारतीय मुक्केबाजी की सबसे बड़ी ताकत आज उसकी महिला ब्रिगेड है। मैरी कॉम ने जिस रास्ते की शुरुआत की थी, उसे निखत जरीन, लवलीना बोरगोहेन और नई पीढ़ी की महिला मुक्केबाजों ने बहुत मजबूती से आगे बढ़ाया है। चाहे विश्व चैंपियनशिप हो, चाहे एशियाई खेल हों, चाहे राष्ट्रमंडल खेल हों या अन्य अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं हों। भारतीय महिला मुक्केबाजों का प्रदर्शन लगातार बेहतर होता गया है।



यही वजह है कि अब भारत किसी भी बड़े टूर्नामेंट में विशेषकर महिला वर्ग में हर समय कई पदकों का मजबूत दावेदार माना जाता है। पुरुष वर्ग में भी तस्वीर तेजी से बदली है। विजेंद्र सिंह के बाद अमित पंघाल, शिव थापा और नई पीढ़ी के मुक्केबाजों ने साबित किया है कि एक या दो स्टार खिलाड़ियों पर भारत की मुक्केबाजी की ताकत निर्भर नहीं हैं। आज लगभग हर वर्ग में भारत के पास ऐसे मजबूत खिलाड़ी हैं, जो विश्व के किसी भी खिलाड़ी को चुनौती दे सकते हैं। यह किसी भी खेल महाशक्ति की सबसे बड़ी पहचान होती है। भारत की सफलता का एक महत्वपूर्ण कारण खेल विज्ञान यानी स्पोर्ट्स साइंस का बढ़ता उपयोग है। पहले खिलाड़ी केवल अभ्यास पर निर्भर रहते थे, लेकिन अब उनके प्रशिक्षण में वीडियो विश्लेषण, बायोमैकेनिक्स, स्पोर्ट्स साइकोलॉजी, न्यूट्रिशन और रिकवरी साइंस का व्यापक इस्तेमाल किया जा रहा है। भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र और विदेशी प्रशिक्षकों के सहयोग ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार किया है। अब भारतीय मुक्केबाज केवल ताकत के बल पर नहीं बल्कि अपनी तकनीक की बदौलत भी मुकाबले जीत रहे हैं। ग्रास रूट स्तर पर मुक्केबाजी का विस्तार हुआ है। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, असम और मणिपुर जैसे राज्यों में बॉक्सिंग अकादमियों का मजबूत नेटवर्क तैयार हुआ है। भारतीय सेना, रेलवे और विभिन्न सार्वजनिक उपक्रम भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को रोजगार और प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहे हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के खिलाड़ी भी अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने लगे हैं। हालांकि चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। देश के अनेक हिस्सों में आज भी विश्वस्तरीय बॉक्सिंग रिंग, आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षित कोचों की कमी है।

इमेज

### वायरल

## ब्रेड पकोड़े वाले की कमाई जान कहोगे, 'नौकरी छोड़ो, पकौड़े तलो'

सोशल मीडिया पर एक कहानी वायरल हो रही है। अंकित पांडे नाम के यूजर ने एक सड़क किनारे दुकान लगाने वाले शख्स की कहानी शेयर की है, जो सिर्फ ब्रेड पकोड़ा और गुलाब जामुन बेचकर सालाना लाखों रुपए कमा रहा है। अंकित ने 'मनोज ब्रेड पकोड़ा' नाम की एक छोटी सी दुकान का अनुभव शेयर किया। दुकान पर ग्राहकों की लंबी कतार लगी रहती थी। दुकानदार ने बताया कि उनके यहां हर रोज लगभग 400 ग्राहक आते हैं। वायरल पोस्ट के अनुसार, यहां एक कस्टमर औसतन 30 रुपए खर्च करता है। यहां एक ब्रेड पकोड़ा 15 रुपए और एक गुलाब जामुन 15 रुपए का मिलता है। रोजाना करीब 400 ग्राहक आने से दिनभर की बिक्री 12,000 रुपए होती है। इस हिसाब से महीने की कमाई करीब 2.5 लाख रुपए और सालभर में यह आंकड़ा 30 लाख रुपए तक पहुंच जाता है। दुकानदार के मुताबिक, सारा खर्च निकालकर वह हर रोज अपनी कुल कमाई का लगभग 70 फीसदी यानी 8,400 रुपए सीधे बचा लेते हैं।






## X का एक्सरे

15 दिन से सदन चल रहा है और गृह मंत्री गायब हैं, प्रधानमंत्री आ नहीं रहे हैं। इसके दो ही मतलब हो सकते हैं। एक या तो वे संसद को नजरअंदाज कर रहे हैं। ये समझ रहे हैं कि संसद है ही नहीं। या तो वो डर के मारे सदन में आकर उत्तर नहीं देना चाह रहे हैं। या तो सरकार डर गई है या फिर वह संसद के वजूद को महत्व नहीं दे रही है।



**मल्लिकार्जुन खरगे**

देश में बढ़ती बेरोजगारी अब केवल युवाओं की व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चिंता का विषय बन चुकी है। सीजेपी आने वाले समय में बेरोजगारी के मुद्दे को देशव्यापी जन आंदोलन का रूप देने के लिए व्यापक अभियान चलाएगी। युवाओं को रोजगार के सवाल पर संगठित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।



**अभिजीत दीपके**

वे राहुल गांधी से डरते हैं। आप खुद देख लीजिए। वे संसद के अंदर भी उनसे डरते हैं और बाहर भी। उन्हें डरने दीजिए; हम उन्हें डराते रहेंगे। वे संसद में राहुल गांधी का सामना भी नहीं करते और जब भी राहुल गांधी छात्रों की आवाज बुलंद करने जाते हैं, वे हर बार बाधा डालने की कोशिश करते हैं।



**पवन खेड़ा**

पश्चिम बंगाल में हर महीने नई फैक्ट्रियों की स्थापना के लिए भूमि पूजन समारोह हो रहे हैं। अगले एक-दो वर्षों में बंगाल आर्थिक रूप से मजबूत हो जाएगा और हर क्षेत्र में तेजी से प्रगति करेगा। हम एक महीने के भीतर कम से कम 25 उद्योगों को जमीन सौंप देंगे। केंद्र राज्य के चाय और कपड़ा क्षेत्रों को विकसित करना चाहता है।



**शुभेंदु अधिकारी**

## एक नजर

### सीएम योगी का तंज : बबुआ दोपहर 12 बजे सोकर उठते थे

लखनऊ (एजेंसी)। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर लोकभवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्कृष्ट बुनकरों को 'संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार' से सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर बिना नाम लिए तीखा राजनीतिक तंज भी कसा। मुख्यमंत्री ने कहा, "कुछ लोग जीवन भर बच्चे ही बने रहते हैं, बबुआ भी यही करते थे।" उन्होंने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले विकास प्राथमिकता नहीं थी। जो लोग दोपहर 12 बजे सोकर उठते थे, दो बजे तैयार होते थे, पांच बजे जिम और शाम सात बजे जिनकी महफिल सज जाती थी, उनके पास प्रदेश के बारे में सोचने का समय ही कहां था।

# अमाऊं में अवैध अतिक्रमण व प्लॉटिंग पर रोक की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** पूर्व सैनिक पुनर्वास कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष (दर्जा मंत्री) कै. गंभीर सिंह धामी ने अमाऊं क्षेत्र में कथित अवैध अतिक्रमण, अनाधिकृत प्लॉटिंग और भूमि की खरीद-फरोख्त के मामले में कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम तुषार सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में गंभीर सिंह धामी ने आरोप लगाया कि अमाऊं क्षेत्र में पिछले कुछ समय से अवैध अतिक्रमण और अनाधिकृत प्लॉटिंग की जा रही है। इससे क्षेत्र की भूमि व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और स्थानीय निवासियों के हित प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि अमाऊं स्थित मजार के पीछे सरकारी भूमि पर कथित रूप से कब्जा कर अस्थायी एवं स्थायी निर्माण किए जा रहे हैं। इससे भूमि का स्वरूप बदलने के साथ भविष्य में राजस्व एवं कानूनी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वहीं, अमाऊं के वार्ड संख्या तीन और पांच में बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति एवं निर्धारित नियमों का पालन किए भूमि को प्लॉट के रूप में विकसित कर बेचने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में पूर्णागिरि कॉलोनी के पीछे मंदिर के आसपास की भूमि पर भी कथित अनधिकृत प्लॉटिंग का उल्लेख किया गया है। धामी ने आरोप लगाया कि इन प्लॉटों की बिक्री बाहरी व्यक्तियों को की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि इस तरह की गतिविधियों पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई तो क्षेत्र की भूमि व्यवस्था और स्थानीय लोगों के हित प्रभावित हो सकते हैं। दर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री से मामले का स्थलीय निरीक्षण कराकर पूरे प्रकरण की जांच कराने, सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा नियमों के विरुद्ध की जा रही प्लॉटिंग पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही भूमि उपयोग परिवर्तन, नक्शा स्वीकृति और अन्य आवश्यक अनुमतियों की जांच कराने का अनुरोध किया।

ज्ञापन देने वालों में राजेंद्र सिंह बिष्ट, पुष्कर बिष्ट, पूरन सिंह ज्याला, त्रिलोक सिंह जेठी, होशियार सिंह सामंत, कमल सिंह, हयात सिंह भंडारी, दिवानी चंद आदि शामिल रहे।



अवैध अतिक्रमण व प्लॉटिंग पर रोक की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। -जागरण मोर्चा

## असम बाढ़: 4 लाख इंजीनियर बनाएंगे 1000 मकान

**लखनऊ (एजेंसी)।** असम में बाढ़ से मची भीषण तबाही और जनजीवन अस्त-व्यस्त होने के बाद अब वहां के पीड़ितों की मदद के लिए 'ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ डिप्लोमा इंजीनियर्स' आगे आया है। फेडरेशन से जुड़े देश भर के लगभग चार लाख डिप्लोमा इंजीनियरों ने मिलकर असम के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य और पुनर्वास की कमान संभालने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एनडी द्विवेदी ने बताया कि संगठन ने असम के बाढ़ प्रभावित इलाकों में बेघर हुए एक हजार विस्थापित परिवारों को दो-दो कमरे के पक्के मकान बनाकर देने का बड़ा फैसला किया है। इस महत्वाकांक्षी राहत परियोजना को सुचारू रूप से लागू करने और मार्गदर्शन के लिए वह जल्द ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मुलाकात करेंगे।



तौकीर अंसारी को कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर बधाई देते कांग्रेस कार्यकर्ता।

# तौकीर अंसारी कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोनीत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा इस्लामनगर वार्ड संख्या-4 निवासी तौकीर अंसारी को विधानसभा क्षेत्र का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष हिमांशु गांवा द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में तौकीर अंसारी से अपेक्षा की गई है। कि वह अपने पद पर रहकर लगन, कर्मठता एवं कार्य निष्ठा से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व राहुल गांधी, सोनिया गांधी, गणेश गोदियाल को सहयोग कर संगठन को मजबूत करेंगे। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह राणा, ब्लॉक अध्यक्ष दिपक बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष समीर वारसी, जुबेर रजा, मनीष, गौरव राणा सतनाम निक्कू कालू दीपक राणा, नरेंद्र पिंटू, जवाहर राणा, अनुज, फुरकान, मोहम्मद फरीद, नीतू राणा, पवन राना, सतनाम, प्रकाश राणा आदि ने बधाई दी है।

# नशा मुक्ति केंद्र संचालक को 5 साल जेल

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ 4 साल पूर्व चकरपुर के युवक की मौत के मामले में अदालत का फैसला, 35 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

**खटीमा।** सितारगंज स्थित नशा मुक्ति केंद्र में चार साल पूर्व चकरपुर के युवक की मौत के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सितारगंज अंजली नौटियाल की अदालत ने नशा मुक्ति केंद्र के संचालक को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसके अलावा पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये मुआवजा दिए जाने के आदेश दिए गए हैं। मुआवजा नहीं देने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

चकरपुर कुटरी निवासी पूर्व सैनिक एवं व्यापारी लक्ष्मी दत्त कापड़ी ने अपने 28 वर्षीय पुत्र सूरज कापड़ी को नशे की लत से छुटकारा दिलाने के लिए 15 मई 2022 को न्यू लाइफ पुनर्वास केंद्र (नशा मुक्ति केंद्र), सितारगंज में भर्ती कराया था। 21 मई 2022 को दिन में करीब डेढ़ बजे परिजनों को फोन आया कि सूरज की तबीयत बिगड़ रही है। इसके कुछ समय बाद उसकी मौत की सूचना मिली। परिजनों का आरोप था कि नशा मुक्ति केंद्र के संचालकों ने सूरज के साथ बेरहमी से मारपीट की, जिससे उसकी मौत हुई। मामले में सितारगंज पुलिस ने चिकित्सकों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया था। इसके बाद मृतक के पिता लक्ष्मी दत्त कापड़ी की तहरीर पर केंद्र के संचालक गौरीखेड़ा, सितारगंज निवासी खलील अहमद और उसके पुत्र सिराज मलिक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने मामले की विवेचना पूरी करने के बाद 23 अगस्त 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सौरभ ओझा ने मामले में 11 गवाह पेश किए। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खलील अहमद को दोषी पाते हुए धारा 325 के तहत पांच वर्ष के कठोर कारावास और धारा 201 के तहत तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। साथ ही 35 हजार रुपये के अर्थदंड और पीड़ित परिवार को एक लाख रुपये मुआवजा दिए जाने का आदेश दिया गया है। वहीं, अदालत ने खलील अहमद के पुत्र सिराज मलिक को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

# देशी शराब की दुकान में लाखों की चोरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पुवायां।** बीती रात अज्ञात चोरों ने देशी शराब की दुकान में धावा बोल दिया। दुकान में रखी देशी शराब व नकदी समेत लाखों रुपये का माल चोरी हो गया है। जिसके बाद सेल्समैन ने कोतवाली में आकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। गांव ढकिया बुजुर्ग निवासी हरेंद्र पुत्र सुरेंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि में गांव बालेमऊ में राना मार्केट में कम्पोजिट देशी शराब की दुकान में सेल्समैन का कार्य करता हूँ। गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखी 34 देशी शराब की पेटी व 27000 रुपए नकद चोरी कर ले गए। जब सुबह करीब 10 बजे गांव बालेमऊ दुकान पर पहुँचा तो देखा कि दुकान के दोनों ताले टूटे हुए है जब दुकान के अंदर पहुँचा तो देखा कि शराब की पेटियां ओर रुपए चोरी हो गए थे। जिसके बाद कोतवाली आकर दुकान में चोरी होने की जानकारी दी उसके बाद तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

### सड़क हादसे में युवक घायल, रेफर

**पुवायां।** शाहजहांपुर के मोहल्ला हुसैनपुर निवासी 19 वर्षीय अरबाज पुत्र सरधर शुक्रवार को अपनी बाइक से किसी काम से पुवायां आ रहे थे। तभी रास्ते में टोल प्लाजा के पास एक दो युवक बाइक से रील बना रहे थे। तभी उन युवकों ने रील के चक्कर मे अरबाज की बाइक में टक्कर मार दी टक्कर लगने से युवक गम्भीर घायल हो गया। जिसको टोल प्लाजा की एम्बुलेंस के द्वारा उसे सीएचसी लाया गया। जहां युवक की हालत गम्भीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है।

# 75 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार, खटीमा पुलिस ने की कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय



कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार महिला।

**खटीमा।** अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली खटीमा पुलिस ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को 75 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्ता के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में संचालित ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी खटीमा के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह और वरिष्ठ उपनिरीक्षक के.सी. आर्या के नेतृत्व में खटीमा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम सुजिया महोलिया में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पुष्पा देवी (45 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय देव सिंह, निवासी ग्राम सुजिया महोलिया, थाना खटीमा, जिला ऊधम सिंह नगर को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान महिला के कब्जे से प्लास्टिक के तीन अलग-अलग थैलों में रखे 225 पाउच (करीब 75 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर अभियुक्ता के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक किशोर पंत, कांस्टेबल राजेंद्र बोरा, महिला कांस्टेबल विद्या रानी तथा होमगार्ड सूरज चंद शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, तस्करी एवं बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# नानकमत्ता से 8 व खटीमा विस से 12 बसों में कार्यकर्ता हल्द्वानी करेंगे कूच

जागरण मोर्चा कार्यालय

▸ निजी वाहनों से कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता करेंगे प्रतिभाग

**खटीमा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग को लेकर खटीमा एवं नानकमत्ता विधानसभा क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। दोनों विधानसभा सीटों के कांग्रेस पार्टी के विधायकों द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल किया जा रहा है।

सीएम पुष्कर सिंह धामी के गृह क्षेत्र का गृह क्षेत्र होने के नाते यहां से भीड़ का जुटाना कठिन प्रतीत होता है। बावजूद इसके नानकमत्ता से 8 बसों के अलावा निजी वाहनों से हल्द्वानी कार्यक्रम में प्रतिभा करेंगे। जबकि उपनेता प्रतिपक्ष खटीमा के विधायक भुवन चंद्र कापड़ी अपनी टीम के साथ 12 बसों एवं नीजी वाहनों से हल्द्वानी कूच करेंगे। नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा के कैंप कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों से बसों में पार्टी कार्यकर्ताओं को बैठने संबंधित व्यवस्थाओं के लिए दायित्वधारी नामित किए गए हैं। इस कार्य में नगर कांग्रेस अध्यक्ष तौकीर अंसारी एवं ब्लॉक अध्यक्ष दीपक बिष्ट, गौरव राणा आदि को दायित्व सौंपा गया है। जबकि खटीमा विधानसभा क्षेत्र से 12 बसों का भी रूट नियत किया गया है।

कार्यक्रम की सफलता के लिए विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कई बैठकें की आयोजित कर दायित्व सोंपे गए हैं। यहां से 12 बसों के अलावा निजी वाहनों से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हल्द्वानी रामलीला मैदान के लिए सुबह लगभग 8 बजे कुच करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे के कार्यक्रम की सफलता के प्रति व्यापक भीड़ के साथ तैयारी की जा रही है।

# 31 अगस्त को अमाऊं में होगी खटीमा ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र, नई दिल्ली के प्रायोजन में विकासखंड खटीमा की ब्लॉक स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन 31 अगस्त को सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अमाऊं में किया जाएगा। संगोष्ठी का विषय "भारतीय ऊर्जा परिदृश्य 2047 : संभावनाएं एवं चुनौतियां" निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा। विज्ञान सेमिनार के समन्वयक निर्मल कुमार न्योलिया ने बताया कि संगोष्ठी में विकासखंड खटीमा के विद्यालयों में कक्षा 8 से 10 तक अध्ययनरत विद्यार्थी प्रतिभाग कर सकेंगे। विद्यालय स्तर पर चयनित एक विद्यार्थी हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में निर्धारित विषय पर छह मिनट का व्याख्यान प्रस्तुत करेगा। विद्यार्थी अपने व्याख्यान के लिए पीपीटी अथवा चार्ट का प्रयोग कर सकेंगे। इसके साथ ही निर्धारित विषय पर संक्षिप्त लिखित परीक्षा भी आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि लिखित परीक्षा, व्याख्यान की प्रवाहिता, वैज्ञानिक तथ्यों की प्रस्तुति और नवाचार के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थी सितंबर माह में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी में प्रतिभाग करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप ने विद्यालयों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि 20 अगस्त तक विद्यालय स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी आयोजित कर चयनित प्रतिभागी की सूचना उपलब्ध कराई जाए। विद्यालयों से अधिक से अधिक विद्यार्थियों को कार्यक्रम की जानकारी देने और उन्हें प्रतिभाग के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया है। यह कार्यक्रम विज्ञान के लोकप्रियकरण और विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एससीईआरटी उत्तराखंड की ओर से भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

# जामा मस्जिद व मदरसा संपत्ति में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** खटीमा क्षेत्र की वक्फ संख्या 137 एवं 138 (जामा मस्जिद एवं मदरसा) की संपत्तियों में कथित अनियमितताओं और आय-व्यय में पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाते हुए गोटिया निवासी जावेद रजा पुत्र महमूद रजा ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वक्फ संपत्तियों के संचालन और प्रबंधन में गंभीर अनियमितताएं हो रही हैं। संस्था की आय-व्यय का सार्वजनिक विवरण प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है, जबकि मस्जिद में मिलने वाले चंदे और दुकानों के किराए से प्रतिमाह लगभग 1.50 लाख रुपये की आय होने का दावा किया गया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इस धनराशि के उपयोग, लेखा-जोखा और ऑडिट की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि वक्फ की कुछ दुकानों का बिना नियमानुसार प्रक्रिया अपनाए कथित रूप से हस्तांतरण अथवा आवंटन किया गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है। शिकायतकर्ता ने एसडीएम से वक्फ संख्या 137 एवं 138 की चल-अचल संपत्तियों की जांच, पिछले तीन वर्षों के आय-व्यय और बैंक खातों का विशेष ऑडिट, दुकानों के कथित हस्तांतरण की जांच तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।



जावेद रजा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन।

# एकेटीयू: बिना एबीसी आईडी परीक्षा फॉर्म और परिणाम रुकेंगे

**लखनऊ (एजेंसी)।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) ने अपने सभी संबद्ध कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी आईडी) बनवाना अनिवार्य कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि बिना इस आईडी के छात्र न तो आगामी परीक्षा फॉर्म भर पाएंगे और न ही उनका परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया ने सभी संस्थानों के निदेशकों और प्राचार्यों को इस संबंध में सख्त निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक, सत्र 2025-26 और उससे पूर्व के सभी छात्र-छात्राओं की एबीसी आईडी बनवाकर उसे विश्वविद्यालय के ईआरपी लॉगिन पोर्टल पर 15 अगस्त तक हर हाल में अपडेट करना होगा। इसके साथ ही, सत्र 2026-27 में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों के लिए भी यह नियम अनिवार्य है। नए छात्रों की आईडी अपडेट करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर तय की गई है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि वर्तमान में सभी छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (एनएडी) डिजिलॉकर पर अपलोड किए जा रहे हैं। यदि तय समय सीमा के भीतर किसी छात्र की एबीसी आईडी ईआरपी पोर्टल पर अपडेट नहीं होती है, तो उसका परीक्षा फॉर्म पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं होगा।

# रॉन्ग साइड बाइक की टक्कर से महिला की मौत

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ गलत दिशा (रॉन्ग साइड) से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सामने से आ रहे बाइक सवार परिवार को जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण दुर्घटना में एक 23 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका पति और महज एक महीने की मासूम बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों बाइक से उछलकर हाईवे पर जा गिरे। दुर्घटना के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार होने में कामयाब रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इटौंजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मुन्नू पुरवा निवासी दीपक यादव गुरुवार की रात अपनी पत्नी सोनम (23 वर्ष) और अपनी एक माह की नवजात बेटी के साथ मोटरसाइकिल से दवा लेने के लिए सिधौली (जनपद सीतापुर) जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नेवादा गांव के निकट नेशनल हाईवे पर पहुंची, तभी सामने से बेहद लापरवाही से उल्टी दिशा में आ रहे एक अन्य बाइक सवार ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी की मोटरसाइकिल पर एक अन्य युवक भी पीछे बैठा हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही इटौंजा थाने की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) इटौंजा भिजवाया। यहाँ डॉक्टरों ने जांच के बाद सोनम को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल एक माह की मासूम बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत रामसागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय (बीकेटी) भेजा गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज (KGMU) के लिए रेफर कर दिया। हादसे में घायल दीपक यादव को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। इधर, सोनम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और रोते-बिलखते परिजन भारी संख्या में सीएचसी अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल परिसर में पुलिस द्वारा महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने में कथित देरी को लेकर परिजनों और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। माहौल गरमाने के बाद, रात करीब 12:30 बजे पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक सोबरन सिंह ने बताया कि दुर्घटना के बाद फरार हुए बाइक चालक की तलाश की जा रही है। परिजनों से तहरीर मिलते ही सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।




# उत्तराखंड प्रदेश मेनिफेस्टो कमेटी के अध्यक्ष बने विधायक कापड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने खटीमा विधायक एवं उत्तराखंड विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी को उत्तराखंड प्रदेश मेनिफेस्टो कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के संबंध में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं संगठन प्रभारी के.सी. वेणुगोपाल ने आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के अनुसार, मेनिफेस्टो कमेटी में डॉ. प्रेम बहुखंडी को संयोजक तथा गुरदीप सिंह सप्पल, सूर्यकांत धस्माना और सुजाता पॉल को सदस्य बनाया गया है। भुवन चंद्र कापड़ी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह और खुशी का माहौल है। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे उत्तराखंड की जनता से जुड़े मुद्दों को कांग्रेस के आगामी विधानसभा चुनाव घोषणापत्र में प्रभावी ढंग से शामिल करने की दिशा में अहम कदम बताया। कार्यकर्ताओं ने कापड़ी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में तैयार होने वाला घोषणापत्र राज्य के युवाओं, किसानों, महिलाओं, कर्मचारियों, व्यापारियों और आम जनता की अपेक्षाओं व जनसरोकारों को प्रमुखता से स्थान देगा।



भुवन चंद्र कापड़ी।

# खाद की दुकानों पर छापा, गड़बड़ियों पर प्रशासन का चाबुक

## 44 प्रतिष्ठानों की जांच में मचा हड़कंप, 10 नमूने लिए गए; चार लाइसेंस निलंबित और दो को नोटिस, अभिलेखों की खामियों पर सख्त कार्रवाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** किसानों की मेहनत और उनकी फसल से जुड़े उर्वरक कारोबार में नियमों की अनदेखी पर आखिरकार प्रशासन का शिकंजा कस गया। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश और जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के आदेश पर शुक्रवार को कृषि विभाग की टीमों ने जिलेभर में उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। अचानक हुई जांच से खाद कारोबारियों में खलबली मच गई। टीमों ने दुकानों पर उपलब्ध उर्वरकों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया और स्टॉक रजिस्टर से लेकर बिक्री रजिस्टर तथा अन्य अभिलेखों को खंगाला। एक ही दिन में 44 दुकानों की जांच के दौरान कृषि विभाग ने 10 उर्वरक नमूने ग्रहीत किए। जांच में नियमों और अभिलेखों से जुड़ी कमियां मिलने पर चार लाइसेंस निलंबित कर दिए गए, जबकि दो दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। कार्रवाई से साफ हो गया कि उर्वरक बिक्री में लापरवाही और दस्तावेजी अनियमितताओं को अब आसानी से नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।



उर्वरक प्रतिष्ठान पर स्टॉक एवं अभिलेखों का सत्यापन करते कृषि विभाग के अधिकारी। -जागरण मोर्चा

उप कृषि निदेशक राम मिलन सिंह परिहार ने पूरनपुर क्षेत्र में उर्वरक प्रतिष्ठानों की जांच की। वरुण खाद पेस्टीसाइड, घुंघचाई रोड से पोटाश, किसान सेवा केंद्र धनाराघाट रोड से एसएसपी और नूरी खाद भंडार गजरौला से एसएसपी के नमूने लिए गए। वहीं अभिलेख अपूर्ण पाए जाने पर पूर्णा खाद भंडार सबलपुर खास, कृष्णा खाद भंडार भगवंतापुर और एके एग्रो ट्रेडर्स जरा कोठी के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। इस कार्रवाई ने क्षेत्र के अन्य उर्वरक विक्रेताओं में भी हड़कंप मचा दिया।

जिला कृषि अधिकारी विनीत कुमार ने अमरिया क्षेत्र में जांच की। मालिक एग्रो एजेंसी कैमोर से सल्फर 90 प्रतिशत और मालिक एग्रो एजेंसी जेठानिया से एमपीपी 00:52:34 का नमूना लिया गया। वहीं गुरु रामदास खाद भंडार पर रेट बोर्ड और अभिलेख पूर्ण नहीं मिलने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। विभागीय कार्रवाई ने यह संदेश दिया कि दुकान पर जरूरी सूचनाएं और अभिलेख दुरुस्त रखना भी विक्रेताओं की जिम्मेदारी है। भूमि संरक्षण अधिकारी गौरव यादव ने बीसलपुर क्षेत्र में गंगवार खाद भंडार बरखेड़ा से दो नमूने लिए। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक सुरेंद्र कुमार ने कलीनगर क्षेत्र में शर्मा खाद भंडार से सूक्ष्म पोषक तत्व, गुरु कृपा खाद भंडार से एसएसपी और एग्रो ट्रेडर्स से जिंक का नमूना लिया। कृषि विभाग के अनुसार सभी नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राजकीय प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अब इन नमूनों की रिपोर्ट तय करेगी कि संबंधित उर्वरकों की गुणवत्ता निर्धारित मानकों पर खरी उतरती है या नहीं।




जांच अभियान के दौरान खाद विक्रेता से जानकारी लेते कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

### रिपोर्ट में खामी मिली तो और कसेगा शिकंजा

कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रयोगशाला जांच में यदि किसी उर्वरक की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के विपरीत पाई जाती है तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। ऐसे में 44 दुकानों की जांच, 10 नमूने, चार लाइसेंस निलंबन और दो नोटिस की कार्रवाई को महज औपचारिक जांच के बजाय उर्वरक कारोबार में नियमों की निगरानी के लिहाज से बड़ा कदम माना जा रहा है। अब निगाहें प्रयोगशाला रिपोर्ट पर टिकी हैं। रिपोर्ट में यदि गुणवत्ता संबंधी खामी सामने आती है तो संबंधित विक्रेताओं पर कार्रवाई और कड़ी हो सकती है।

# 24 साल पुरानी फाइल पर पालिका और व्यापार मंडल आमने-सामने, लीगल नोटिस से मचा हड़कंप

जागरण मोर्चा कार्यालय

- बिना नोटिस डिफॉल्टर घोषित करने की कोशिश पर व्यापार मंडल का पलटवार
- 15 दिन का अल्टीमेटम; वर्षवार किराया और पट्टा नवीनीकरण का पूरा हिसाब मांगा

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद द्वारा लगभग 24 वर्ष पूर्व सर्वसमाज के उपयोग के लिए निर्मित कराए गए व्यापार भवन को लेकर विवाद अब सीधे कानूनी मोर्चे पर पहुंच गया है। पालिका प्रशासन की ओर से व्यापार मंडल को डिफॉल्टर घोषित किए जाने की कथित कोशिश के खिलाफ उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने कड़ा रुख अपनाते हुए नगर पालिका के संपत्ति विभाग के अधिकारियों को लीगल नोटिस भेज दिया है। व्यापार मंडल ने पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि करीब ढाई दशक तक किराया वसूली और संबंधित अभिलेखों के रखरखाव में बरती गई कथित लापरवाही का ठीकरा अब व्यापार मंडल के सिर फोड़ा जा रहा है। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैली अग्रवाल की ओर से उनके अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी ने नगर पालिका के संपत्ति प्रभारी/कर अधीक्षक कमलेश सिंह यादव तथा संपत्ति लिपिक संतोष सक्सेना को विधिक नोटिस प्रेषित किया है। नोटिस में पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा गया है कि यदि व्यापार मंडल पर कोई किराया बकाया था तो नगर पालिका को नियमानुसार समय-समय पर किराया निर्धारित कर उसकी मांग सृजित करनी चाहिए थी और संबंधित पक्ष को विधिक मांग पत्र उपलब्ध कराया जाना चाहिए था।

व्यापार मंडल के अधिवक्ता ने नोटिस में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा है कि संपत्ति का वार्षिक किराया निर्धारित करना, उसकी वसूली करना और नियमानुसार मांग पत्र जारी करना नगर पालिका की वैधानिक जिम्मेदारी थी। व्यापार मंडल का कहना है कि वह विधिक रूप से देय किराया जमा करने के लिए हमेशा तैयार रहा, लेकिन पालिका के संबंधित विभाग की ओर से पिछले करीब 24 वर्षों में कथित तौर पर कोई विधिक मांग ही सृजित नहीं की गई। ऐसे में अब अचानक व्यापार मंडल को डिफॉल्टर घोषित करने की कोशिश को व्यापार मंडल ने पालिका की प्रशासनिक विफलताओं को छिपाने का प्रयास बताया है। इस मामले ने नगर पालिका की संपत्ति व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव और वर्षों से लंबित किराया निर्धारण प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। नोटिस में इस बात पर भी आपत्ति जताई गई है कि व्यापार मंडल को कथित रूप से बिना उचित कारण बताओ नोटिस दिए डिफॉल्टर घोषित करने की कोशिश की जा रही है। व्यापार मंडल ने इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत बताते हुए कहा है कि किसी भी प्रतिकूल कार्रवाई से पहले संबंधित पक्ष को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर दिया जाना आवश्यक है।

व्यापार मंडल ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि पहले 24 वर्षों का पूरा रिकॉर्ड सामने रखा जाए और नियमानुसार बकाया राशि का निर्धारण किया जाए। इसके बाद ही किसी प्रकार की कार्रवाई की जाए।

व्यापार भवन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब महज किराए या संपत्ति के अधिकार का मामला नहीं रह गया है, बल्कि नगर पालिका की करीब 24 वर्षों की संपत्ति प्रबंधन व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रहा है। व्यापार मंडल ने जहां अपने वैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी लड़ाई का संकेत दिया है, वहीं पालिका प्रशासन के सामने अब वर्षों पुराने अभिलेखों और किराया निर्धारण की प्रक्रिया को स्पष्ट करने की चुनौती खड़ी हो गई है। अब देखना यह होगा कि 15 दिन के अल्टीमेटम के भीतर पालिका प्रशासन व्यापार मंडल को वर्षवार किराए और पट्टा संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराता है या फिर मामला न्यायालय की चौखट तक पहुंचता है। फिलहाल लीगल नोटिस के बाद व्यापार भवन का विवाद एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

### वर्षवार हिसाब मांगकर पालिका को घेरा

लीगल नोटिस में व्यापार मंडल ने संपत्ति विभाग से आज तक के कथित बकाया किराए का वर्षवार पूरा विवरण उपलब्ध कराने की मांग की है। इसके साथ ही व्यापार भवन से संबंधित पट्टा, उसके नवीनीकरण की शर्तें, किराया निर्धारण, पूर्व में जारी मांग पत्रों और भुगतान से संबंधित अभिलेखों का भी लिखित विवरण मांगा गया है। व्यापार मंडल का स्पष्ट कहना है कि यदि पालिका के अभिलेखों में कोई वास्तविक बकाया दर्ज है तो उसका विधिक आधार, वर्षवार गणना और संबंधित मांग पत्र सामने रखा जाए। केवल मौखिक अथवा प्रशासनिक स्तर पर किसी संस्था को डिफॉल्टर घोषित करने की कार्रवाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

### 15 दिन का अंतिम अल्टीमेटम

अधिवक्ता नीलेश चतुर्वेदी की ओर से भेजे गए नोटिस में पालिका के संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों का अंतिम समय दिया गया है। इस अवधि में वर्षवार बकाया किराया, पट्टा नवीनीकरण की शर्तों और संबंधित अभिलेखों का पूरा विवरण लिखित रूप में उपलब्ध कराने की मांग की गई है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि निर्धारित अवधि में मांगी गई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई अथवा व्यापार मंडल के विरुद्ध बलपूर्वक बेदखली या अन्य किसी प्रकार की कार्रवाई का प्रयास किया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सक्षम न्यायालय में सिविल एवं आपराधिक विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। व्यापार मंडल ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसी किसी कार्रवाई से उत्पन्न होने वाले हर्जा-खर्च और अन्य कानूनी परिणामों के लिए संबंधित अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## संक्षेप समाचार



शाही पुलिस चौकी पर कांवड़ यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए। -जागरण मोर्चा

### कांवड़ यात्रा पर प्रशासन की पैनी नजर, डीएम-एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**पीलीभीत।** श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने संयुक्त रूप से कांवड़ यात्रा मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा, यातायात, कानून-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का गहन जायजा लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि कांवड़ यात्रा की व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। निरीक्षण की शुरुआत शाही पुलिस चौकी से हुई, जहां डीएम और एसपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले प्रत्येक कांवड़िया जत्थे का पूरा विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जाए, जिससे यात्रा की प्रभावी निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र पूरी तरह सक्रिय रखा जाए तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अफवाह या सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने लाल रोड से तहसील चौराहे तक कांवड़ यात्रा मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। इस दौरान बैरिकेडिंग, यातायात डायवर्जन, पुलिस तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए पेयजल सहित अन्य सुविधाओं का बारीकी से निरीक्षण किया गया। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि यात्रा मार्ग पर कहीं भी अव्यवस्था नहीं दिखनी चाहिए तथा सभी व्यवस्थाएं लगातार सुचारु बनी रहें। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि कांवड़ यात्रा आस्था और श्रद्धा का महापर्व है। प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा, सुविधा और निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, यात्रा मार्ग पर लगातार निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी समस्या का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को पूरी सतर्कता, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात व्यवस्था सुचारु रहे, कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और कानून-व्यवस्था हर हाल में कायम रखी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने यात्रा मार्ग पर तैनात कर्मचारियों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और व्यवस्थाओं को समय-समय पर परखते रहने के निर्देश भी जारी किए।

# लावारिस मिली मानसिक रूप से दिव्यांग महिला को मिला सुरक्षित आश्रय

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना गजरौला क्षेत्र के ग्राम नकटिया में शुक्रवार को करीब 35 वर्षीय मानसिक रूप से दिव्यांग महिला मिलने से हड़कंप मच गया। महिला अपना नाम-पता बताने में असमर्थ थी। उसके बाएं हाथ पर 'नन्हीं देवी' नाम गुदा हुआ है, जिसके आधार पर पुलिस उसकी पहचान कराने का प्रयास कर रही है। ग्राम नकटिया के प्रधान ओमकार ने पुलिस को सूचना दी कि गांव में एक महिला घूम रही है, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है और अपने बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही है। सूचना मिलते ही महिला उपनिरीक्षक रीना सिंह, उपनिरीक्षक मो. रिजवान सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षा के दृष्टिगत अपने संरक्षण में लिया। पुलिस ने महिला से बातचीत कर उसके नाम, पते और परिजनों के संबंध में जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन वह स्पष्ट रूप से कुछ नहीं बता सकी। महिला आरक्षियों ने जांच की तो उसके बाएं हाथ पर 'नन्हीं देवी' नाम गुदा मिला। इसके बाद पुलिस ने ग्रामीणों से भी महिला के संबंध में जानकारी जुटाई, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। महिला की पहचान कराने के लिए उसकी फोटो आसपास के थाना क्षेत्रों के प्रभारियों को व्हाट्सऐप के माध्यम से भेजी गई। पुलिस स्तर से काफी प्रयास किए जाने के बावजूद महिला के परिजनों अथवा पते के संबंध में कोई जानकारी सामने नहीं आई। इसके बाद महिला को पहले महिला सुरक्षा केंद्र में महिला आरक्षी की निगरानी में रखा गया और आवश्यक प्रक्रिया के बाद पीलीभीत स्थित वन स्टॉप सेंटर भेजा गया।

# एएसपी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए सख्त निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय

- जनसुनवाई में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना
- संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान पुलिस कार्यालय पहुंचे फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को उन्होंने विस्तारपूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों से शिकायतों के संबंध में आवश्यक जानकारी ली।

अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या को गंभीरता से लिया जाए और शिकायत के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि मौके की वास्तविक स्थिति की जांच करते हुए नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। साथ ही फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों एवं थानों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसका भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अपर पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। एएसपी ने शिकायतकर्ताओं को उनकी समस्याओं के समाधान के संबंध में आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया और संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर निर्धारित समयसीमा में निस्तारण करने के निर्देश दिए।अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने स्पष्ट किया कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का समाधान कर उन्हें त्वरित एवं निष्पक्ष न्याय दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों से जनशिकायतों के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखने पर जोर दिया।



जनसुनवाई के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया। -जागरण मोर्चा

**खेलकूद** जिला खेल कैलेंडर-2026 के तहत होगा आयोजन, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 वर्ग में विद्यालयी टीमें दिखाएंगी दमखम

# 10 अगस्त को गांधी स्टेडियम में जुटेंगे फुटबॉल के सितारे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भिड़ेंगी तीन आयु वर्गों की टीमें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिले के विद्यालयों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने और विद्यार्थियों को जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जारी जिला स्तरीय खेल कैलेंडर-2026 के तहत यह प्रतियोगिता 10 अगस्त को गांधी स्टेडियम में आयोजित होगी। प्रतियोगिता की जिम्मेदारी पब्लिक इंटर कॉलेज, पूरनपुर को सौंपी गई है। आयोजक संस्था के अनुसार मैदान की उपलब्धता से संबंधित परिस्थितियों के चलते इस बार जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन गांधी स्टेडियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रातः 10 बजे से होगा। जिले के विभिन्न माध्यमिक एवं राजकीय विद्यालयों की फुटबॉल टीमें निर्धारित समय पर पहुंचकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को उनकी आयु के आधार पर अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीन वर्गों में अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। इन वर्गों में शामिल विद्यालयी टीमें मैदान पर एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला करते हुए अपनी क्षमता, खेल कौशल और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगी। प्रतियोगिता को लेकर विद्यालय स्तर पर तैयारियां शुरू किए जाने की उम्मीद है।जिला स्तरीय आयोजन को लेकर आयोजक संस्था की ओर से जनपद के सभी माध्यमिक एवं राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों तथा शारीरिक शिक्षा शिक्षकों से निर्धारित तिथि और समय पर अपनी-अपनी विद्यालयी फुटबॉल टीमों की सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है। विद्यालयों से कहा गया है कि वे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को आवश्यक तैयारी के साथ निर्धारित समय पर गांधी स्टेडियम पहुंचाना सुनिश्चित करें।खेल प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को पहचानना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। जिला स्तर पर आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में अपनी क्षमता परखने का अवसर मिलता है। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आगे की प्रतियोगिताओं के लिए भी बेहतर अवसर मिल सकते हैं। विद्यालयों में फुटबॉल को बढ़ावा देने के लिहाज से भी यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण मानी जा रही है। अलग-अलग आयु वर्गों की टीमों के मैदान में उतरने से प्रतियोगिता में रोमांच बढ़ने की संभावना है। विद्यार्थियों के बीच टीम भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और खेल भावना विकसित करने में भी इस तरह के आयोजनों की अहम भूमिका रहती है। आयोजकों ने विद्यालयों से अपील की है कि अधिक से अधिक पात्र छात्र खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाए, ताकि जिले में छिपी खेल प्रतिभाओं को सामने लाया जा सके। 10 अगस्त को गांधी स्टेडियम में होने वाली इस जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों की टीमें अपनी तैयारियों और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।

# श्रावण मास में शिवभक्ति का उल्लास, गंगाजल से किया गया भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** श्रावण मास के पावन अवसर पर गुरुवार को स्थानीय शिव मंदिर में श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक किया गया। संत-महात्माओं के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गंगाजल से अभिषेक कर विश्व कल्याण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनमानस के मंगल की कामना की गई।

पूजा-अर्चना से पूर्व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा के साथ मंदिर परिसर में प्रवेश किया। मंत्रोच्चार और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया गया। इसके बाद आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। श्रावण मास के अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और समाज में भाईचारे की भावना बनाए रखने की प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।



सिर पर पवित्र कलश लेकर भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए मंदिर परिसर में प्रवेश करते बरखेड़ा विधायक महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्ता नंद।





# दुकान के ताले तोड़कर नकदी-सामान समेट ले गए चोर, गांव में मचा हड़कंप

## थमने का नाम नहीं ले रहीं चोरी की घटनाएं, पुलिस से की गश्त की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय


चोरी की जानकारी देते दुकान स्वामी। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रात चोरों ने एक दुकान को निशाना बनाते हुए ताला तोड़ कर गल्ले में रखी हजारों रुपये की नकदी के अलावा बिक्री के लिए रखा अन्य सामान समेटकर फरार हो गए। दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लाह निवासी ग्रामीण की परचून की दुकान है। रोज की तरह दुकान संचालक गुरुबार को शाम दुकान बंद कर परिवार के साथ सो गया। बीती रात के समय चोरों ने दुकान का ताला तोड दिया। दुकान के अंदर घुसने के बाद चोरों ने पहले गल्ले में रखी नकदी पर हाथ साफ किया, फिर दुकान में रखा कीमती सामान भी समेट लिया। चोरी के दौरान चोरों ने दुकान के अंदर सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया। शुक्रवार को सुबह जब दुकान स्वामी दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा मिला। अंदर का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। गल्ला खुला पड़ा था और दुकान से नकदी समेत कई सामान गायब था। घटना की खबर कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

पीडित के अनुसार चोरो ने नकदी सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। लोगों ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है।

लोगों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त पर्याप्त नहीं होने से चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और क्षेत्र में सक्रिय चोर गिरोह के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की मांग की। दुकान स्वामी ने बताया कि चोरी से उन्हें हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने और सामान बरामद कराने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन अपराधियों पर बड़ी कार्रवाई, पांच आरोपी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय


हरिपुर रेंज में शिकार की तैयारी करते पकड़े गए चार आरोपियों के साथ वन विभाग की टीम। -जागरण मोर्चा

**पीलीभीत।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वन अपराधों के विरुद्ध वन विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कटान और वन्यजीवों के शिकार की कोशिश करने वालों पर कड़ा शिकंजा कसा। अलग-अलग रेंजों में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान वन विभाग ने कुल पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें एक युवक संरक्षित वन क्षेत्र में साल का पेड़ काटते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया, जबकि चार अन्य आरोपी जंगल में शिकार की तैयारी करते हुए दबोच लिए गए। सभी आरोपियों के विरुद्ध वन एवं वन्यजीव संरक्षण संबंधी प्रावधानों के तहत विधिक कार्रवाई की जा रही है।

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार टाइगर रिजर्व क्षेत्र में लगातार गश्त और सघन निगरानी के चलते वन अपराधियों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी क्रम में माला रेंज की गश्ती टीम ने ढकिया केसरपुर निवासी भूपराम पुत्र शिवचरण को संरक्षित वन क्षेत्र में प्रतिबंधित साल के पेड़ पर कुल्हाड़ी चलाते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर आरोपी को हिरासत में लिया गया तथा उसके विरुद्ध वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई।

इसी दिन हरिपुर रेंज में वन विभाग की टीम ने मुखबिर की सूचना पर जंगल में दबिश दी। यहां चार लोग वन क्षेत्र में शिकार की तैयारी करते मिले। टीम ने तत्काल घेराबंदी कर सभी आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रणजीत राय पुत्र अधीर राय, असीत ढाली पुत्र रंजन ढाली, विद्युत शील पुत्र विनय शील तथा अमित सरकार पुत्र भोला सरकार, निवासी गढ़ चांदिया हजारा बंगाली कॉलोनी, जनपद पीलीभीत के रूप में हुई।

वन अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आरोपियों के जंगल में शिकार की मंशा से प्रवेश करने के साक्ष्य मिले हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है और मामले की गहन जांच जारी है। यदि जांच में अन्य लोगों की संलिप्तता सामने आती है तो उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

वन विभाग ने स्पष्ट किया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व में अवैध कटान, वन्यजीवों के शिकार और जंगल की जैव विविधता को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। वन क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है तथा संवेदनशील इलाकों में निगरानी और कड़ी कर दी गई है।

वन अधिकारियों ने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं भी जंगल में अवैध कटान, वन्यजीवों के शिकार, संदिग्ध गतिविधियों अथवा वन अपराध से संबंधित कोई सूचना मिले तो तत्काल वन विभाग को अवगत कराएं, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई कर वन संपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग का कहना है कि टाइगर रिजर्व की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और वन अपराधियों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। किसी भी स्तर पर कानून तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# दहेज न मिलने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी न करने पर विवाहिता को मारपीट कर प्रताडित करना शुरू कर दिया। इसके बाद पीटकर उसको घर से निकाल दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नगर के मोहल्ला पंकज कालौनी निवासी गुरप्रीत कौर ने बताया कि उसकी शादी खुटार थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर सैजनिया निवासी तलबिन्दर सिंह के साथ छह साल पहले हुई थी। जिसमे मायके वालों ने अपनी हैशियत के अनुसार दहेज दिया था। कुछ ही महीनो के बाद दिए गए दहेज से संतुष्ट ससुराली संतुष्ट नही थे। आरोप है कि ससुराली अतिरिक्त दहेज में पांच लाख की नकदी या कार लाने की मांग शुरु कर दी। इसके साथ ही विवाहिता से घर छोडने की धमकी दे रहे है। मना करने पर मारपीट कर परेशान करते है। आरोप है कि ससुरालियों आए दिन मारपीट करते है। 22 जुलाई को मांग पूरी ना करने पर ससुरालियों ने मारपीट करने कर घर से निकाल दिया। बिना दहेज के वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने राजकौर,अमनदीप कौर, हरमन सिंह व मिंटू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। विवेचना के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# साइबर ठगों ने विधायक के बाद अब डिप्टी सीबीओ को धमकाया

जागरण मोर्चा कार्यालय


साइबर ठग द्वारा आयी काल को दिखाते हुए डिप्टी सीबीओ डॉक्टर योगेंद्र।

**बीसलपुर।** क्षेत्र में साइबर ठगो का आतंकलगातार जारी है। विधायक को धमकाने के बाद अब उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को धमका कर रुपए मांगना शुरू कर दिया है। डिप्टी सीबीओ से बेटे को बचाने के लिए पुलिस अधिकारी बनकर साइबर ठगो ने 50000 की धनराशि मांगी। जबकि एक अन्य कर्मचारियों से 15000 भेजने की मांग की बीसलपुर में तैनात डिप्टी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेंद्र कुमार के मोबाइल पर +92 सीरीज (पाकिस्तान का कंट्री कोड) के एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए दावा किया कि डॉक्टर के बेटे पर गंभीर दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है।

चिकित्सक को जब विश्वास नहीं हुआ तो दूसरी ओर से बेटे की आवाज मे उनसे छुड़ा लेने का आग्रह किया गया। साइबर ठगो की चाल को वह भांप गए। उन्होंने कॉल रिकॉर्डिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी की कड़क आवाज में कहा गया कि मामले को तुरंत दबाने और रफा-दफा करना चाहते हो तो तुरंत ऑनलाइन 50000 भेजो। जब डॉक्टर योगेंद्र ने साइबर ठगो से उनका पता पूछा और नगद धनराशि लेकर आने की बात कही तो उन्होंने पता बताने से इनकार कर दिया। तत्काल ऑनलाइन रुपए भेजने को दबाव बनाया। कॉल के दौरान आरोपी ने उन्हें बुरी तरह डराने और मानसिक रूप से परेशान करने की भी कोशिश की। डॉ. योगेंद्र कुमार ने हड़बड़ाने के बजाय धैर्य से काम लिया और ठग की बातों में न आकर कोई भी रकम ट्रांसफर नहीं की।

उन्होंने संबंधित कॉल का विवरण और वीडियो साक्ष्य के रूप में सुरक्षित रख लिया है। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दे दी गई है। साइबर ठगो द्वारा कॉल करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। डॉ योगेंद्र ने बताया कि ए आई के माध्यम से साइबर ठगो ने उनके बेटे की आवाज निकाल कर पुलिस का स्टडी में होने का नाटक किया था। नगर के रामदुलारी श्यामसुंदर इंटर कॉलेज के कर्मचारी राजेश कुमार के पास भी रायगढ़ साइबर ठग ने 15000 ऑनलाइन उनके खाते में भेजे जाने का मैसेज भेजा उन्होंने जब अकाउंट चेक किया तो उसमें कोई भी धनराशि नहीं आई थी। साइबर ठग ने अपने खाते में15000 भेजना के लिए धमकाया।

इधर प्रभारी निरीक्षक संजीव शुक्ला ने बताया कि यदि आपके पास पुलिस, सीबीआई, साइबर सेल या किसी अन्य सरकारी अधिकारी के नाम पर कोई कॉल आए और किसी परिजन पर केस दर्ज होने का डर दिखाकर पैसे मांगे जाएं, तो बिल्कुल न घबराएं। बिना किसी हड़बड़ी के पहले परिजनों और संबंधित विभाग से जानकारी की पुष्टि करें। किसी भी स्थिति में अनजान व्यक्ति को पैसे न भेजें। ऐसे मामले में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें।

## संक्षेप समाचार

### किसानों की आवाज बुलंद करने पूरनपुर में जुटी भाकियू (चढ़ूनी), बड़े मुद्दों पर हुआ मंथन

**पीलीभीत।** किसानों के अधिकारों की लड़ाई को और धार देने तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की तराई प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को पूरनपुर के ब्लॉक रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में आयोजित हुई। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र गिल एवं प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो ने की। बैठक में तराई क्षेत्र के नौ जिलों के जिलाध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी एवं पीलीभीत जिला कार्यकारिणी के सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संगठन की मजबूती को किसान हितों की सबसे बड़ी ताकत बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि जब तक संगठन गांव-गांव तक सक्रिय नहीं होगा, तब तक किसानों की समस्याओं का प्रभावी समाधान संभव नहीं है। कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान तेज करने, किसानों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा प्रत्येक गांव में संगठन का विस्तार करने का आह्वान किया गया। बैठक के दौरान भारत-अमेरिका ट्रेड डील पर विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि यदि व्यापारिक समझौते किसानों के हितों के विपरीत हुए तो उनका लोकतांत्रिक तरीके से विरोध किया जाएगा। इसके साथ ही लखीमपुर खीरी के तिकुनिया कांड में आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग दोहराई गई। गन्ना मूल्य, सिंचाई, बिजली, एमएसपी और क्षेत्रीय किसान समस्याओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि संगठन केवल आंदोलन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि किसानों की रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान का मजबूत माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान हित सर्वोपरि हैं और संगठन हर स्तर पर किसानों की आवाज बुलंद करता रहेगा। बैठक में लखीमपुर खीरी के जिलाध्यक्ष बलकार सिंह, शाहजहांपुर के जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव, बदायूं के जिलाध्यक्ष सतीश साहू, बरेली के जिलाध्यक्ष केशव सिंह सोलंकी, रामपुर के जिलाध्यक्ष हरदीप सिंह, लखनऊ मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार, बरेली मंडल अध्यक्ष शीशपाल यादव सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। अंत में किसानों के हितों की लड़ाई को और मजबूत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

### संत रविदास की पावन माटी का पीलीभीत में भव्य स्वागत, समरसता का संदेश गूंजा

**पीलीभीत।** भारतीय जनता पार्टी के समरसता संकल्प अभियान के अंतर्गत संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में उनकी जन्मस्थली सीर गोवर्धन, वाराणसी से लाई गई पावन माटी युक्त कलश वंदन यात्रा का शुक्रवार को पीलीभीत के बरहा मंडल में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने किया। बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पावन कलश का पूजन-अर्चन किया गया और संत रविदास महाराज के भजनों एवं कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि संत रविदास केवल एक महान संत ही नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और मानवता के अमर प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि मनुष्य की पहचान उसके जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म, चरित्र और सेवा से होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा का समरसता संकल्प अभियान समाज के सभी वर्गों को जोड़ने और संतों की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर संत रविदास के विचारों का प्रचार-प्रसार करने तथा सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री ऋचा सिंह पटेल, विकास वाल्मीकि, सत्यपाल वर्मा, अभिषेक सिंह 'गोल्डी', विवेक शुक्ला, मनोज शर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संत रविदास के आदर्शों पर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# गन्ने के खेत में मिला युवक का शव, सनसनी

जागरण मोर्चा कार्यालय


शव मिलने के बाद मौके पर जांच करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरसिया-खाण्डेपुर मार्ग पर सड़क किनारे गन्ने के खेत में शुक्रवार सुबह एक 32 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुक्रवार सुबह करीब 09:15 बजे ग्राम प्रधान बरसिया ने पुलिस को सूचना दी कि सड़क किनारे पूर्व प्रधान बुद्धपाल सिंह के गन्ने के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। खबर मिलते ही प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला पुलिस बल के साथ तत्काल घटनास्थल पर पहुँचे और जाँच शुरू की। पुलिस द्वारा की गई छानबीन और शिनाख्त के प्रयास के बाद मृतक की पहचान 32 वर्षीय सुबोध पुत्र सुरेश चंद्र, निवासी ग्राम खाण्डेपुर के रूप में हुई। स्थानीय लोगों व ग्रामीणों से पूछताछ में सामने आया कि सुबोध मानसिक रूप से अस्वस्थ था और उसे शराब व नशे की लत थी। परिजनों के संबंध में जानकारी जुटाने पर पता चला कि मृतक के पिता की भी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वर्तमान में गाँव में उनके परिवार का अन्य कोई सदस्य नहीं रहता है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि घटना के संबंध में अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। फिलहाल मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है।

# भाकियू चढ़ूनी की प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय


बैठक में मौजूद संगठन के लोग। -जागरण मोर्चा

**पूरन पुर।** शुक्रवार को नगर के ब्लॉक रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की तराई प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र गिल ने की, जबकि संचालन प्रदेश सचिव गुरबिंदर सिंह के नेतृत्व में किया गया। बैठक में तराई क्षेत्र के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा ग्रामीण स्तर तक विस्तार करने को लेकर चर्चा की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन को मजबूत करना समय की आवश्यकता है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र गिल ने कहा कि किसानों की आवाज को मजबूती देने के लिए सभी किसानों का एक मंच पर आना जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को किसानों तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं, कृषि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों और आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। पदाधिकारियों ने कहा कि यदि यह समझौता किसानों के हितों को प्रभावित करता है तो संगठन इसका विरोध करेगा। बैठक में लखीमपुर के जिला अध्यक्ष बलकार सिंह,शाहजंहापुर के जिला अध्यक्ष भारत सिंह यादव,बदायूं के जिला अध्यक्ष सतीश साहू,बरेली के जिला अध्यक्ष केशव सिंह सोलंकी,रामपुर के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह,लखनऊ मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार,बरेली मंडल अध्यक्ष शीशपाल सहित कई मौजूद रहे।

**मनमानी** | जल निगम के ठेकेदारों की तानाशाही

# मसेली में सड़कें खोदकर छोड़े गड्ढे, हादसे का बना डर

जागरण मोर्चा कार्यालय



जल निगम के ठेकेदारों द्वारा सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे। -जागरण मोर्चा

**बीसलपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव मसेली में जल निगम के अधिकारियों और ठेकेदारों की घोर लापरवाही चरम पर है। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के नाम पर गांव की मुख्य सड़कों समेत कई अंदरूनी रास्तों को खोदकर महीनों से गड्ढों में तब्दील कर छोड़ दिया गया है। हालत यह है कि गांव की मेन रोड के ठीक किनारे पिछले कई दिनों से एक बड़ा गड्ढा खुला पड़ा है, जिससे हर पल किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है।

जलभराव व रास्तों के बदहाल होने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और राहगीरों का चलना दूभर हो गया है। रात के समय अंधेरे में लोग आए दिन इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्राम प्रधान मोहम्मद इश्तियाक ने बताया कि उन्होंने जल निगम के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है और मरम्मत कराने की मांग की है। लेकिन विभाग और इसके मनमौजी ठेकेदार अपनी मनमानी पर आमादा हैं। प्रधान की बात को भी नजरअंदाज कर काम अधूरा छोड़कर काम बंद कर दिया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम के ठेकेदार और अधिकारी इतने लापरवाह हो चुके हैं कि उन्हें जनसमस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जागेगा। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि मामले का तत्काल संज्ञान लेकर लापरवाह ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए और खुले गड्ढों को भरकर सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए, ताकि हादसों पर रोक लग सके।

# टुकटुक हटाने की बात पर युवक के साथ मारपीट

**घुंघचाई।** गांव लुकटिहाई निवासी राजेन्द्र कुमार ने बताया कि पांच अगस्त को चौराहे पर दो टुकटुक खड़े दिखे, इस पर उसने टुकटुक चालक से कहा टुकटुक को साइड में खड़े कर लो,यंहा से गुजरने वाले वाहन दिखाई नही देते है और हादसे हो जाते है।

आरोप है कि इसी बात से नाराज गांव निवासी एक ग्रामीण व अन्य लोग उसको गंदी गंदी गालियां देने लगे,विरोध करने पर मारपीट की, मारपीट में जान से मारने की नीयत से उस पर हमला कर दिया। जिससे उसको चोटे आंई हैं। शिकायत पर जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाही की मांग की।

# गांव भगवानपुरी में विद्युतीकरण योजना बनी मजाक

## आठ साल बाद भी नहीं लगा ट्रांसफार्मर, भेजा मांग पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय


झाडियों व घासफूंस से ढंके बिजली के पोल। -जागरण मोर्चा

**पूरनपुर।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत बैलहा के मजरा भगवानपुरी में ग्रामीण पिछले आठ वर्षों से बिजली की सुविधा का इंतजार कर रहे हैं। वर्ष 2018-19 में गांव में विद्युतीकरण के नाम पर बिजली के खंभे लगाए गए और करीब 35 घरों तक विद्युत लाइन भी खींच दी गई। लेकिन आज तक ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। आज भी अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत लाइन बिछाने वाली कंपनी के कर्मचारियों ने बिजली कनेक्शन दिलाने के नाम पर उनसे पैसे भी वसूल लिए, लेकिन इसके बाद न तो कनेक्शन मिले और न ही गांव में बिजली आपूर्ति शुरू हो सकी। वर्षों पहले लगाए गए बिजली के खंभे और उन पर डाले गए तार अब अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहे हैं। लंबे समय से बिजली आपूर्ति शुरू न होने के कारण तारों पर झाड़ियां और बेलें उग आई हैं। कई स्थानों पर खंभों के आसपास घास-फूस और झाड़ियां फैल गई हैं।

भाजपा नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजीत सिंह ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री को पत्र भेजकर गांव में तत्काल ट्रांसफार्मर स्थापित कराने और बिजली आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है। उन्होंने पत्र में बताया कि भगवानपुरी में विद्युतीकरण का कार्य वर्षों पहले पूरा दिखा दिया गया। लेकिन ट्रांसफार्मर न लगाने के कारण योजना का लाभ आज तक नहीं मिल सका।

उन्होंने आरोप लगाया कि कनेक्शन के नाम पर ग्रामीणों से धनराशि वसूले जाने के बावजूद उन्हें बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई। मंजीत सिंह ने कहा कि यह विभागीय लापरवाही का गंभीर मामला है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से गांव में शीघ्र ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति शुरू कराने की मांग की है।

# पहले दिन श्रीलंका ने आठ विकेट पर 363 रन बनाए

## जडेजा-कुलदीप और मानव को दो-दो विकेट

एजेंसी न्यूज

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका-क के बीच खेले जा रहे तीन दिवसीय वॉर्म-अप मुकाबले के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया। मेजबान टीम ने आठ विकेट पर 363 रन बना लिए हैं। वहीं, भारत की ओर से रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और मानव सुथार ने दो-दो विकेट झटके हैं।

भारतीय गेंदबाजों को तीन दिवसीय अभ्यास मैच के पहले दिन श्रीलंका के युवा बल्लेबाजों से कड़ी चुनौती मिली। हालांकि, आखिरी सत्र में कुलदीप यादव की अगुआई में स्पिनरों ने वापसी करते हुए श्रीलंका क्रिकेट इलेवन को दिन का खेल खत्म होने तक 8 विकेट पर 363 रन पर रोक दिया। यह मुकाबला प्रथम श्रेणी मैच का दर्जा नहीं रखता है। दोनों टीमों को पहले और दूसरे दिन 90-90 ओवर तथा तीसरे दिन 45-45 ओवर बल्लेबाजी करने का मौका मिलेगा।

करीब पांच सप्ताह बाद लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी कर रहे भारतीय तेज गेंदबाजों में शुरूआती जंग की कमी नजर आई। मोहम्मद सिराज ने 13 ओवर में 44 रन और प्रसिद्ध कृष्णा ने आठ ओवर में 32 रन दिए, लेकिन दोनों को कोई विकेट नहीं मिला। गोरनूर बराड़ एकमात्र तेज गेंदबाज रहे,




जिन्होंने प्रभावित किया और 12 ओवर में 49 रन देकर एक विकेट लिया।

श्रीलंका इलेवन के सलामी बल्लेबाज निशान फर्नांडो ने 65 गेंदों पर 66 रन की तेजतर्रार पारी खेली। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाजों का आत्मविश्वास के साथ सामना किया। फर्नांडो ने रविंदु रसनथा के साथ पहले विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। रसनथा ने 143 गेंदों पर 71 रन बनाए। फर्नांडो हाल ही में वेस्टइंडीज दौरे पर श्रीलंका की टेस्ट टीम का हिस्सा रहे थे। उनकी पारी का अंत दुर्भाग्यपूर्ण रन आउट के रूप में हुआ।

श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने भारतीय गेंदबाजों को शुरूआत में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दिन के अंतिम सत्र में स्पिनरों ने मैच का रुख बदलने की कोशिश की। कुलदीप यादव ने शुरूआती स्पेल में पांच ओवर में 29 रन खर्च किए, लेकिन इसके बाद उन्होंने अपनी गेंदों की गति में शानदार बदलाव किया और बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें पैदा कीं। कुलदीप ने 18 ओवर में 76 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने अहान विक्रमसिंघे को शॉर्ट फाइन लेग पर कैच कराया, जबकि अंजला बांदारा को अपनी आर्म-बॉल से एलबीडब्ल्यू किया।

बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने 11 ओवर में 30 रन देकर एक विकेट हासिल किया। उन्होंने रसनथा को फ्लाइट से चकमा देकर आउट किया, जब बल्लेबाज आगे बढ़कर गेंद की पिच तक नहीं पहुंच सका। बाद में उन्होंने दूसरी नई गेंद से सोनल दिनूषा का विकेट भी हासिल किया। अनुभवी रवींद्र जडेजा ने भी 15 ओवर में 64 रन देकर दो विकेट लिए, लेकिन वह अपनी लय में नजर नहीं आए। हालांकि, जब उन्होंने स्टंप्स पर सीधा हमला किया तो उन्हें सफलता मिली।

श्रीलंका की ओर से मध्यक्रम में सोनल दिनूषा ने 72 गेंदों पर 52 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। उन्होंने कुलदीप की कलाई से निकलने वाली गेंदों को अच्छी तरह पढ़ा और एक शानदार सीधा छक्का भी लगाया। दिनूषा ने रमेश मेंडिस (32) के साथ सातवें विकेट के लिए 64 रन जोड़े। दिनूषा हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच में 92 रन की पारी खेल चुके हैं। उनकी पारी में खास तौर पर स्लॉग स्वीप प्रभावी रहा।

भारतीय कप्तान शुभमन गिल प्रशिक्षण सत्र के दौरान लगी चोट के कारण पहले दिन मैदान पर नहीं उतरे। ऐसे में दिन के प्रदर्शन के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर और टीम प्रबंधन के पास गेंदबाजी संयोजन को लेकर विचार करने के लिए कई पहलू होंगे।

## भारत-श्रीलंका टेस्ट सीरीज के लिए प्रशंसकों को बड़ा तोहफा, एसएलसी ने गॉल और कोलंबो में की फ्री एंट्री

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने भारत के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए क्रिकेट प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। बोर्ड ने शुक्रवार को घोषणा की कि गॉल और कोलंबो में होने वाले दोनों टेस्ट मैचों में दर्शकों को मुफ्त प्रवेश दिया जाएगा। भारत और श्रीलंका के बीच यह सीरीज आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 चक्र का हिस्सा है।

सीरीज का पहला टेस्ट 15 से 19 अगस्त तक गॉल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद दोनों टीमें दूसरे टेस्ट के लिए कोलंबो जाएंगी, जहां 23 से 27 अगस्त तक सिन्हलीज स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर मुकाबला होगा।श्रीलंका क्रिकेट ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए आम दर्शकों का प्रवेश निशुल्क रहेगा, ताकि क्रिकेट प्रशंसकों को विश्व स्तरीय टेस्ट क्रिकेट देखने का शानदार अवसर मिल सके।

मैचों के दौरान संभावित बड़ी संख्या में दर्शकों की आवाजाही को सुचारू बनाए रखने के लिए एसएलसी ने दोनों स्टेडियमों में प्रवेश के लिए निर्धारित गेट भी बताए हैं। गॉल टेस्ट देखने वाले दर्शक गेट नंबर 4 से मैदान में प्रवेश कर सकेंगे। वहीं, कोलंबो टेस्ट के लिए गेट नंबर 3, 4, 5 और 7 से प्रवेश दिया जाएगा। एसएलसी ने देशभर के क्रिकेट प्रेमियों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और खेल प्रशंसकों से इस पहल का लाभ उठाने और भारत-श्रीलंका के बीच अंतरराष्ट्रीय टेस्ट क्रिकेट का रोमांच करीब से देखने की अपील की है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भारत फिलहाल पांचवें स्थान पर है, जबकि श्रीलंका छठे पायदान पर है। भारत ने अपना पिछला टेस्ट जून में अफगानिस्तान के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेले गए एकमात्र टेस्ट में खेला था। ऐसे में आगामी सीरीज में अच्छा प्रदर्शन भारत के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल की दौड़ में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिहाज से महत्वपूर्ण होगा। श्रीलंका दौरे के साथ सुभदीप घोष भारतीय टीम के फील्डिंग कोच के तौर पर अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे।

## रोड्रिगिन्हो ने दागे पांच गोल, एससी दिल्ली ने डिफेंडर्स एफसी को 7-0 से रौंदा

एजेंसी न्यूज



**रांची।** ब्राजील के स्ट्राइकर रोड्रिगिन्हो ने अपने पहले ही मुकाबले में पांच गोल दागकर 135वें इंडियनऑयल डूरंड कप में धमाकेदार आगाज किया। उनकी शानदार फिनिशिंग की बदौलत एससी दिल्ली ने ग्रुप-सी के मुकाबले में डिफेंडर्स एफसी को 7-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ एससी दिल्ली ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए दो मैचों में छह अंक हासिल कर ग्रुप में शीर्ष स्थान पर कब्जा कर लिया और क्वार्टर फाइनल की दावेदारी मजबूत कर ली। वहीं, डिफेंडर्स एफसी लगातार तीसरी हार के साथ बिना अंक के टूर्नामेंट से बाहर हो गई।

बिरसा मुंडा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में एससी दिल्ली ने शुरूआत से ही दबदबा बनाया। रोड्रिगिन्हो ने छठे, आठवें और 12वें मिनट में गोल कर महज 13 मिनट में हैट्रिक पूरी कर दी। इसके बाद 34वें मिनट में मोहम्मद ऐमेन ने गोल कर पहले हाफ में ही स्कोर 4-0 कर दिया। दूसरे हाफ में डिफेंडर्स एफसी ने कुछ हद तक बेहतर रक्षात्मक खेल दिखाया, लेकिन एससी दिल्ली का दबाव लगातार बना रहा। 89वें मिनट में रोड्रिगिन्हो ने अपना चौथा गोल किया। इंजुरी टाइम के दूसरे मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी जुआन सेबास्टियन पेना ने छठा गोल दागा, जबकि पांचवें मिनट में रोड्रिगिन्हो ने अपना पांचवां और टीम का सातवां गोल कर जीत पर मुहर लगा दी। पूरे मैच में एससी दिल्ली ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार आक्रामक खेल दिखाया। रोड्रिगिन्हो का पांच गोल का प्रदर्शन इस सत्र के डूरंड कप के सबसे यादगार व्यक्तिगत प्रदर्शनों में शामिल हो गया और भारतीय फुटबॉल में उनके आगमन को बेहद खास बना दिया।

## फीफा अध्यक्ष इन्फेंटिनो पर बढ़ा इस्तीफे का दबावः नॉर्वे फुटबॉल महासंघ ने जताया विरोध, कहा- नए नेतृत्व की जरूरत

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो पर इस्तीफे का दबाव बढ़ता जा रहा है। नॉर्वेजियन फुटबॉल फेडरेशन (एनएफएफ) की अध्यक्ष लिसे क्लावेनस ने सार्वजनिक रूप से इन्फेंटिनो से पद छोड़ने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रशासनिक संकट के बीच विश्व फुटबॉल का नेतृत्व करने के लिए इन्फेंटिनो जरूरी संस्थागत भरोसा खो चुके हैं।



एनएफएफ की मासिक बोर्ड बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में क्लावेनस ने कहा कि फीफा और उसके प्रमुख हितधारकों के बीच भरोसा गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। उन्होंने यह टिप्पणी फीफा के उस निवेश प्रस्ताव को लेकर हुए विवाद के बाद की, जिसे बाद में वापस ले लिया गया था।

क्लावेनस ने बीबीसी के हवाले से कहा, 'जियानी इन्फेंटिनो के पास अब फीफा का स्थिर तरीके से नेतृत्व करने के लिए जरूरी संस्थागत भरोसा नहीं है। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल समुदाय मुश्किल दौर से गुजर रहा है और हमारा मानना है कि नए नेतृत्व की जरूरत है। इसलिए हम फीफा अध्यक्ष से इस्तीफा देने के लिए कहेंगे।'

फीफा ने अपने प्रस्तावित निवेश प्लान के तहत विश्व कप से जुड़े वाणिज्यिक अधिकारों में अल्पमत हिस्सेदारी बेचने की योजना बनाई थी। इस प्रस्ताव का कई फुटबॉल संघों और परिसंघों ने विरोध किया था। खासकर यूरोप में इसे लेकर शासन व्यवस्था, पारदर्शिता और विश्व कप पर भविष्य के नियंत्रण से जुड़े सवाल उठाए गए थे। क्लावेनस ने कहा कि नॉर्वे को उम्मीद है कि आने वाले हफ्तों में यूईएफए के और सदस्य देश उसके रुख का समर्थन करेंगे।

## त्योहारी सीजन से पहले महंगाई का झटका

### तांबा-एल्यूमीनियम में उछाल, एसी-फ्रिज से स्मार्टफोन तक बढ़ सकते हैं दाम

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारी सीजन में अगर आप नया टीवी, फ्रिज, एसी, वाशिंग मशीन या नई ?गाड़ी खरीदने की योजना बना रहे हैं, तो जेब थोड़ी और ढीली करनी होगी।?वैश्विक बाजारों में मची उथल-पुथल और आपूर्ति संकट के चलते तांबा, एल्युमीनियम, जिंक और निकल जैसी औद्योगिक धातुओं की कीमतें तेज रफ्तार से बढ़ी हैं। लंदन मेटल एक्सचेंज पर तांबे का तीन महीने का औसत भाव 1.8 फीसदी तक




बढ़कर 14,369.50 डॉलर प्रति टन पहुंच गया, जो 29 जनवरी के बाद का उच्चतम स्तर है। इस खबर के बाद भारत में भी तांबे के भाव 2.56 फीसदी उछलकर 1304.90 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। एक महीने पहले यह 1187.85 रुपये प्रति किलोग्राम था। एल्युमीनियम में भी पांच फीसदी की तेजी आई है।? दरअसल, कांगो ने कॉपर और कोबाल्ट कंसंट्रेट के निर्यात पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम घरेलू प्रसंस्करण को बढ़ावा देने और अपने खनिज संसाधनों से अधिक मूल्य बनाए रखने के प्रयासों को तेज करने के तहत उठाया गया है।

## 2000 से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर लग सकता है चार्ज!

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** क्या 2,000 रुपये से ज्यादा के यूपीआई पेमेंट पर चार्ज लग सकता है? संसद से एक संशोधन विधेयक पारित होने के बाद यही चर्चा सबसे ज्यादा हो रही है। विपक्ष का दावा है कि सरकार मुफ्त यूपीआई की कानूनी गारंटी खत्म कर रही है, जबकि केंद्र सरकार का कहना है कि अभी यूपीआई पर कोई शुल्क नहीं लगाया गया है। दरअसल, कानून में ऐसा बदलाव किया गया है, जिससे भविष्य में सरकार जरूरत पड़ने पर डिजिटल भुगतान माध्यमों पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने का फैसला ले सकती है।

ऐसे में आइए जानते हैं कि संसद से कौन सा बिल पास हुआ है? आखिर पहले कानून क्या कहता था? अब कानून में क्या बदला गया है? यूपीआई पर क्या चार्ज लगेगा? आरबीआई का इस पर क्या कहना है? सरकार का पक्ष क्या है? विपक्ष क्या आरोप लगा रहा है? इसका आम उपभोक्ताओं पर कैसे असर होगा? 6 अगस्त को लोकसभा में टैक्सेशन एंड अदर लॉज (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित हुआ। इसी विधेयक के जरिए पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 की धारा 10अ में संशोधन किया गया है। यह




संशोधन देखने में छोटा लग सकता है, लेकिन डिजिटल भुगतान व्यवस्था के लिहाज से इसे अहम माना जा रहा है क्योंकि इससे सरकार को पहली बार यह अधिकार मिलेगा कि वह अधिसूचना जारी कर तय करे कि किन इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यमों पर शून्य एमडीआर रहेगा और किन पर शुल्क लगाया जा सकेगा।

इस बदलाव को समझने के लिए पुराने नियम को समझना जरूरी है। साल 2019 में सरकार ने देश में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए आयकर अधिनियम में धारा 269रव जोड़ी थी। इसके तहत एक निश्चित कारोबार वाले व्यापारियों के लिए डिजिटल भुगतान स्वीकार करना अनिवार्य किया गया था। इसके साथ ही पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 में धारा 10अ जोड़ी गई थी।

## भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.5 अरब डॉलर बढ़कर 692.87 अरब डॉलर हुआ

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार बताया कि 31 जुलाई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 10.512 अरब डॉलर बढ़ गया। यह बढ़कर 692.866 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। यह लगातार दूसरा सप्ताह है जब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में भी कुल भंडार में वृद्धि हुई थी। तब यह 6.118 अरब डॉलर बढ़कर 682.354 अरब डॉलर हो गया था। यह वृद्धि देश की आर्थिक स्थिति के लिए एक मजबूत संकेत है।

इस वर्ष 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में भंडार 728.494 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर था। हालांकि, पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने के बाद इसमें कई सप्ताह तक



गिरावट आई। रुपये पर दबाव बढ़ने के कारण आरबीआई को विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा। केंद्रीय बैंक ने डॉलर बेचकर रुपये को सहारा दिया था। वर्तमान वृद्धि उस गिरावट से उबरने में मदद कर रही है।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 31 जुलाई को समाप्त सप्ताह के लिए विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 8.75 अरब डॉलर बढ़ गईं। यह भंडार का सबसे बड़ा घटक है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों से पता चला कि यह बढ़कर 564.68 अरब डॉलर हो गया। डॉलर के संदर्भ में, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में यूरो, पाउंड और जापानी येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्य में उतार-चढ़ाव शामिल होता है। इसके साथ ही, स्वर्ण भंडार का मूल्य भी 1.685 अरब डॉलर बढ़कर 104.743 अरब डॉलर हो गया है।

## अमेरिका भारत का सबसे बड़ा एलपीजी आपूर्तिकर्ता बना

**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा संकट और भौगोलिक अस्थिरताओं के बीच भारत के ऊर्जा आयात पैटर्न में एक बड़ा रणनीतिक बदलाव आया है। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के अनुसार, अब अमेरिका भारत के कुल एलपीजी आयात में लगभग 67 फीसदी हिस्सेदारी के साथ देश का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बनकर उभरा है। यह आंकड़ा इसलिए ऐतिहासिक है क्योंकि चालू वर्ष की शुरूआत में सरकार ने अपनी कुल एलपीजी आवश्यकता का केवल 10 फीसदी हिस्सा ही अमेरिका से आयात करने की योजना बनाई थी। यह तीव्र बदलाव न केवल भारत



की रणनीतिक सूझबूझ को दिखाता है, बल्कि वैश्विक झटकों से घरेलू अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने की भारत की बढ़ती क्षमता को भी रेखांकित करता है।

इस वर्ष की शुरूआत में जब सरकार ने अमेरिका से अपनी एलपीजी आवश्यकता का 10 प्रतिशत आयात करने का स्वतंत्र फैसला लिया था, तब इसका हॉर्मुज जलडमरूमध्य के घटनाक्रमों से कोई सीधा संबंध नहीं था। उस समय नीति विश्लेषकों ने इस बात पर सवाल भी उठाए थे कि जब भारत के पास भौगोलिक रूप से अधिक नजदीक एलपीजी आपूर्तिकर्ता देश मौजूद हैं, तो इतनी दूर से आयात करने की क्या आवश्यकता है। लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए लिया गया वह स्वतंत्र फैसला आज बेहद महत्वपूर्ण साबित हुआ है। आज अमेरिका से होने वाला आयात देश की कुल आयातित एलपीजी जरूरतों का 67 फीसदी हिस्सा बन चुका है।

## शेयर बाजार लाल निशान पर बंद

### सेंसेक्स 456 अंक गिरा, निफ्टी 24600 से फिसला

एजेंसी न्यूज

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को लाल निशान पर बंद हुए। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में नई लॉन्च की गई क्लोजिंग नीलामी सत्र के कारण भिन्नता देखी गई। इस सत्र ने बाजार बंद होने के समय सूचकांकों के प्रदर्शन में अंतर पैदा किया।



बीएसई सेंसेक्स 455.59 अंक या 0.58 फीसदी गिरकर 78,499.17 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 577.69 अंक तक लुढ़क गया था। एनएसई निफ्टी 65.35 अंक या 0.27 फीसदी की गिरावट के साथ 24,570.65 पर समाप्त हुआ। दिन में निफ्टी 113.25 अंक तक नीचे आया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में बजाज फाइनेंस 5.90 फीसदी और बजाज फिनसर्व 4.18 फीसदी गिरे। आईसीआईसीआई बैंक, ट्रेंट, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स भी पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और टेक महिंद्रा बढ़त वाले शेयरों में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.35 फीसदी की गिरावट के साथ 82.20 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार, 6 अगस्त को 17.86 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोनमुडी आर ने बताया कि स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज वार्ता को लेकर नई अनिश्चितता ने भारतीय शेयर बाजारों को प्रभावित किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
*नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु संपर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।